सुप्रभात

रांची, शनिवार

28.10.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ





khabarmantra.net | आश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 106



06 शहरीकरण से जुड़ी योजनाओं की पड़ताल







## न्यूज डायरी

### मां का इलाज कराने दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री

**रांची।** मां रुपी सोरेन की इलाज कराने के लिए सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली पहुंच गये हैं। उनकी मां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। बुधवार को श्री सोरेन की पत्नी अपनी सास को रांची से इलाज के लिए दिल्ली लेकर गयी थीं।

### मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा, जुर्माना भी

**गाजीपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट में जज दुर्गेश की अदालत ने माफिया सरगना मुख्तार अंसारी और उनके करीबी भीम सिंह को 1996 के गैंगस्टर मुकदमे में दोषी पाते हुए 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनायी है। 26 साल बाद फैसला आया है।

### कुएं से मिला पांच वर्षीय बच्चे का शव

**पलामू।** पाटन प्रखंड के सूठा गांव स्थित एक कुएं से पांच वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया गया। बच्चा गुरुवार शाम से लापता था। उसे ढूंढ़ा जा रहा था। रात में छानबीन के दौरान स्थानीय लोगों एवं पुलिस ने गांव के कुएं में शव तैरता देखा।

### सतत हरित ग्रह समय की मांग : द्रौपदी मुर्मू

**चेन्नई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सतत हरित ग्रह समय की मांग है जबकि ब्लू इकोनॉमी सभी के लिए प्रचुर धन और लाभ लाती है। वह शुक्रवार को यहां शहर के बाहरी इलाके में ईसीआर में भारतीय समुद्री विवि (आईएमयू) के आठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया कर रही थीं।

### पिकअप वैन और बाइक की भिड़ंत में तीन की मौत

**दुमका।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर जियापानी डाउन के समीप शुक्रवार को पिकअप वैन एवं बाईक की भिड़ंत में चाचा-भतीजा समेत तीन की मौत हो गयी। मृतकों में अमड़ा पाड़ा गांव के जाहेर टोला निवासी बिट्टू मरांडी (18), बाबूलाल मरांडी उर्फ दरिया (19), निपनिया गांव के जोहन (22) शामिल है।

### बाउरी व उनकी पत्नी की संपत्ति खंगाल रही एसीबी

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की संपत्ति का ब्यौरा खंगाल रही है। साथ ही एसीबी अमर बाउरी की पत्नी कल्याणी देवी के नाम से खरीदी गयी अचल संपत्ति की भी जानकारी जुटाने में लगी है।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# अपने पहले ही मैच में भारत ने 7-1 से थाइलैंड को रौंदा

## रांची में हॉकी महाकुंभ : हैट्रिक गोल दागनेवाली झारखंड की संगीता प्लेयर आफ द मैच

**चैंपियंस ट्राफी**

- पहले मैच में जापान ने 3-0 मलयेशिया को, चीन को कोरिया ने 1-0 से हराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शुक्रवार से शुरू वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्राफी (2023) के अपने पहले ही मैच में मेजबान भारत ने थाईलैंड को 7-1 से धो डाला। प्रतियोगिता का यह तीसरा मैच था। भारत की ओर खेलते हुए झारखंड की बेटियों संगीता कुमारी, सलीमा टेटे और निक्की प्रधान ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। संगीता कुमारी ने तीन शानदार गोल दाग कर हैट्रिक लगायी। शानदार प्रदर्शन के कारण संगीता कुमारी को प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया। इससे पूर्व रांची के मरांग गोमके एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच ट्राफी के उद्घाटन मैच में जापान ने 3-0 मलयेशिया को हराया। वहीं दूसरे मैच में चीन को दक्षिण कोरिया ने 1-0 से हराया था। आज की शनदार जीत के साथ ही भारत की बेटियां पिछले एशियन गेम्स में मिली पराजय का बदला लेने को तैयार हैं। चीन में हमारी बेटियां स्वर्ण से चूक गयीं थीं।

**शुरू से ही भारत हावी रहा**

मेजबान भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही जोरदार आक्रमण कर थाईलैंड के खिलाड़ियों को परेशान कर दिया। लगातार हो रहे हमले से विपक्षी टीम के खिलाड़ी प्रेशर में आ गयी। अपने दर्शकों के बीच भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बुलंद था। हर शॉट पर इंडिया-इंडिया का नारा पूरे स्टेडियम में गूंजता रहा। पहले क्वार्टर के 7वें ही मिनट में मोनिका ने फील्ड गोलकर टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिला दी। 15वें मिनट में झारखंड की सलीमा टेटे ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोलकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। दूसरा क्वार्टर बेहद रोमांचक रहा। 2 गोल से पिछड़ने के बाद थाईलैंड की खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए आक्रमक खेल खेला। 22वें मिनट में थाईलैंड को मिले पेनल्टी कॉर्नर पर सामांसो सुपांसा ने गोलकर गोल का अंतर 1-2 कर दिया। लेकिन टीम इंडिया के लिए झारखंड की संगीता कुमारी ने 29वें मिनट में बेहतरीन फिल्ड गोलकर स्कोर को 3-1 कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने एक-एक कर शानदार सात गोल दागे जो निर्णायक रहा। झारखंड की ओर से संगीता कुमार ने शनदार हैट्रिक लगायी।



इससे पूर्व झारखंड खेल मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री बादल पत्रलेख, सत्यानंद भोक्ता, सीएम के प्रधान सचिव सुखदेव सिंह, खेल सचिव मनोज कुमार, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने दीप जला कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। हॉकी इंडिया ने सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर स्वागात किया। मैच के दौरान आतिशबाजी ने चार-चांद लगा दिया। उदघाटन समारोह में शानदार आतिशबाजी ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पहले मैच का उद्घाटन हफीजुल हसन, डीजीपी अजय कुमार सिंह व आयुक्त अरूण कुमार सिंह, महासचिव भोलानाथ सिंह ने किया।

**ऐसे हुआ गोल**

| गोल | समय | कौन किया |
|---|---|---|
| 1. | 7वां मिनट | मोनिका |
| 2. | 15वां मिनट | सलीमा टेटे |
| 3. | 29वां मिनट | संगीता कुमारी |
| 4. | 40वां मिनट | दीपिका कुमारी |
| 5. | 45वां मिनट | संगीता कुमारी |
| 6. | 45वां मिनट | संगीता कुमारी |
| 7. | 52वां मिनट | लालरेमसियामी |

22वें मिनट में थाइलैंड की समोंसो सुपांसा ने भी गोल किया।

**जापानी गुड़ियों ने मन मोहा :** चैंपियनशिप के उद्घाटन मैच में जापानी गुड़िया ने रांची के लोगों का मन मोह लिया। जापान ने मलयेशिया पर तीन-शून्य से जीत दर्ज की। जापान की ओर से पहला गोल रिका ओगावा ने किया। 43वें मिनट में, दूसरा गोल तोयरमा मई ने तीसरे क्वार्टर में दागा गया। 54वें मिनट में योत्सुपो कोबायाकावा ने तीसरा गोल दागा। जापान और मलेशिया के बीच 2013 से अब तक आठ बार मुकाबला हुआ है। इसमें 6 बार जापान ने जीत हासिल की है।

# टाटा ग्रुप्स अब देश में ही बनायेगा आइफोन

- विस्ट्रॉन फैक्ट्री का किया अधिग्रहण, दुनिया भर में होगा निर्यात

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आने वाले ढाई साल में टाटा ग्रुप्स भारत में शीघ्र ही आइफोन का निर्माण शुरू कर देगा। ये डिवाइस भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर के आईफोन प्रशंसकों तक पहुंचाया जायेगा। टाटा ग्रुप्स ने भारत में आइफोन बनाने वाली विस्ट्रॉन फैक्ट्री का अधिग्रहण कर लिया है। आइटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कंफर्म किया है कि टाटा ग्रुप जल्द भारत में आईफोन को बनाना शुरू कर देगा जिन्हें भारत के साथ-साथ दुनियाभर में एक्सपोर्ट किया जायेगा। राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा कि मंत्रालय वैश्विक भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के विकास में पूरी तरह से समर्थन में खड़ा है, जो भारत को अपना विश्वसनीय मैन्युफैक्चरिंग और टैलेंट पार्टनर बनाना चाहते हैं और भारत को वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स शक्ति बनाने के पीएम के लक्ष्य को साकार करना चाहते हैं।

**कंपनी का अधिग्रहण**

उन्होंने बताया कि टाटा ग्रुप्स ने भारत में आइफोन बनाने वाली विस्ट्रॉन फैक्ट्री पर अधिग्रहण कर लिया है। यह कंपनी भारत के कर्नाटक राज्य के साउथईस्ट में स्थित है। विस्ट्रॉन ने 2008 में भारत में अपनी शुरुआत की थी। उस समय यह कई कंपनियों के डिवाइस के लिए रिपेयरिंग का काम करती थी। बाद में लगभग 9 साल बाद कंपनी ने अपना बिजनेस बढ़ाते हुए आईफोन मैन्युफेक्करिंग का काम शुरू किया। टाटा और विस्ट्रॉन की डील लगभग एक साल से चल रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई है। 2024 में इस फैक्ट्री से 1.8 बिलियन आईफोन को मैन्युफेक्कर किया जायेगा। साथ ही कंपनी मेनफोर्स भी बढ़ाने का विचार कर रही है, फिलहाल इस फैक्ट्री में 10000 लोग काम करते हैं। रिपोर्ट में यह भी पता चला है कि विस्ट्रॉन को भारत में नुकसान का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि एपल उससे फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन के मुकाबले ज्यादा मार्जिन लेता है।

## 16 से जनता के बीच जायेंगे सीएम हेमंत

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से 27 अक्टूबर तक संकल्प यात्रा कर जनता के बीच वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले गये। अब मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन 'आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का तीसरा चरण शुरू करने वाले हैं। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम साहिबगंज के बरहेट में अमर शहीद सिदो कान्हू के जन्मस्थली भोगनाडीह से इसकी शुरूआत करेंगे। इसका समापन दिसंबर महीने के अंतिम सप्ताह में धरती आबा बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर होगी। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि 'आपका अधिकार, आपकी सरकार,आपके द्वार-3.0' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अब सीएम हेमंत सोरेन अपनी यात्रा के दौरान बाबूलाल मरांडी के आरोपों का जवाब देंगे। साथ ही सरकार की बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं, यूनिवर्सल पेंशन, ओल्ड पेंशन स्कीम, नियुक्ति एवं अन्य उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने की है।

## हैंग मोड की यूपीए सरकार को देश ने बदल दिया, पहले आयात करते थे अब कर रहे निर्यात

# दूरसंचार क्षेत्र में आनेवाला समय भारत का

- इंडिया मोबाइल कांग्रेस में मोदी ने साइबर सुरक्षा पर दिया जोर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने साइबर सुरक्षा के लिए उपकरणों के विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत की युवा पीढ़ी प्रौद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर रही है और देश 6जी दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यूपीए और एनडीए के शासन की तुलना की और कहा, तब हम मोबाइल फोन के इंपोर्टेर होते थे आज हम मोबाइल फोन एक्सपोर्ट करते हैं।

भविष्य अभी यही है और भारत 6जी में अग्रणी भूमिका निभायेगा। आनेवाला समय भारत का ही है। उन्होंने यूपीए कार्यकाल पर वार करते हुए कहा, उस समय की सरकार हैंग वाले मोड में थी। वह शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में भारत मोबाइल कांग्रेस (आइएमसी2023) का उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने देश के 100 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में 5जी ऐप विकास प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किये जाने की घोषणा की। तीन दिन के इस सम्मेलन में दूरसंचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनियां शामिल हो रही हैं। दूरसंचार क्षेत्र के शीर्ष उद्यमियों ने डिजिटल प्रौद्योगिकी और मेक इन इंडिया के श्री मोदी की सोच की भूरि-भूरि सराहना की।

**देश ने आउटडेटेड सरकार को छोड़ दिया :** पीएम मोदी ने यूपीए कार्यकाल पर वार करते हुए कहा, उस समय की सरकार हैंग वाले मोड में थी। हालत यह थी कि रीस्टार्ट करने का भी कोई फायदा नहीं होता था।


(शेष पेज 11 पर)


**6 जी में अग्रणी भूमिका निभायेगा भारत**



पीएम मोदी ने कहा, भारत 6जी में अग्रणी भूमिका निभायेगा। पूंजी, संसाधनों और प्रौद्योगिकी तक पहुंच सरकार की प्राथमिकता है। दुनिया मेड इन इंडिया फोन का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने पिछले नौ वर्षों में आये उन बदलावों पर यह बात कही, जिन्होंने देश को आयातक से निर्यातक बना दिया है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि भारत में विकास और संसाधनों का लाभ सभी लोगों और सभी क्षेत्रों को मिले तथा सबको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि उनकी नजर में यही सबसे बड़ा सामाजिक न्याय है।

**साइबर सुरक्षा में आत्मनिर्भरता जरूरी :** पीएम मोदी ने इंटरनेट प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के वर्तमान दौर में साइबर सिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी के महत्व पर जोर दिया और कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। उन्होंने इस सम्मेलन में प्रदर्शित उभरती तकनीक की झांकियां भी देखीं। उन्होंने युवकों को प्रदर्शनी में आने और भविष्य की प्रौद्योगिकी की दिशा देखने और उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पीएम ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर की साइबर सिक्योरिटी कितनी महत्वपूर्ण है ,यह आप सभी जानते हैं। हाल में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में इस विषय पर विशेष रूप से चर्चा हुई और कहा गया कि लोकतांत्रिक समाज को गड़बड़ी पैदा करने वालों से सुरक्षित रखने के लिए साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र में सहयोग जरूरी है।

# झारखंड में ट्राइबल डिजिटल एटलस बनेगा, तैयारी शुरू

## आजीविका और स्वास्थ्य सुविधा का मिलेगा लाभ, अति कमजोर जनजातीय समूह पर ध्यान

- अति कमजोर आदिवासी समुदाय का किया जायेगा बेसलाइन सर्वे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य में निवास करने वाले आदिवासी समूह के लिए ट्राइबल डेवलपमेंट डिजिटल एटलस तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के प्रथम चरण में अति कमजोर आदिवासी समुदाय का बेसलाइन सर्वे किया जायेगा। इसकी तैयारी कल्याण विभाग अंतर्गत आदिवासी कल्याण आयुक्त के मार्गदर्शन में शुरू कर दी गयी है। इसके लिए आदिवासी गांवों की बुनियादी सुविधाओं की वर्तमान स्थिति और विकास के मानक लक्ष्य से क्रिटिकल गैप सर्वे के साथ प्रत्येक गांव और टोला में शिक्षा, कौशल क्षमता, रोजगार, आय, जीवन स्तर आदि के संबंध में भी ब्यौरा तैयार होगा।

**क्या है उद्देश्य :** राज्य सरकार उनके सामाजिक बुनियादी, आजीविका और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर कार्य योजना को अमली जामा पहनायेगी।


(शेष पेज 11 पर)


**क्या है उद्देश्य :** राज्य सरकार उनके सामाजिक बुनियादी, आजीविका और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर कार्य योजना को अमली जामा पहनायेगी। ऐसे जनजातीय समूह के लोगों को पक्के आवास, स्वच्छता, पाइपलाइन के जरिये शुद्ध पेयजल, बिजली-सौर विद्युतीकरण, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीडीएस और ई-श्रम का लाभ, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी तक पहुंच, शिक्षा, सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता हो सके। सथ ही हर मौसम में सड़क कनेक्टिविटी, मोटर बाइक एंबुलेंस-मोबाइल स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, वनोत्पाद आधारित आजीविका, राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों और संघों को संगठित करके आजीविका में सुधार समेत अन्य सुविधाओं से आच्छादित किया जा सके।



**विकास की लकीर खींचने का प्रयास**

ट्राइबल डिजिटल एटलस कल्याण विभाग द्वारा तैयार किया जायेगा। इसके तहत प्रथम चरण में सभी पीवीटीजी बस्तियों का मूल्यांकन और मैप कर डेटाबेस तैयार किया होगा। जिसके आधार पर प्रमुख सामाजिक आर्थिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आजीविका केंद्रित पहलों के कार्यान्वयन के लिये एक व्यापक कार्य योजना को मिशन मोड में लागू किया जायेगा। ताकि अगस्त 2023 तक राज्य में चिह्नित कुल 67,501 पीवीटीजी परिवार और 3,705 गांवों में की करीब 2,92,359 जनसंख्या के विकास के लिये लकीर खींची जा सके।

# आज रात 1:05 से साल का आखिरी चंद्र ग्रहण

- मोक्ष रात 2:24 बजे, 9 घंटे पहले से सूतक काल
- खुले आसमान में खीर रखने से करें परहेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 28 अक्टूबर शनिवार को शरद पूर्णिमा के दिन साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगेगा। यह चंद्र ग्रहण झारखंड सहित पूरे देश भर में रात 1:05 से रात 2:24 तक रहेगा जिसका सूतक काल 9 घंटे पहले शुरू हो जायेगा। धर्मगुरु स्वामी दिव्यानंद महाराज के अनुसार शनिवार शाम जब चंद्र



ग्रहण का सूतक शुरू हो जायेगा उसके बाद पारंपरिक रूप से पूजा पाठ और देव स्पर्श नहीं होगा। ग्रहण के समय में अपने इष्ट देवता और भगवान का ध्यान करना चाहिए। शरद पूर्णिमा के दिन खुले में खीर रखने का रिवाज है, पर इस बार परहेज करना चाहिए। ग्रहण के कारण गंगा आरती शनिवार कों दोपहर में ही की जायेगी, शाम को नहीं।


(शेष पेज 11 पर)

ईचागढ़ में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का किया आह्वान

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्ट अधिकारियों की संपत्ति होगी जब्त : बाबूलाल

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार छिपाने के लिए खेल रही आदिवासी कार्ड**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ईचागढ़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नरेंद्र मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया है। श्री मरांडी शुक्रवार को इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव-गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुये तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। किसानों के खाते में सीधे पैसे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं लेकिन, झारखंड की गठबंधन सरकार अनाजों की कालाबाजारी करा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार को झारखंड से हटाना जरूरी है।

उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दिया। जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन कांग्रेस के गोद में बैठकर झारखंड आंदोलन करते रहे लेकिन, कांग्रेस ने अलग राज्य के सपने को साकार नहीं किया। भाजपा ने अलग राज्य झारखंड की सौगात दी। साथ ही गांव-गांव तक सड़क, नदी-नालियों पर पुल- पुलिया बनाने व बिजली की व्यवस्था दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बनी पुल पुलिया और सड़कों का रिपेयरिंग भी हेमंत सरकार नहीं करवा पा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य की मौजूदा गठबंधन सरकार में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। यह सरकार भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने में लगी है। ईडी ने दर्जनों बार भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर को लिखा लेकिन, फाइल को दबाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि ईडी के कार्रवाई पर गठबंधन सरकार आदिवासी कार्ड खेलती है, जबकि पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश, छवि रंजन कोई आदिवासी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार महाजनों से लड़ते लड़ते खुद महाजन हो गये। संथाल से लेकर रांची तक सबसे ज्यादा जमीन सोरेन परिवार का ही है। यह जमीन आदिवासी समाज से ही लूटकर सोरेन परिवार ने रखा है। उन्होंने कहा कि जो परिवार और पैसे के लिये रणनीति करते हैं उनसे झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता है। हेमंत सरकार भ्रष्ट अधिकारियों के साथ खड़ी है। ऐसे सरकार को उखाड़ फेंकना है।

नीलकंठ, लुईस, नीरा यादव और रणधीर सिंह की भी संपति की हो रही जांच

# भाजपा विधायक दल के नेता अमर बाउरी व उनकी पत्नी की प्रॉपर्टी खंगाल रही एसीबी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की संपत्ति का ब्यौरा एसीबी तलाश में जुटी हुई है। एसीबी अमर बाउरी की पत्नी कल्याणी देवी के नाम से खरीदी गयी अचल संपत्ति की भी जानकारी जुटा रही है। एसीबी ने रांची के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों को पत्र लिखा है। एसीबी ने रजिस्ट्री ऑफिस से जानकारी मांगी है कि अमर कुमार बाउरी और कल्याणी देवी के नाम पर राज्य में कितनी अचल संपत्ति की खरीदी गयी है।

एसीबी ने दोनों के पैन नंबर भी रजिस्ट्री ऑफिस को उपलब्ध कराया है। एसीबी से पत्र मिलने के बाद रांची के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में अमर कुमार बाउरी और उनकी पत्नी की प्रॉपर्टी की डिटेल खोजा जा रहा है।

| नाम | 2014 में संपत्ति | 2019 में संपत्ति | वृद्धि | वृद्धि प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| नीलकंठ सिंह मुंडा | 1. 46 करोड | 4.35 करोड | 2.98 करोड | 198 |
| अमर बाउरी | 7.33 लाख | 89. 41 लाख | 82.07 लाख | 118 |
| लुइस मरांडी | 2. 55 करोड़ | 9.06 करोड़ | 6.81 करोड़ | 303 |
| नीरा यादव | 80. 59 लाख | 3. 56 करोड़ | 2. 85 करोड़ | 353 |
| रणधीर सिंह | 78.92 लाख | 5. 06 करोड़ | 4.27 करोड़ | 541 |

## हेमंत सरकार की कैबिनेट के आदेश के बाद एसीबी ने पीइ दर्ज की



गौरतलब हो कि हेमंत सरकार की कैबिनेट के आदेश के बाद रघुवर दास सरकार में शामिल पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी ने पीई (प्रीमनलरी इंक्वाइरी) संख्या 02/2023 दर्ज की है। साथ ही झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2020 में पंकज कुमार यादव ने रघुवर सरकार में मंत्री रहे नीलकंठ सिंह मुंडा, नीरा यादव, अमर बाउरी, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह की संपत्ति की जांच के लिए एक जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि रघुवर सरकार के पूर्व मंत्रियों ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इनकी संपत्ति में मंत्रित्व कार्यकाल के दौरान 200 प्रतिशत से लेकर 1000 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इसलिए उक्त सभी लोगों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए। साथ ही इनके कार्यकाल में हुए निर्णयों की जांच भी एसीबी से कराया जाना चाहिए।

चुनाव रद्द कराने और गिनती रोकने के लिए याचिका दायर

# हजारीबाग में वकीलों की मारपीट का मामला पहुंचा उच्च न्यायालय

**राजकुमार को विजयी घोषित करते ही हुई थी मारपीट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना के दौरान वकीलों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। ये मामला अब अदालत की दहलीज तक जा पहुंचा है। हजारीबाग सिविल कोर्ट के वकील और निवर्तमान कमिटी के सदस्य मनोज कुमार यादव ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। जिसमें उन्होंने बार चुनाव करवा रहे रिटर्निंग ऑफिसर और हजारीबाग बार एसोसिएशन समेत अन्य को पार्टी बनाया है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव को रद्द किया जाए और मतों की गिनती पर रोक लगाई जाए। अपनी याचिका में मनोज कुमार ने मतगणना के दौरान हुई मारपीट की घटना का वीडियो और अन्य साक्ष्य भी संलग्न किए हैं।

बता दें कि हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद वकीलों में जमकर मारपीट हुई है। वोटों की गिनती के दौरान जैसे ही बार काउंसिल के सदस्य और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू को 12 मतों से विजयी घोषित किया गया। वैसे ही कई अधिवक्ता उत्तेजित हो गए और आपस में मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना में कई वकीलों को चोट भी लगी है। 12 वोटों से मामूली अंतर से जीत दर्ज करने वाले अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू के निकटतम प्रतिद्वंदी जवाहर प्रसाद थे। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। वकीलों के बीच हुई मारपीट के बाद काउंटिंग रोक दी गई है। अब शनिवार को दोबारा काउंटिंग शुरू की जाएगी। फिलहाल इलेक्शन ऑब्जर्वर बालेश्वर सिंह की मौजूदगी में सभी मतपेटियों को सील कर सुरक्षित रख दिया गया है। वहीं इलेक्शन ऑब्जर्वर ने इस पूरे मामले की जानकारी झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष को भी दे दी है।

# आज रात से ठंड, तीन डिग्री से. तक गिरेगा न्यूनतम तापमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में अब ठंड का एहसास होने लगा है। राज्य में ठंड ने अब दस्तक देनी शुरू कर दी है। सुबह और शाम को चलने वाली ठंड हवाओं ने अब धीरे-धीरे गर्म कपड़ों की जरूरत को महसूस कराना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। राज्य में हिमालय और उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठंड महसूस होने लगी है। मौसम शुष्क और धूप रहने के कारण अभी ठंड का ज्यादा एहसास नहीं है लेकिन शाम होते-होते ठंड महसूस होने लगती है। धीरे-धीरे तापमान में आ रही गिरावट ठंड और बढ़ायेगी। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड के लोगों को शनिवार की रात से ठंड का अहसास होगा। रात का पारा करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरने के आसार हैं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार शनिवार से रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। दिन में आसमान साफ रहेगा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी, जबकि रात को ठंड बढ़ेगी।

अगले पांच दिनों तक झारखंड में बारिश के आसार नहीं हैं। राज्य के सभी जिलों में मौसम को मिजाज शुष्क रहेगा। कभी-कभी आसमान में बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन 1 नवंबर तक बारिश नहीं होगी। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.9 डिग्री सेल्सियस रामगढ़ में दर्ज किया गया।

# आज हरमू मैदान में राज्य सरकार के खिलाफ गरजेंगे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का भव्य समापन आज

**छह विधानसभा क्षेत्र की होगी संयुक्त सभा**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को रांची पधार रहे हैं। श्री नड्डा बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन पर हरमू मैदान में राज्य सरकार के खिलाफ गरजेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांड, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि हेमंत सरकार के कुशासन, लूट, झूठ और भ्रष्टाचार के खिलाफ विगत 17 अगस्त से प्रारंभ हुई संकल्प यात्रा 9 चरणों में संपन्न होने जा रही है। उन्होंने बताया कि जनसंकल्प यात्रा का बरसात के बीच सभी विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक समर्थन प्राप्त हुआ है। अमर शहीद सिदो कान्हो को नमन कर शहीदों की पवित्र धरती संथाल परगना से प्रारंभ हुई संकल्प यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर संपन्न होने जा रही।

उन्होंने बताया कि शनिवार को रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, इसकी संयुक्त सभा होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं के लिए सौभाग्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी समापन संकल्प सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे।

### जदयू ने प्रमंडलीय संगठन प्रभारी की घोषणा की

**रांची।** जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रमंडलों में संगठन प्रभारी मनोनीत किया गया है। साथ ही उन्हें पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए निर्देशित किया है। इसके तहत जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के पूर्व उपाध्यक्ष हाजी हसिब खान को प्रभारी, दक्षिण छोटनागपुर प्रमंडल का बनाया है। वहीं पूर्व उपाध्यक्ष अशोक चौधरी को प्रभारी संथाल परगना प्रमंडल। पार्टी के पूर्व संयोजक शैलेंद्र महतो को प्रभारी पलामू प्रमंडल। प्रदेश महासचिव मुन्ना मल्लिक को प्रभारी, उतरी छोटानागपुर प्रमंडल एवं प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार को प्रभारी, कोलहान प्रमंडल का बनाया है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी है।

सीइओ ने रांची तथा लोहरदगा के कई मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन 9 दिसंबर तक चलेगा होम टू रोल सर्वे

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने शुक्रवार को रांची तथा लोहरदगा जिले के कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां की वस्तुस्थिति को जाना। साथ ही, अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर राज्य मुख्यालय में पदस्थापित अन्य पदाधिकारी भी अगले एक सप्ताह तक विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। जहां वे स्थानीय स्तर पर विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े कार्यों का अनुश्रवण करेंगे। शुक्रवार को भी अवर सचिव देवदास दत्ता ने सरायकेला खरसावां, ओएसडी गीता चौबे ने रांची, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार ने रामगढ़ तथा संजय श्रीवास्तव ने हजारीबाग जिले का दौरा कर वहां पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों का अनुश्रवण किया। राज्य स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारियों का विभिन्न जिलों में भ्रमण कार्यक्रम 5 नवंबर तक जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि आज 27 अक्टूबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ है। उसी क्रम में आगामी दो दिनों तक सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे। प्रकाशित हुई मतदाता सूची के संबंध में लोगों से दावे और आपत्तियां भी प्राप्त किए जाएंगे। अगले 9 दिसंबर तक होम टू रोल सर्वे करते हुए यह जानने का प्रयास किया जायेगा कि कोई पात्र मतदाता पंजीकृत होने से छूट तो नहीं गया है। साथ ही कटे फटे मतदाता पहचान पत्र तथा ब्लैक एंड व्हाइट फोटो वाले मतदाता पहचान पत्रों को भी बदलने का काम किया जायेगा।

# प्रदेश कांग्रेस का लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आज रांची में

**झारखंड प्रभारी समेत कई राष्ट्रीय नेता हिस्सा लेंगे**





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा शनिवार को लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से गीतांजलि बैंक्वेट हॉल चिरौंदी में होगा। कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, नेशनल को-ऑर्डिनेटर के. राजू, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे। इस संबंध में प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित उदयपुर चिंतन शिविर में निर्णय लिया गया था कि एससी और एसटी आरक्षित संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में वंचित वर्गों के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन यानी नेतृत्व विकास ध्येय चलाया जाएगा। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की सक्रिय भूमिका होगी।

**पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव की घर वापसी आज**

राकेश सिन्हा ने बताया कि कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे आ अब लौट चले अभियान के तहत कई पुराने और नये लोगों की कांग्रेस पार्टी में वापसी हो रही है। इसी के तहत पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव आज शनिवार को दिन के 3 बजे इटकी रोड मेजर कोठी के पास आगमन बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करेंगी। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थिति रहेंगे।

# झारखंड के सभी एरिया बोर्ड की बिलिंग एजेंसी हटायी जायेंगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची समेत राज्य के सभी एरिया बोर्ड की बिलिंग एजेंसी को हटाया जायेगा। हटाए जाने का मुख्य कारण बार-बार चेतावनी के बाद भी अपना प्रदर्शन नहीं सुधारना और मई 2024 में टर्म पूरा हो जाना बताया जा रहा है। खराब प्रदर्शन के कारण पहले ही दुमका-धनबाद एरिया बोर्ड की बिलिंग एजेंसी को हटाया जा चुका है, अब वहां पर लोकल लोग ऊर्जा साथी के तौर ऑन स्पॉट बिलिंग का काम कर रहे हैं। अब चयनित होने वाली नई एजेंसियों को मीटर रीडिंग के साथ-साथ बिल कलेक्शन का भी काम करना होगा।

**जेबीवीएनएल ने टेंडर आमंत्रित किया, कई कंपनियों ने लिया हिस्सा :** जेबीवीएनएल ने एजेंसियों का खराब प्रदर्शन को देखते हुए एक्सटेंशन देने के बजाए, उसे हटाने का निर्णय लिया है। इसके लिए जेबीवीएनएल नई एजेंसी चयन के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। जिसमें कई कंपनियों ने हिस्सा लिया है। विभिन्न एरिया बोर्ड के लिए चार से पांच कंपनियों ने हिस्सा लिया है। अब अंतिम रूप से जेबीवीएनएल इसे चयनित करेगा और कार्य एलॉट करेगा। मई 2024 के पहले एजेंसियों का चयन हो जाएगा। तब तक वर्तमान एजेंसियों को कार्य करते रहने कहा गया है, ताकि कोई समस्या उत्पन्न न हो।

| किस एरिया बोर्ड में कौन है बिलिंग एजेंसी |
|---|
| रांची एरिया बोर्ड-कंपीटेंट इनर्जी |
| जमशेदपुर एरिया बोर्ड-क्वेसकोर |
| धनबाद-गिरिडीह-ईएमडीई |
| हजारीबाग-मेदिनीनगर - साई कंम्यूटर |
| दुमका एरिया बोर्ड-वीएआईवीएसयू |
| (वर्तमान में दुमका और धनबाद में कार्यरत एजेसी ने काम छोड़ दिया है। इनके बदले लोकल लोग बतौर उर्जा साथी के तौर पर ऑन स्पॉट बिलिंग का काम कर रहे हैं) |

### रांची में चरमरायी ऑन स्पॉट बिलिंग सिस्टम

रांची में स्मार्ट लगने के बाद ऑन स्पॉट बिलिंग पूरी तरह से चरमरा गयी है। रांची शहर में स्मार्ट लगाने का काम जारी है। अब तक साढ़े तीन लाख में करीब डेढ़ लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जिसमें अभी मात्र 15 हजार के करीब स्मॉट मीटर को प्री-पेड किया जा सका है। प्री-पेड छोड़ कर शहर के अधिकांश इलाकों में ऑन स्पॉट बिलिंग बंद हो चुकी है। करीब दो से तीन महीने से ऑन स्पॉट रीडिंग और बिलिंग बंद है। इससे आम जनता की परेशानी बढ़ गयी है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद रांची एरिया बोर्ड में कार्यरत बिलिंग एजेंसी कंपीटेंट एनर्जी के करीब 50 प्रतिशत से अधिक उर्जा मित्र (मीटर रीडर) काम छोड़ चुके हैं। इसके कारण बिलिंग एवं रीडिंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा-सी गयी है।

सरकारी स्कूलों में इंटर्नशिप, इंडस्ट्रीयल विजिट, गेस्ट लेक्चर से व्यावसायिक शिक्षा को दिया जायेगा बढ़ावा

# अब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को भी सरकारी संस्थाओं में इंटर्नशिप करने का मिलेगा मौका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल विजिट और गेस्ट लेक्चर का कॉन्सेप्ट शुरू होने जा रहा है। सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। राज्य में वर्तमान में 11 तरह की व्यावसायिक शिक्षा वोकेशनल के छात्रों को दी जा रही है। जॉब रोल की प्राथमिकता के आधार पर बच्चों को इंटर्नशिप के लिए अलग-अलग संस्थाओं में भी भेजा जा रहा है। इसके तहत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने हेडमास्टरों को निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर बच्चों को सरकारी संस्थाओं में भी इंटर्नशिप कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। इंटर्नशिप केवल कक्षा 11वीं और 12वीं के वोकेशनल बच्चों के लिए ही मान्य होगा।



व्यावसायिक शिक्षा को लेकर शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के ऑफिस में जिला स्तरीय शिक्षा पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बच्चों के अंदर व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल विजिट और गेस्ट ले^ र पर जोर देने का निर्देश दिया गया।

### 446 स्कूलों में शुरू होने वाला है वोकेशनल इंटर्नशिप

राज्य के 446 स्कूलों में वोकेशनल की इंटर्नशिप अब शुरू होने वाला है। बच्चों को इंटर्नशिप में भेजने से पहले स्कूल प्रबंधन उनके कार्यस्थल की जांच करेंगे। निरीक्षण कर यह पड़ताल किया जाएगा कि कार्यस्थल बच्चों के कार्य करने के लिए सुगम और सुरक्षित है भी या नहीं। खास तौर पर बच्चियों की सुरक्षा की वहां क्या व्यवस्था है। संबंधित संस्था से बात कर बच्चों के आने-जाने और ठहरने की व्यवस्था की पूरी जानकारी ली जाएगी। हेडमास्टर और वोकेशनल ट्रेनर समय-समय पर कार्यस्थल का निरीक्षण भी करेंगे और इसकी निगरानी करेंगे कि बच्चे इंटर्नशिप के लिए जा रहे हैं या नहीं।

### 80 घंटे का इंटर्नशिप अनिवार्य : स्वप्निल कुजूर

स्टेट कोऑर्डिनेटर स्वप्निल कुजूर ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 80 घंटे का इंटर्नशिप अनिवार्य है। वोकेशनल के बच्चों का बैंक अकाउंट भी खोला जाए, ताकि बच्चों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजे जा सकें। उन्होंने कहा कि वोकेशनल के बच्चों को इंटर्नशिप के लिए 1200 रुपये का स्टाइपेंड मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षण खत्म होने के बाद प्रमाण पत्र के रूप में उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बच्चों को इंटर्नशिप कराने और व्यावसायिक शिक्षा देने में वीटी शिक्षकों का भी अहम योगदान होता है। इसे देखते हुए वीटी को भी प्रोत्साहन राशि के रूप में 75 रुपये प्रति छात्र दिया जाएगा।

**इंडस्ट्रीयल विजिट पिकनिक की तरह न मनाया जाये :** पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्कूलों में किसी भी हालत में इंडस्ट्रियल विजिट को पिकनिक के रूप में नहीं मनाया जाए। बैनर, पोस्टर और फोटो खिंचवाने से ज्यादा शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इंडस्ट्रियल विजिट के लिए प्रत्येक स्कूल को 7500 रुपये दिए गये हैं। वहीं कम से कम एक घंटे का गेस्ट लेक्चर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

## सिख विरसा प्रदर्शनी में दिखा महिलाओं का हुनर

**जमशेदपुर।** महिला सशक्तिकरण बढ़ावा देने तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से तीन-दिवसीय 'सिख विरसा प्रदर्शनी' में मातृ शक्ति ने अपनी कला के हुनर का प्रदर्शन कर हस्तनिर्मित वस्तुओं के कद्दानों को खूब लुभाया। शुक्रवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह ने किया।

## साकची धालभूम क्लब में डांडिया नाइट, मारवाड़ी महिला मंच का धमाल

**जमशेदपुर।** मारवाडी महिला मंच जमशेदपुर शाखा का डांडिया धमाल नाइट शुक्रवार को धालभूम क्लब साकची में धूमधाम से मनाया गया। संगीत, नृत्य और आनंद से भरी शुक्रवार की शाम महिलाओं के लिए यादगार बन गसी। पारंपरिक और थिरकाने वाले संगीत की धुन पर जमकर थिरकी हर उम्र की महिलाएं एक से बढ़कर एक ड्रेस पहनकर पहुंची थी।

# वन पट्टा के लाभुकों को मंत्री के हाथों मिला स्वीकृति पत्र, अनुपस्थित इइ को शोकॉज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं परिवहन विभाग के मंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कल्याण एवं परिवहन विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में बिरसा आवास, जाहेरस्थान, धुमकुड़िया, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सीएमईजीपी, मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान, वन पट्टा तथा मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना, सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री निशु कुमारी तथा अन्य संबंधित बैठक में पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी वीसी से जुड़े। बिरसा आवास की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2020-2023 में 371 आवास की स्वीकृति दी गई थी जिनमें 271 का निर्माण कार्य पूर्ण है, 108 लंबित हैं।

उप विकास आयुक्त ने बताया कि पिछले दो माह में 75 आवास का निर्माण पूर्ण किया गया है, 15 नवंबर तक 90 फीसदी आवास पूर्ण कर लिए जाएंगे। मंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत बिरसा आवास का निर्माण पूर्ण करें, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। मंत्री चंपाई सोरेन द्वारा जाहेर स्थान का निर्माण किस प्रखंड में कहां-कहां लंबित है इसकी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होने निर्देशित किया कि जाहेर स्थान या धुमकुड़िया भवन को लेकर जमीन संबंधी या अन्य कोई समस्या हो तो प्रखंड के पदाधिकारी जिला के वरीय पदाधिकारी को तत्काल सूचित करें जिससे निर्माण





समीक्षा बैठक करते मंत्री चंपई सोरेन। साथ में डीडीसी मनीष, एसडीओ पियूष व अन्य पदाधिकारीगण।

कार्य में कोई बाधा नहीं आए। वित्तीय वर्ष 2020-21 के 18 जाहेरस्थान, 17 धुमकुड़िया तथा 2021-22 के 97 जाहेर स्थान, 48 धुमकुडिया का कार्य प्रगति पर है जिसे अनिवार्य रूप से दिसबंर माह के अंत तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। छात्रवृत्ति की समीक्षा में उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के कुल लाभुक 1,61,447 में से 1,48,341 छात्रों के बीच राशि का वितरण किया गया है, आवंटन आते ही शेष छात्रों को भी भुगतान कर दिया जाएगा।

मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना से ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित किए जाने तथा मनरेगा के कंवर्जेंस से पशु शेड बनाये जाने की बात कही गई। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चिन्हित 940 लाभुकों में से 873 को राशि हस्तांरित की गई है। मंत्री द्वारा आवेदन रिजेक्शन से पहले पूरी तरह से जांच करने का निदेश दिया गया। उन्होने कहा कि बिना पुख्ता कारण के कोई भी आवेदन रिजेक्ट नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान के लाभुकों का सत्यापन कराने के बाद भुगतान करने का निर्देश दिया गया। वन पट्टा वितरण को लेकर बताया गया कि पिछले 2 माह में 191 वन पट्टा वितरित किए गए हैं, 40 स्वीकृत है।

मौके पर 5 लाभुकों के बीच वन पट्टा के स्वीकृति पत्र का वितरण मंत्री चंपाई सोरेन के हाथों कराया गया। मंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वन पट्टा के वितरण में यह ध्यान रखें कि लाभुक जितने जगह में रह रहे हैं और खेती-बाड़ी कर रहे हैं उसमें किसी प्रकार का कटौती नहीं हो, वन पट्टा वितरण में आवास के अलावा खेती-किसानी के लिए जगह भी पर्याप्त रहे। सीएम ग्राम गाड़ी योजना के रूट में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय जुड़ें मंत्री द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई। उन्होने निर्देशित किया कि ओवर लोड वाहन, सड़क किनारे अनाधिकृत पार्किंग जो संभावित दुर्घटना के कारण बन सकते हैं इसपर सघन अभियान चलायें।

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर उन्होने कहा कि रूट ऐसा हो जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्रखंड मुख्यालय आने में सहूलियत हो। उन्होने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे जहां सुविधा के अभाव में स्कूल आना छोड़ देते हैं, उन्हें विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए यह योजना राज्य सरकार द्वारा लाई गई है। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं को हाट बाजार आना हो या सरकारी कार्यालय, अस्पताल, स्कूल कॉलेज इन सभी का ध्यान बस के रूट में जरूर रखें। मंत्री द्वारा सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार गांव, ग्रामीण, गरीब को ध्यान में रखकर योजनायें बनाती है, सही लाभुकों तक उनका लाभ पहुंचे, सरकार की कल्याणकारी योजनायें धरातल पर उतरें इसे सुनिश्चित करेंगे।

# प्रकाश पर्व पर 27 नवंबर को बिष्टुपुर से निकलेगा नगरकीर्तन

### सिख जनगणना का खाका तैयार, नौजवान सभा भंग, टेल्को के अमरीक सिंह बनाये गये अंतरिम प्रधान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व के मौके पर बिस्टुपुर जी टाउन गुरुद्वारा से नगरकीर्तन निकाला जायेगा। सीजीपीसी की अन्य सभी गुरुद्वारा प्रतिनिधियों संग की गयी आम बैठक में निर्णय लिया गया। शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक और अहम फैंसले में सेंट्रल सिख नौजवान सभा को भंग करते हुए टेल्को नौजवान सभा के प्रधान अमरीक सिंह तो नौजवान सभा का अंतरिम प्रधान बनाया गया।

तार कंपनी गुरुद्वारा, इंदिरानगर के प्रतिनिधियों ने भी वहां से नगरकीर्तन निकालने की इच्छा व्यक्त की थी परन्तु बिष्टुपुर गुरुद्वारा के समर्थन में उनके द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद अमरजीत सिंह भामरा के प्रस्ताव पर बिष्टुपुर गुरुद्वारा से नगरकीर्तन निकालने का निर्णय लिया गया।



सीजीपीसी की बैठक को संबोधित करते भगवान सिंह।

एक अहम फैंसले में सेंट्रल सिख नौजवान सभा को भंग कर दिया गया जहाँ सुरजीत सिंह खुशीपुर के प्रस्ताव पर टेल्को गुरुद्वारा के अमरीक सिंह को सभा का अंतरिम प्रधान घोषित करते हुए उन्हें सरोपा सम्मान दिया गया।

बैठक में अन्य कई फैंसले लिए गए जिनमे मुख्य रूप से जमशेदपुर में सिख जनगणना कराये जाने पर सभी सदस्यों ने एक स्वर में परवानगी दी।

इसके अलावा एक कैलेंडर वर्ष में दो सामूहिक विवाह समारोह आयोजित करने के फैंसले पर भी हाउस ने सहमति की मुहर लगायी। एक और निर्णय लेते हुए घोषणा की गयी कि गुरुद्वारों में ग्रंथी की नियुक्ति के पूर्व उनके ज्ञान को परखने के लिए एक साक्षात्कार लिया जायेगा उपरांत उतीर्ण हुए ग्रंथी को प्रशस्ति पत्र देकर ही उनकी नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। साक्षात्कार प्रक्रिया निष्पादन की जिम्मदारी अकाली दल जमशेदपुर की होगी।

आम बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान भगवान सिंह ने कहा कि नगरकीर्तन में शामिल होने ने स्कूल और स्त्री सत्संग सभा की यूनिट को भी लॉटरी के आधार पर सूचि संख्या दे दी गयी है। चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी गुरुद्वारों में गुरमत रहत मयार्दा को लागु कराने के लिए जरुरी कदम उठाये जाएंगे।

तख्त श्री पटना साहिब के महासचिव सरदार इंदरजीत सिंह ने कहा कि जमशेदपुर के सिख नगरकीर्तन में शामिल होकर प्रकाशपर्व को अप्रत्याशित रूप से सफल बनायें। महासचिव अमरजीत सिंह ने कहा कि नगरकीर्तन में अन्य संस्थाओं को दी जाने वाली सेवा की भी घोषणा जल्द की जायेगी। सरदार भगवान सिंह ने सभी गुरुद्वारा कमिटियों के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रतिनिधि गुरु साहब के जन्मदिहाड़े के मद्देनजर अपने-अपने सम्बंधित यूनिट को अभी से जिम्मदारी निभाने के लिए निर्देश लागु कर दें। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन सरदार इंदरजीत सिंह ने किया।

## विहंगम योग विश्वव्यापी रक्तदान शिविर आज

**जमशेदपुर।** संतों का जीवन परमार्थ के लिए होता है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर आज शनिवार, 28 अक्टूबर 2023 को देश-विदेश के 100 से अधिक आश्रम एवं स्थानों पर व्यापक रूप से विश्वव्यापी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। संत प्रबल स्वयं पहले रक्तदान कर इस विश्वव्यापी रक्तदान का शुभारंभ करेंगे।

## जमशेदपुर रन-ए-थॉन में 20 प्लस ग्रुप प्रतिभागियों को मिलेगा 15 प्रतिशत छूट

**जमशेदपुर।** जैसे-जैसे जमशेदपुर रन-ए-थॉन के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख तेजी से नजदीक आ रही है, संभावित प्रतिभागियों से अपेक्षा की जाती है कि वे रजिस्ट्रेशन के अंतिम दिन (2 नवंबर) से काफी पहले इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। यह दौड़ 5 नवंबर को होना निर्धारित है। इस बार टाटा स्टील खेल विभाग ने भी छूट की पेशकश की है। 20+ प्रतिभागियों के समूह (फिट टुगेदर) के लिए 15 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है।

## विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 60.1 किलोग्राम गांजा बरामद, छह गिरफ्तार



पत्रकारों को गांजे की बरामदगी की जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल। साथ में सिटी एसपी मुकेश लुनावत व अन्य पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 60 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। इसके अवैध धंधे में संलग्न 6 लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक स्कूटी ,एक कार, एक टेंपो और गाजा नापतोल करने वाला इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जप्त किया गया है। गिरफ्तार अभिक्तों में शंकोसाई एकता नगर जेपी स्कूल के पास रहने वाले विनोद चौरसिया 92 वर्ष , उसका 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार और 19 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा टेम्पो से गांजा सप्लाई करने वाले प्रमोद कुमार मलिक, गांजा के सबसे बड़े सप्लायर बिरसानगर लाल टांड निवासी गंगा सिंह और गणेश महतो को भी गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी जमशेदपुर के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ सिटी एसपी मुकेश लुणावत,पटमदा डीएसपी सुमित कुमार एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। सीनियर एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि विनोद चौरसिया के द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध गांजा का कारोबार किया जाता है और उसका संबंध शहर के विभिन्न गांजा तस्करों के साथ है।

# 9 दिसंबर तक मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा सकेंगे छूटे लोग

### डीडीसी और एसडीओ ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी




संवाददाता सम्मेलन में एसडीओ पियूष और डीडीसी मनीष।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2024 संबंधी प्रेस वार्ता जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा किया गया। पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दिनांक 27.10.2023 को सभी मतदान केन्द्रों में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है।

# 2050 तक करीब 3.5 करोड़ लोगों को करना होगा तटीय बाढ़ का सामना

### एक्सएलआरआइ में 10वें डॉ वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को एक्सएलआरआइ में 10 वें डॉ वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का आयोजन किया गया। इस दौरान दुग्ध क्रांति के जनक डॉ वर्गिस कुरियन को जहां याद किया गया, वहीं भारत में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आर्थिक रूप से सबल बनाने की दिशा में डॉ कुरियन द्वारा किये गये कार्यों से सभी को अवगत भी कराया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रिन्यू की को-फाउंडर सह सस्टेनेबिलिटी की चेयरपर्सन वैशाली निगम सिन्हा उपस्थित थीं। वैशाली निगम सिन्हा ने एक्सलर्स को संबोधित करते हुए सोशल इंटरप्रेन्योर की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि अब ग्लोबल वार्मिंग कोई सामाजिक या सैद्धांतिक मुद्दा नहीं है। साथ ही यह अब यह वह विचार नहीं है जिसके बारे में हम अब सम्मेलनों में बात करते हैं बल्कि अब यह एक क्षेत्र है, जिस पर लोग मिल कर काम कर रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग से निबटने के लिए तरह-तरह के मॉडल पेश किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की मौजूदा स्थिति पर चिंता जतायी, और कहा कि जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा सामाजिक आर्थिक प्रभाव है। वर्ष 2050 तक 35 मिलियन भारतीयों को तटीय बाढ़ का सामना करना पड़ेगा, जबकि सदी के अंत तक यह संख्या बढ़कर 40-50 मिलियन हो जाएगी। सुश्री सिन्हा ने कहा कि छोटे-



डॉ कुरियन की स्मृति में व्याख्यान देतीं वैशाली निगम सिन्हा।

छोटे बदलाव कर ग्लोबल वार्मिंग के लिए सकारात्मक दिशा में बड़ा प्रभावकारी कार्य किया जा सकता है। इस दौरान वैशाली निगम सिन्हा ने एक्सएलआरआइ द्वारा सोशल इंटरप्रेन्योर की दिशा में किये जाने वाले कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने जहां डॉ वर्गिस कुरियन द्वारा देश हित में किये जाने वाले कार्यों को याद किया वहीं उनके द्वारा किये गये कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मौके पर फादर एरूपे सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी के चेयरपर्सन डॉ एल टाटा रघुराम ने भी एक्सएलआरआइ द्वारा सामाजिक क्षेत्रों में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।


### पूर्वी भारत में स्काई वॉक की सुविधा वाला पहला सैटेलाइट टाउनशिप होगा द सफायर, वन भूमि से घिरे सात बहनी में 8.2 एकड़ में विकसित हो रहा इको फ्रेंडली टाउनशिप


# 'द सफायर' की लांचिंग कल, अक्षरा सिंह व लिपिका सामंता जमायेंगी महफिल

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** समय होम्स के प्रमोटर राजेश सिंह और उनकी धर्मपत्नी भारती सिंह आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र से सटे सात बहनी क्षेत्र में 29 अक्तूबर को दिन के 11 बजे एक महत्वकांक्षी एवं पर्यावरण स्नेही सैटेलाइट टाउनशिप प्रोजेक्ट द सफायर को लांच करने जा रहे हैं। जी प्लस 15 हाइट वाले द सफायर में 3600 रुपये प्रति वर्ग फुट से लेकर 45000 प्रति वर्ग फुट की दर से फ्लैट, डुपलेक्स और ट्रिप्लेक्स बुक कराये जा सकेंगे। इस अवसर पर भोजपुरी फिल्मों की सनसनी एक्ट्रेस एंड सिंगर अक्षरा सिंह अपनी प्रस्तुति से आमंत्रितों को झुमायेंगी। कोलकाता निवासी और देश की नामी सेक्सोफोन प्लेयर लिपिका सामंता एवं अन्य कलाकार भी इस अवसर पर प्रस्तुति देकर दिन को यादगार बनायेंगे। 8.2 एकड़ क्षेत्र में विकसित किये जा रहे लक्जरियस सैटेलाइट टाउनशिप द सफायर विभिन्न नागरीय सुविधाओं की विशेषता से लैश रहेगी किन्तु इसमें सबसे बड़ा आकर्षण का केंद्र होगा जमीन से 200 मीटर ऊंचाई पर बनाये गए स्काई वॉक हैंगिंग ट्रैक और शेयर वाल युक्त स्ट्रक्चर। इस टाउनशिप के पार्श्व में बड़े क्षेत्रफल में वन विभाग का बांस का जंगल है जिससे यह टाउनशिप का एरियल व्यू ऐसा लगेगा मानो यह जंगल के बीच स्थित है। वन भूमि पास होने के चलते यहां की आबो हवा बहुत ही स्वच्छ एवं पर्यावरण स्नेही है। समय होम्स के निदेशक राजेश सिंह और उनकी धर्मपत्नी सह निदेशक भारती सिंह ने बताया कि आज के दौर में रोटी,कपड़ा और मकान के साथ पर्यावरण स्वच्छता और स्वस्थ माहौल भी आवश्यक हो गया है। इसलिए काफी विमर्श एवं पर्यावरणीय विमर्श के पश्चात सात बहिनी साइट का चयन किया गया है। हम द सफायर के जरिए अपने कस्टमर को न सिर्फ गुणवत्तायुक्त फ्लैट, डुपलेक्स देंगे बल्कि उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी देंगे।





पत्रकारों को प्रोजेक्ट के बारे में बताते निदेशक राजेश सिंह। साथ में उनकी धर्मपत्नी सह निदेशक भारती सिंह, भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह व सेक्सोफोन प्लेयर लिपिका सामंता।

**राजेश सिंह को जानिए :** समय होम्स के निदेशक राजेश सिंह झारखंड राज्य में निर्माण के क्षेत्र में विगत 30 वर्षों से सक्रिय हैं। वे अबतक लगभग 2500 से ज्यादा घरों का निर्माण सफलतापूर्वक कर चुके हैं, जहॉ लोग अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सुख शांति पूर्वक निवास कर रहे हैं। राजेश सिंह ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने और क्षेत्र में कार्य अनुभव लेने के बाद समय कंस्ट्रक्शन ग्रुप के निदेशक के रुप में अपने कैरियर की शुरुआत की। उन्होंने आज पत्रकारों से कहा हमारे संतुष्ट 2500 ग्राहकों के विशेष आग्रह पर द सफायर प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है जो कि शहर के बाकी प्रोजेक्ट से थोड़ा अलग होगा। यह प्रोजेक्ट टाटा-कांड्रा मेन रोड में रिलायंस ट्रेन्ड, अपोजिट वेबको ट्योटा से आधा किलोमीटर की दूरी पर सातबहनी में स्थित है।

**द सफायर में होने वाले निर्माण :** इस प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में एक बेडरूम, दो बेडरूम, तीन बेडरूम और चार बेडरूम के लग्जरी फ्लैट का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कुछ चार बेडरूम के बंगलो/ट्रिप्लेक्स का भी निर्माण किया जा रहा है।

**द सफायर की नागरीय सुविधाएं :** प्रदूषण मुक्त और बिल्कुल हरे-भरे वातावरण के बीच बनाए जा रहे माइलस्टोन प्रोजेक्ट 'द सफायर' में इंडोर स्वीमिंग पुल, ईवी चार्जिंग प्वांइट के साथ कार पार्किंग, मेडिटेशन एवं योगा सेन्टर, सीसी टीवी कैमरा, डेकोरेटिव डोर, इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोल यूनिट, एल्डर्स प्ले एरिया, भूकंपरोधी तकनीक, एक्सटेन्सिव लैंडस्केप, अग्निशमन यंत्र, गैजेबो सिटिंग, जिम, गार्बेज कलेक्शन, जेनेरेटर पावर बैकअप, आईएसआई फिटिंग के साथ फायर प्रुफ कॉपर वायर, पाइपलाईन के साथ एलपीजी गैस कनेक्शन, क्लब-हाउस एवं मल्टीपरपस कम्युनिटी हॉल, प्यूरीफायर ड्रिंकिंग वाटर, प्रदूषणरहित वातावरण, प्रीमियम फिटींग्स, पोडियम गार्डेन, आरसीसी फ्रेमवर्क, रिलेक्सोलॉजी पाथवे, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टिम, शॉपिंग एरिया, सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, सोलर पावर स्ट्रीट लाईट, स्ट्रेक्चर लिफ्ट, स्वीमिंग पुल, स्ट्रेटेजिक लोकेशन, बच्चों के लिए प्ले एरिया, यूपीवीसी एल्यूमीनियम स्लाईड विंडो, विट्रिफाइड टाइल्स, विजिटर्स पार्किंग, वाटरप्रुफिंग, वाटर फाउंटेन, 3 न. लिफ्ट 4 यूनिट/फ्लोर की सुविधा, चौबीसों घंटे सुरक्षा व्यवस्था, ओपेन एमपी थियेटर।

**रुफ गार्डेन के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष पार्क भी रहेगा :** द सफायर में इस प्रोजेक्ट में रूफ गार्डेन के साथ विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें योगा, मेडिटेशन के साथ साथ टहलने, बैठने की सुविधा होगी। साथ साथ इस प्राजेक्ट में बिल्डिंग्स के उपर एक स्पेशल हैंगिंग ट्रैक बनाई जा रही है।

यह हैंगिंग ट्रैक जमीन : से लगभग 200 फीट उपर होगी और इसकी लंबाई लगभग 1200 मीटर और चौड़ाई लगभग 6 मीटर होगी। इसमें लैंड स्केपिंग के साथ-साथ योगा, मेडिटेषन एवं ओपेन जिम की व्यवस्था होगी ताकि शुद्व एवं स्वच्छ ऑक्सीजन प्राप्त हो सके। इस हैंगिंग ट्रैक तक जाने के लिए अलग अलग 4 बड़े हाईस्पीड लिफ्ट भी लगाए जाएंगे। जिससे ग्राउंड से सीधे वाकिग ट्रैक तक सुगमता पुर्वक लोग आ जा सकेंगे।

**आस-पास का भूगोल :** द सफायर प्रोजेक्ट से कुछ ही दूरी पर जियाडा की विभिन्न परियोजनाएं, आइटी पार्क, इएमसी पार्क निर्माणाधीन हैं और साथ-साथ मेडिकल कालेज, इंजनियरिंग कॉलेज एवं पॉच सौ बेड वाला सुपर स्पेषलिटी हॉस्पीटल भी नजदीक में ही निर्माणाधीन है। आने वाले दिनों में प्रोजेक्ट में लगभग दो हजार परिवार निवास करेंगे। जिसमें सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है।

**भूकंपरोधी तकनीक व शेयरवाल युक्त स्ट्रक्चर :** निर्माण में डेड लोड, लाईव लोड के अलावा विंड प्रेसर, भूकंपरोधी तकनीक के साथ अत्याधुनिक तरीके से शेयरवाल युक्त स्ट्रक्चर का निर्माण किया जा रहा है ताकि ग्राहकों को अपनी गाढी मेहनत की कमाई का संपूर्ण लाभ मिल सके और कोई जगह बेकार न जाय।

## स्पीड न्यूज

### कुएं में लापता बच्चे का मिला शव



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के सूठा ग्राम निवासी अकबर अंसारी के पांच वर्षीय पुत्र जैनूद का शव कुआं से बरामद किया गया। मालूम हो कि जैनूद गुरूवारकी शात पांच बजे से लापता था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाना को दी। इधर जुनैद आलम के परिजनों ने बताया कि बच्चा बाहर खेलने निकला था घंटो बाद जब घर नहीं लौटा तो खोजबीन की गयी। उसी क्रम में सुनसान जगह पर स्थित कुआं में जुनैद का शव पाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। अंत्यपरीक्षण के बाद शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। पुलिस घटना के कारणों का पता लगा रही है।

### अवैध वसूली कर रहे निगमकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

**मेदिनीनगर।** झामूमो के केंद्रीय समिति सदस्य मनोज कुमार गुप्ता ने प्रमंडलीय आयुक्त को ज्ञापन देकर नगर निगम कर्मियों के अवैध वसूली की जांच कर इसमें शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। मनोज ने कहा है कि व्यवसाय करने वाले लोगों में सिटी मैनेजर उपेंद्र कुमार, रवि भारती, अभिषेक कुमार व सतीश कुमार समेत तहसीलदार पवन कुमार, जमादार इश्तेयाक अहमद छह महीने से लोगों को डरा धमका कर अवैध सामग्री के नाम पर लाखों रूपये की उगाही किये हैं। प्लास्टिक प्रतिबंध के नाम पर पुलिस विशेष छापेमारी कर दुकानों में घुसकर व्यवसायी से दुर्व्यवहार करते हैं। साथ ही दुकानदारों को जेल भेजने की धमकी देते हैं। अर्थ दंड लेकर दुकानों को सील नहीं करते हैं। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

### प्रखंड प्रमुख ने किया सरसो बीज का वितरण



**पाटन पलामू।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने नवाखास पंचायत के पोखरिया ग्राम के टाना भगत के लाभुकों के बीच सरसो का बीज वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार और ए टी एम विनय कुमार उपस्थित थे। मौके पर प्रमुख ने कहा कि सरकार के योजनाओं व दिये गये सामग्री का लाभ सभी तक पहुंचाया जायेगा इसके लिए संकल्पित हैं। कहा कि किसान सरसो अपने खेतों में लगाकर बेहतर उपज कर लाभ कमायें।

### मोटरसाइकिल टक्कर में दो घायल

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना के महज 100 मीटर की दूरी पर संध्या करीब 5 बजे दो मोटर साइकिल आमने सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें जुरू निवासी शत्रु उरांव पिता रमेश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर रास्ते से गुजर रहे हरतुआ मुखिया अरविंद शुक्ला ने अपने मोटर साइकिल से सीएचसी लेस्लीगंज पहुंचाया एवम तत्काल नगद सहायता प्रदान किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। डॉ अरुण मोहन्ता ने बताया कि कान से काफी रक्तस्राव होने के चलते मामला गंभीर होने के कारण एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई थी।

### प्रखंड स्तरीय मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**नौडीहा बाजार पलामू।** नेहरू युवा केंद्र, पलामू के द्वारा एन.वाई.वी अमन कुमार के नेतृत्व में नौडीहा बाजार प्रखण्ड अंतर्गत सरईडीह में प्रखंड स्तरीय मेरी माट्टी- मेरी देश का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उच्च विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं संस्थान के संचालक दिलीप कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि संजीत, उच्च विद्यालय के शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता एवं दीपक कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के लोग सहित सैंकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता ने दिया योगदान



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अंचल के क्षेत्र वासियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करूँगा। विदित हो कि यहां अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम का तबादला लातेहार हो जाने के बाद पद रिक्त था वहीं इस अंचल में जमीन समस्याओं का अम्बार हैं लोग परेशान थे।

### मेदिनीनगर निगम भवन के मतदान केंद्र पहुंचे जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन मेदनीनगर नगर निगम में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 185,186 पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय बीएलओ ममता कुमारी व ज्योतशाना कुमारी के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका बेहद ही महत्वपूर्ण है। इनके कार्यों को सम्मान देने के लिये ही आज यह कार्यक्रम आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के साथ ही पलामू के सभी मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर नगर आयुक्त जावेद, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति समेत अन्य मौजूद थे।

### स्टेट टीम ने सतबरवा पीएचसी का किया निरीक्षण



**सतबरवा।** स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय चिकित्सा सलाहकार टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को सतबरवा सीएचसी का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जगह पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किए जा रहे मरीज के इलाज तथा सेवा भावना को देख स्टेट टीम के मुख्य सलाहकार सुब्रतो राय ने पीएचसी कर्मियों की जमकर सराहना की। इससे पूर्व सरजा पोलपोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा चियांकी के स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण टीम के सलाहकार सुब्रत राय, देवाशीष जेना के साथ डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता, तदाशा, बैम राजीव, बीपीएम सुबोध ने किया।

## डीसी व एसपी ने मुख्यमंत्री के आगमन को ले किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीसी शशिरंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 31 अक्तूबर को मेदिनीनगर पहुंचने वाले हैं। इनका मुख्य कार्यक्रम पुलिस स्टेडियम में आयोजित किये जायेंगे। जहां पर मुख्यमंत्री बेरोजगार युवकों को ऑफर लेटर देंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर डीसी शशिरंजन जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अधिकारियों को जवाबदेही दी गयी है। वहीं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। साथ ही साथ चियांकी हवाई अड्डा से लेकर कार्यक्रम स्थल पुलिस स्टेडियम तक पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था कायम करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल लगाये जायेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर उपायुक्त शशिरंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह व अन्य विभाग के जिला अधिकारियों के साथ पुलिस स्टेडियम का निरीक्षण किया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन के मार्ग को चियांकी से लेकर पुलिस स्टेडियम तक दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद अधिकारियों ने परिसदन भवन का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीसी व एसपी कड़ी मेहनत कर कार्यक्रम की सफलता पर एक एक बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए समाधान का पहल कर रहे हैं।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने किया सरयू राय व धर्मेंद्र का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



सरयू राय व धर्मेंद्र तिवारी का स्वागत करते लोग।

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने पार्टी के मुख्य संरक्षक सरयू राय व केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के आगमन पर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे व गढ़वा जिला अध्यक्ष सुयस पांडे के नेतृत्व में जिले के दर्जनों पदाधिकारी पलामू आगमन पर उपस्थित थे। स्वागत के बाद सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठकर एक-एक कर परिचय हुआ तथा कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुआ। जिसमें पार्टी का पंचायत स्तर तक विस्तार करने, प्रशासन में फैले भ्रष्टाचार रोकने. स्वास्थ्य सुविधाओं की लचर व्यवस्था,बालू को जनता के लिए फ्री करने तथा बिजली विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं को मनमाना बिल भेजने एक उपभोक्ता का डबल कनेक्शन का मामला पर चर्चा हुआ। मौके पर सरयू राय ने कहा कि पार्टी झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को मिटाने व पार्टी की मजबूती पर कार्य करेगा। मौके पर शत्रुघ्न ओझा, जिला उपाध्यक्ष हरि नारायण , रोहित मेहता, अभिषेक पांडे, अनूप शर्मा, सुशील कुमार, सुनील सिंह, अभय यादव, विश्वजीत दुबे आदि लोग शामिल थे।

## उपायुक्त ने की जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते उपायुक्त शशि रंजन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला योजना अनाबद्ध निधि के तहत जिला योजना कार्यकारिणी समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की गयी। वहीं उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर कार्य प्रगति की समीक्षा करने एवं ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, मत्स्य पदाधिकारी विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

**मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने एमएमसीएच के बाउंड्री वॉल के निर्माण की स्वीकृति दी। वहीं साहित्य समाज चौक स्थित केंद्र पुस्तकालय के परिसर में एक नया पुस्तकालय के निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की साथ ही डीएमएफटी फंड से छतरपुर में भी एक पुस्तकालय निर्माण की दिशा में डीडीसी को निर्देशित किया। इसी तरह छतरपुर व लेस्लीगंज में केज कल्चर के माध्यम से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की योजना पर कार्य करने हेतु संबंधितों को निर्देश दिए। वहीं हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस के समीप तालाब निर्माण की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं एक कस्तूरबा विद्यालय का जीर्णोद्धार कराने पर भी सहमति बनायी गयी। इसी तरह लेस्लीगंज में नाली निर्माण कराने जाने का भी निर्णय लिया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के बारे में दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा व आपत्ति प्राप्त करने और इसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित तिथियां के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को राजनीतिक दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्तियों संबंधी आवेदन देने की अवधि निर्धारित की गई है। 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे लोग इसका लाभ उठा सकते हैं। वहीं 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति जरूर कर लें ताकि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में उनका भी सहयोग प्राप्त हो सके। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु उपस्थित थे।

## लोगों को धर्म संप्रदाय में उलझाकर न रखें विधायक : ओंमकारनाथ



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक विकास व रोजगार की बात करने के बदले लोगों को धर्म संप्रदाय में उलझाकर रखना चाहते हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के उदघाटन के अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थें। जायसवाल ने कहा कि पांकी विधानसभा में सभी जाति सभी धर्म के लोग मिलजुल कर सभी त्योहारों को मनाते हैं लेकिन इन दिनों पांकी विधायक ने अनर्गल बात बोलकर इस विधानसभा का माहौल को खराब करना चाहते हैं लेकिन पांकी विधानसभा की जनता सजग है और हम इस विधानसभा की चौकीदारी करते हैं जब तक हम जिंदा है पांकी विधानसभा का माहौल खराब नहीं हो सकता है। इस अवसर पर उनके साथ आम आदमी पार्टी के अरुण वर्मा नंदकिशोर यादव अमित गुप्ता, अमरेश मेहता, वीरेंद्र प्रजापति, महेंद्र भुइयां, सूरज रविदास, आरिफ अंसारी के अलावा कई लोग शामिल थे।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में चला स्वच्छता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता




स्वच्छता अभियान में भाग लेतीं छात्राएं।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वच्छता ही सेवा (स्पेशल कैंपेन 3.0) अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी इलाके में जागरुकता हेतु स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पहले स्वामी विवेकानन्द चौराहे तक रैली का आयोजन कर स्वच्छता पर विशिष्ट संदेश प्रेषित किया गया। बैनर, पोस्टर एवं स्लोगन के साथ विद्यालय के प्राचार्य द्वारा सफाई कर हरी झंडी दिखाई गई। स्लोगन एवं स्वच्छता गान का उच्चारण करते हुए छात्रगण हर्षित और प्रसन्नचित्त थे। विद्यालय के शिक्षकों ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरुक किया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों के द्वारा विद्यालय परिसर एवं समीपस्थ स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए० के० सिंह ने अभियान में भाग लेने के लिए छात्रों शिक्षकों को विशेष धन्यवाद दिया। अपने संदेश में उन्होने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की सभी सामाजिक एवं जन-जागरुकता अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी रही है। उन्होंने कहा कि गाँधी जी के द्वारा स्वच्छता की सदैव पूजा की जाती रही। यह अभियान एक दिवसीय नहीं अपितु आजीवन चलने वाली सतत प्रक्रिया है, जो हमारे अंतर्मन को पवित्र बनाती है। मौके पर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं सहयोगियों ने भाग लिया।

## खबर एक नजर में

### सीसीएल के राजहरा कोलियरी प्रबंधन ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**पड़वा पलामू।** सीसीएल के राजहरा कोलियरी प्रबंधन ने सीएसआर के तहत लोहड़ा मध्य विद्यालय परिसर में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में राजहरा कोलियरी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा सच्चिदानंद ने शिविर में आए 94 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया। जांच के बाद निः शुल्क दवा दिया गया। डॉक्टर सच्चिदानंद ने कहा कि गांव के लोगो बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति पूरी तरह से सजग व संवेदनशील होकर काम करतीं हैं।

### कृष्ण मुरारी तिर्की ने लिया सतबरवा सीओ का प्रभार



**सतबरवा पलामू।** सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने शुक्रवार को सतबरवा अंचल कार्यालय में अपना योगदान दिया और प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर अंचल तथा प्रखंड कर्मियों ने तिर्की को पुष्पगुच्छों से स्वागत किया। उन्होंने बताया कि किसी भी जरूरतमंद लोगों को बेवजह दौड़ाया नहीं जाएगा उनके कार्यों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सतबरवा क्षेत्र के 20 गांवों से एनएच 75 का सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए प्रक्रियधीन है, जिसमें भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है। इस मौके पर पूर्व बीडीओ सह सीओ राजकिशोर प्रसाद, एमओ अरविंद कुमार, बीपीओ अमरेंद्र कुमार, सरफराज आलम,ज्योति दयाल,निशांत,विकास कुमार समेत कई प्रखंड और अंचल कर्मी मौजूद थे।

### हरिहरगंज तथा पिपरा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज मेन रोड स्थित सीता प्लस टू उच्च विद्यालय तथा पिपरा प्रखंड के खेल मैदान में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हरिहरगंज बीडीओ रवि कुमार तथा पिपरा प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीता केरकेट्टा शामिल हुए। पिपरा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि हमारे देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए हैं। इस उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से मेरी माटी मेरा देश की मिट्टी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें सभी पंचायत की मिट्टी को एकत्रित कर भेजा जाएगा। इस अवसर पर छात्र छात्राओं सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने किया जिला नियोजनालय में भर्ती कैंप का आयोजन

105 पदों पर युवाओं की बहाली की जायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा जिला नियोजन कार्यालय में भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार एवं संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्रम अधीक्षक ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। युवा वर्ग इसका लाभ उठायें। जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार अंतर्गत भर्ती कैंप लगाया गया है। यह कैंप कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सहयोग से आयोजित की गई है। इसमें 105 पदों पर युवाओं की बहाली ली जायेगी। इसके लिए युवाओं को साक्षात्कार देना होगा।इस कैंप में निःशुल्क रजिस्ट्रेशन एवं साक्षात्कार के बाद भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, राजेश सिंहा, विवेक, रंजिता, शालो, अनुज, राजा, वीणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## घुसखोर कर्मचारी को पकड़वाने वाले राजेश तिवारी सम्मानित



**हुसैनाबाद (पलामू)।** किसान ब्रिगेड ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में घुसखोर कर्मचारी सचिन गुप्ता को रंगे हाथ पकड़वाने वाले दरुआ निवासी सह समाजसेवी राजेश तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। किसान ब्रिगेड के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रही है। मैं संगठन के तरफ से इस मुहिम में शामिल एसीबी के पूरे टीम को धन्यवाद देता हूं। राजेश तिवारी ने लोगों से अपील किया कि किसी भी कार्यालय में घुस की मांग की जाती है तो डरने की जरूरत नहीं है निडर होकर एसीबी को इसकी सूचना देनी चाहिए। विदित हो कि राजेश तिवारी के शिकायत पर पीछले सप्ताह हुसैनाबाद प्रखंड में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की एसीबी की टीम ने 4000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

## हेमंत सरकार को उखाड़ फेंके जनता : विधायक पुष्पा

विधायक ने किया कालीकरण पथ का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



शिलान्यास करतीं विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद मनोज कुमार।

**पाटन पलामू।** मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विधायक ने जहांसी खांच से बनासो मेन रोड तक रोड का शिलान्यास किया। यह पथ दो करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से बनाया जायेगा। मौके पर पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पुर्व मुखिया चन्द्र देव सिंह, जहांसी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, सगुना मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, पाटन भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, बबल प्रसाद, सेमरी मुखिया प्रतिनिधि शिवप्रसाद साव, भाजपा नेता अशोक तिवारी, भाजपा नेत्री नीलम कुमारी, संतोष पाण्डेय, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह, पंचायत समिति गुबेश भुईयां, समाज सेवी राजु सिंह, कामता सिंह, पुर्व मुखिया अखिलेश सिह, चन्दन दुबे, गुड्डु सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल थे। मौके पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि संघर्ष करने के बाद जनोपयोगी योजना लोगों के बीच लाये हैं। विधायक ने कहा कि गरीब की बेटी हूं इसलिए गरीब का दर्द समझते हैं। विधायक ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार लुट खसोट में लगी हुई है। जहां भी भाजपा का विधायक हैं वहां विकास करना नहीं चाहती है। उन्होंने जनता से इस सरकार को उखाड़ कर फेंकने को कहा। विधायक ने कहा कि इस सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र कि सरकार महिलाओं के लिए गैस चूल्हा शौचालय देने का काम किया। आज जो भी काम हो रहा है वह केन्द्र सरकार मोदी जी का देन है।

## बीडीओ, सीओ और एसडीपीओ विहीन हुसैनाबाद के जनप्रतिनिधि रंगरेलियां में व्यस्त, जनता त्रस्त : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



कर्नल संजय।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल के तीनों प्रखंडों में पदाधिकारियों की कमी का दंश यहां की जनता रोजाना झेल रही है परंतु झारखंड सरकार से लेकर विधायक तक कोई इसकी सुध लेने वाला नहीं है। आज के तारीख में मोहम्मदगंज प्रखण्ड में कोई अंचलाधिकारी नहीं है,हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी दोनों की कुर्सी खाली है। भ्रष्टाचार और घूसखोरी हुसैनाबाद के सभी कार्यालयों में खुलेआम व्याप्त है जिसका ताजा उदाहरण अभी हाल में ही हुसैनाबाद के एक कर्मचारी का घुस लेते हुए एसीबी के टीम द्वारा रंगेहाथ पकड़ा जाना है। विगत एक महीना से हुसैनाबाद अनुमंडल बिना अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के ही चल रहा है जिसका परिणाम सभी थानों में स्पष्ट दिख रहा है। किसान ब्रिगेड संरक्षक सह भाजपा प्रदेश सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त बातें कहीं और उन्होंने आगे कहा कि बिजली विभाग द्वारा बिना बिजली की सुविधा जैसे सौ यूनिट मुफ्त बिजली योजना के लिए पूरे विधान सभा के सभी मीटर को सक्रिय करना,जले हुए ट्रांसफार्मर को अपग्रेड कर तत्काल नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना इत्यादि को दरकिनार करते हुए गरीब ग्रामीण की छोटी सी गलती पर विभाग द्वारा भारी आर्थिक दण्ड लगा कर उपभोक्ताओं पर झूठे प्राथमिकी भी दर्ज किए जा रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## सिटी थाना के समीप डिवाइडर से टकरायी कार, बचे सवार

**बोकारो।** स्थानीय सिटी थाना के समीप बोलेनो वाहन चालक ने असंतुलित होकर सड़क के डिवाइडर में जोरदार टक्कर मारी। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राह से गुजरते हुए एक व्यक्ति ने लगभग 65 वर्षीय गाड़ी चला रहे व्यक्ति को वाहन सहित सुरक्षित बाहर निकाला। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## पिछरी में काली पूजा को लेकर बैठक में विचार-विमर्श

**बेरमो।** पेटरवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पिछरी पंचायत के सार्वजनिक काली मंदिर प्रांगण में पूजा समिति की बैठक गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया छात्रधारी मिश्रा ने की। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पुराने समिति का पुनः बहाल रखा जाय।इस बैठक में पिछले साल के पूजा का आय व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से काली पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पेटरवार प्रखंड प्रमुख शारदा देवी रतन कुमार मिश्रा ब्रजेश मिश्रा कामेश्वर मिश्रा चीकू मिश्रा बजरंगी मिश्रा गणेश मिश्रा व्यास मिश्रा अखिलेश मिश्रा सूरज महतो नारायण महतो जयप्रकाश महतो नकुल मिश्रा राकेश मिश्रा तपन मिश्रा मुकेश मिश्रा दीपक मिश्रा संतोष मिश्रा गोलू मिश्रा मौजूद थे।

## बोकारो में धूमधाम से हुई लक्खी पूजा



**बोकारो।** अन्न की देवी कही जाने वाली मां लक्खी की पूजा बोकारो शहर के सैक्टर 3बी सैक्टर 4 चास सहित तुपकाडीह के नूतनडीह कुम्हारडीह पथुरिया आदि गांवों में स्थित मंदिरों में आयोजित है। सभी स्थानों में माता जागरण कराने का निर्णय लिया गया है। नूतनडीह पूजा कमेटी के अध्यक्ष कलाचन्द महतो कुम्हारडीह के रंजीत साव ने बताया कि मूलतः किसान और बंग भाषी लोगों का परिवार इस पूजा के आने की खुशी प्रत्येक वर्ष मनाते हैं। पुराने लक्खी मंदिर के प्रांगण में ही 108 फुट ऊंचा हरि मंदिर का निर्माण हो रहा है।

## वासेपुर के लोगों ने नये नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**धनबाद।** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद एवं सामाजिक कार्यकर्ता हाजी जमीर आरिफ के द्वारा नये नगर आयुक्त रवि राज शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर नगर आयुक्त को एक आवेदन भी सौंपा गया जिसमे वार्ड संख्या14 मे जितने भी स्ट्रीट लाईट रहित बिजली के खंभे हैं, उन पर अविलंब नये स्ट्रीट लाईट लगाने तथा मरम्मत के अभाव मे खराब पड़े स्ट्रीट लाईट को ठीक कराने की मांग की गई। इस बाबत नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया की शीघ्र ही इस समस्या का निदान होगा।

# सांसद-विधायकों संग उपायुक्त ने की डीएमएफटी की समीक्षा

● जन प्रतिनिधियों ने की अपने-अपने क्षेत्र से भेजी गयी अनुशंसा पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री वरुण रंजन ने आज समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में डीएमएफटी को लेकर माननीय सांसद एवं माननीय विधायकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान सांसद एवं माननीय विधायकों ने डीएमएफटी के नियमावली से संबंधित विषयों पर उपायुक्त के साथ चर्चा की। बैठक में माननीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए भेजे गए अनुसंशा की चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को डीएमएफटी फंड के लिए भेजे गए अनुशंसा की स्वीकृति एवं अस्वीकृति की जानकारी दी गई। इस दौरान आगामी 30 अक्टूबर को होने वाले डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक को लेकर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी फंड से उन्हीं योजनाओं को स्वीकृति मिल पाएगी जो सरकार के गाइडलाइन में होगी। इसके अलावा जो भी अनुशंसा जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजा जाता है उसे किसी अन्य फंड के द्वारा पूरा करने की कोशिश की जाएगी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कई क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं से हो रहे निर्माण कार्य में अनियमित की भी जानकारी दी एवं जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग भी की। साथ ही किस विधानसभा में कितनी योजनाएं ली गई और कितनी राशि खर्च हुई, उसकी सूची उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया। उपयुक्त ने कहा कि जो भी कार्य हो रहे हैं वह सरकार के गाइडलाइन के अनुरूप होना सुनिश्चित किया जाएगा। अगर कहीं गड़बड़ी होगी तो उसे जांच कर कार्रवाई भी की जाएगी। मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक निरसा अपर्णा सेन गुप्ता, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें

**धनबाद।** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, बीपीएल कोटा में बच्चों के एडमिशन, काम कराकर वेतन नही देने के मामले, रास्ता रोकने के मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## जीएनएम में 5000 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाभोग का प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** प्रत्येक साल की तरह इस साल भी श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम हाई स्कूल मैदान में महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने खिचड़ी महा भोग का आनंद लिया। बताते चले की खिचड़ी महा भोग बनाने के लिए सुबह 4.00 बजे से ही दर्जनों कारीगर काम पर लग गए थे। महाभोग का प्रसाद बनाने के लिए आधा दर्जन भट्ठी का निर्माण किया गया था। लगभग 12.00 बजे दिन में महाभोग का प्रसाद बनकर तैयार हुआ। जिसके बाद सबसे पहले मां दुर्गा को भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच भोग वितरण किया गया जो 12.00 बजे से लेकर संध्या 5:00 बजे तक चला। लगभग 5000 श्रद्धालुओं ने महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष, शंकर भगत ,कार्यकारी अध्यक्ष बिनोद रजक सचिव मुकेश भट्ट सरोज विश्वकर्मा गजेंद्र यादव चंद्रकांत कुमार कोषाध्यक्ष बबलू चौरसिया दिलीप तर्वे पंकज सिंहा राजेंद्र कुमार अजय स्वर्णकार गणेश मोदक राखी पटवा अमित सिंह अमित रजक सुनील यादव एवं पदाधिकारी सुबह से ही लगे हुए थे।

# राज्य की सभी बाजार समिति का होगा विकास

● कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष ने किया बाजार समिति का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के माननीय अध्यक्ष रबीन्द्र सिंह ने शुक्रवार को बाजार समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में माननीय अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड की सभी बाजार समिति को विकसित करने के लिए गंभीर और कृत संकल्पित है। आने वाले दिनों में सभी बाजार समिति में वृहद परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा किसानों को उनके उपज की उचित लागत दिलाने के लिए फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ), ई-नाम से किसानों को जोड़कर ट्रेडिंग कराया जा रहा है। माननीय अध्यक्ष ने कहा कि भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों से भी बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। साथ ही कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रांगण में कुछ वस्तुओं का अभाव देखने को मिला। इसका समाधान भी शीघ्र किया जाएगा। माननीय अध्यक्ष ने कहा बाजार समिति में 30 मेट्रिक टन का कोल्ड स्टोरेज, पूरे प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे, दुकान, हॉट इत्यादि को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान और मजदूरों के लिए चिंतित है। किसान और व्यापारी के बीच कई लोगों को रोजगार दिलाने का भी प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में किसान और व्यापारियों के चेहरे चमक उठेंगे।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर परण सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद में 8 एफपीओ, चैंबर आफ फार्मर्स और 26836 किसान है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धनबाद के किसानों ने एक महीने में सीधे कश्मीर से ऑनलाइन खरीद कर 55 लाख रुपया के सेब मंगाए हैं। यह आंकड़ा पूरे देश में नंबर वन है। साथ ही विगत वर्ष यहां के किसानों ने ऑनलाइन माध्यम से कश्मीर से एक करोड़ 90 लाख रुपया के सेब मंगाए थे। पत्रकार वार्ता समाप्त करने से पूर्व माननीय अध्यक्ष ने कहा कि निरीक्षण के क्रम में जो जानकारी मिली है उसकी पूरी रिपोर्ट माननीय मुख्यमंत्री तथा माननीय कृषि मंत्री को देंगे।

## पीआरपी फॉर्मूला के लिए पदाधिकारियों को भेजा पत्र

**बोकारो।** बीएकेएस बोकारो ने सेल चेयरमैन निदेशक कार्मिक निदेशक प्रभारी उप मुख्य श्रमायुक्त धनबाद तथा मुख्य श्रमायुक्त दिल्ली को पत्र लिखकर सेल प्रबंधन द्वारा एकतरफा तरीके से लागू किए गए एएसपीईएस फॉमूर्ला को रद्द कर प्रोडक्शन रिलेटेड पे फॉमूर्ला बनाने का प्रस्ताव दिया है। यूनियन ने सेल प्रबंधन और एनजेसीएस के गठजोड़ द्वारा अवैध बोनस फॉमूर्ला को लागू करने के खिलाफ एक कड़ा पत्र निदेशक प्रभारी निदेशक कार्मिक उप मुख्य श्रमायुक्त धनबाद मुख्य श्रमायुक्त दिल्ली को लिखा है। पत्र में यूनियन के अध्यक्ष हरिओम कुमार एवं महासचिव दिलीप कुमार ने बताया कि बाहरी तथा गैर निर्वाचित नेताओं से गठजोड़ कर फार्मूला लागू किया है।

एक नजर में

## बोकारो में गीता ज्ञान यज्ञ एक नवंबर से



**बोकारो।** चिन्मय मिशन बोकारो के तत्वावधान में पांच दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ 1 से 5 नवंबर 2023 तक स्थानीय जगन्नाथ मंदिर स्थित गीता भवन में आयोजित है। ज्ञान यज्ञ की प्रवचनकर्ता मिशन की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती हैं जो श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 15 पुरुषोत्तम योग पर व्याख्यान करेंगी। ज्ञात हो कि स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती श्रीमद्भगवद्गीता रामायण एवं वेदो पर देश के विभिन्न प्रांतों में सैकड़ों ज्ञान-यज्ञ का आयोजन कर चुकी हैं। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता एक धर्म ग्रंथ के साथ साथ जीवन जीने की अद्भुत शैली है। भगवद्गीता भगवान के द्वारा गाया हुआ वह ज्ञान है जो सभी मानव को सही दिशा दिखाता हैए हमारी अज्ञानता को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास को जगाता है ।

## दिव्यांग छात्र प्रिंस का होगा नवोदय में नामांकन

**बेरमो।** शुक्रवार को बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात कर बेरमो विधानसभा क्षेत्र स्थित तीन नंबर के निवासी शर्मा घांशी जी के पुत्र प्रिंस कुमार को नवोदय विद्यालय में नामांकन में सहयोग के लिए आग्रह किया। बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह को प्रिंस के नामांकन में सहयोग के लिए आश्वस्त किया । छात्र प्रिंस कुमार दिव्यांग है और उसके पिता शर्मा घांशी पेशे से राजमिस्री हैं और आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। इस बात की जानकारी मिलते हीं भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह अपनी निजी खर्चे से उन्हें लेकर बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मिलने पहुँचे । प्रकाश सिंह ने कहा है कि जहां तक संभव हो पाएगा जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग करते रहेंगे।

## कथारा जीएम सह दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक सम्मानित



**बेरमो/कथारा।** पिछले दिनों पुरे बेरमो अनुमंडल में दुर्गा पूजा की ऐसी धुम मची हुई थी कि किसी भी व्यक्ति को इसके अलावे कोई दूसरा कार्य करने की चाहत ही नहीं थी। वही दुसरी तरफ पुलिस प्रशासन के अलावे सभी पूजा समिति के लोग बात को लेकर चिंतित थे कि यह महापर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कैसे सम्पन्न करवाया जाय। इस चिंता से कथारा चार नंबर दुर्गा पूजा समिति भी अछुता नही थी। मगर इस दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी इतने जिम्मेवार व सख्त है कि पुलिस प्रशासन की बाते तो दुर पूजा पंडाल के आसपास अगर गलती से भी कोई असमाजिक तत्व या हुडदंगी दिख जाए तो उसकी खैर नहीं। दुसरी इस कमेटी के सफलता का मुख्य मंत्र यह की कमेटी के लोग पूजा के दौरान बेहतर व सक्रिय भूमिका निभाने वाले सदस्यों व पदाधिकारियों को सम्मानित भी करने का काम करती है।

## लगातार रक्तदान को लेकर अभिषेक की टीम सम्मानित

**धनबाद।** एशियन द्वारिका जालान मेमोरियल हॉस्टिपल के द्वारा भाजपा नेता अभिषेक सिंह और उनकी टीम को लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करने और रक्तदान के लिए समाज के अन्य लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करने हेतु ब्लड बैंक की ओर से मोमेंटो और आभार पत्र देकर ब्लड बैंक के मेडिकल इंचार्ज डॉ एन. के.सिंह और सुदीप पांडेय ने सम्मानित किया।ज्ञात हो कि भाजपा नेता अभिषेक सिंह प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित करते है तथा हर 4-6 महीने के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाते है,विगत कोरोना महामारी के काल में जब समाज को सबसे ज्यादा सेवा की जरूरत थी तब अभिषेक सिंह को उनकी टीम लगातार लोगों को रक्तदान और प्लाज्मा डोनेट करके और प्रेरित करके लोगों से डोनट करवा रहे हैं।टीम अभिषेक की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी है जिससे कोई भी जरूरतमंद फोन कर रक्तदान हेतु मदद लेता है। इसी सभी को बातों को देखते हुए एशियान जालान हॉस्टिपल के ब्लड बैंक के द्वारा अभिषेक सिंह और उनकी टीम को सम्मानित किया है।सम्मानित होने पर भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि रक्तदान समाज सेवा का सबसे बड़ा कार्य है।लगातार हम लोगों को सेवा कर रहे है।हमारे कुछ समय के प्रयास से अगर किसी की जिंदगी बच जाती है तो इससे बड़ा और क्या कार्य होगा।

## 'अपने बीएलओ पर गर्व है' कार्यक्रम का आयोजन

### बीएलओ का बढ़ाया गया उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में मतदान केदो पर बूथ लेवल ऑफिसर का उत्साह बढ़ाने के लिए शुक्रवार को मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है इस निमित्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी लेने 39 निरसा विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एग्यारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार विभिन्न मतदान केंद्र पर पहुंचकर कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस अभियान में सभी वोटर अपने-अपने बूथ पर जाकर बीएलओ के साथ सेल्फी का कार्य किया बीडीओ कर्मकार उत्क्रमित मध्य विद्यालय लायकडीहमें स्थित मतदान केंद्र संख्या 364, 365 एवं नंदलाल इंस्टीट्यूशन चिरकुंडा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 348, 349, 350, 351, 358 में बीएलओ का उत्साहवर्धन कार्यक्रम का अवलोकन किया गया।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

इस अवसर पर एग्यारकुंड प्रखंड के नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा,निर्वाचन आपरेटर अमित कुमार तिवारी, छत्रपति शाही, किसकू, बीएलओ रेखा बॉउरी, सावित्री बॉउरी, सीता बाउरी, इंद्राणी दत्ता, सविता बॉउरी, कुंती कुमारी कोसर खान, प्रवीण खातून, शिवानी दे,प्रवीण खातून, संतलाल बैठा, उत्तम कुमार मंडल, देवेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार, प्रमोद राव, विदन मंडल, सोना दास आदि थे।

## जल्द मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** जिला समहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 का कार्यक्रम घोषित किया गया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार एकीकृत मतदाता सूची के पुनरीक्षण में दावे और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर 2023 तक है जबकि दावे एवं आपत्ति के निराकरण की तिथि 26 दिसम्बर 2023 निर्धारित है। वहीं मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को होगा। इस दौरान मतदान केंद्रों पर 28-29 अक्टूबर 2023 एवं 25-26 नवम्बर 2023 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से विशेष अभियान तिथि 28.29 अक्टूबर 2023 एवं 25.26 नवम्बर 2023 को अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित होकर बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची देखकर अपने नाम व फोटो आदि की जांच करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले के चार विधानसभा गोमिया बेरमो बोकारो एवं चंदनकियारी की जनसंख्या 2260778 है। इसमें मतदाताओं की संख्या 1436389 है। 06 जनवरी 2023 से 26 अक्टूबर 2023 तक कुल 30288 मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया है। पत्रकार सम्मेलन में उपायुक्त श्री चौधरी के साथ ईआरओ बोकारो सह चास के एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ईआरओ बेरमो सह एसडीओ बेरमो मौजूद थे।


### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक........................खूँटी, **आम सूचना** दिनांक..................

नगर पंचायत, खूँटी क्षेत्रांन्तर्गत गया मुण्डा कम्पलेक्स में बकायेदारों के दुकान को दिनांक 27.09.2023 को सील किया गया था। दुकानदारों द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण दिनांक 02.11.2023 को सील किये गये दुकान को खोलने एवं सामानों को सुरक्षित स्थान पर रखने की कारवाई की जाएगी।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 309951 (Urban Development)23-24*D


# मां कौशल्या की बातों पर रो पड़े श्रीराम : राजन जी महाराज

प्रवचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** त्रिदिवासीय श्री राम कथा के दूसरे दिन झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह तथा रघुकुल परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम हुआ। कथावाचक पूज्य श्री राजन जी ने श्री राम जी के जन्म को वर्णन करते हुए बताया कि मनुष्य अपने माँ के अंग में नौ महीने रहते हैं, पर श्रीराम तो विष्णुरूप भगवान थे इसलिए वे अपनी माँ के अंग में पुरे बारह महीने रहे और उसके बाद चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में आवतरित हुए। अवतरण तो लिया पर प्रभु अपने विराट रूप में आए और कहे माँ बताएं कि क्या करूँ, तो माँ कौशल्या ने उन्हें शिशु रूप अवतरण करने को कहा एवं रोने का आग्रह किया। उसके बाद प्रभु अपनी माँ के आज्ञा से जब रोये तो पुरे महल में सभी दासियों ने ये खबर महाराजा दसरथ को बताया कि लल्ला का जन्म हुआ है, जिसके बाद महाराजा ने सभी दासियों को उपहार से भर दिया। मुनी विश्वामित्र जी महाराजा दशरथ जी से उनके पुत्रों को जनकल्याण के लिए माँगा तो महाराजा ने कहा कि दो अक्षर का राम होता है तो वही दो अक्षर का धन, भूमि, प्राण आदि होता है, आप राम की जगह इसमें से कुछ भी मांगिये, लेकिन उन्हें समझाया कि इनका जन्म जनकल्याण के लिए ही हुआ है और जब तक आपके सभी पुत्र आश्रम में नहीं जाएंगे तबतक जनकल्याण नहीं कर पाएंगे। उसके बाद चारों पुत्र आश्रम गए, वहाँ मुनी से अस्त्र-शस्त्र का ज्ञान प्राप्त किया। मुनी ने ज्ञान देते हुए बताया कि जब तक आप अपने आपको गुरु को समर्पित नहीं करेंगे तब तक आपको ज्ञान प्राप्त नहीं होगा।

### इन्होंने ने की शिरकत

कथा में शामिल हुए विशिष्ट अतिथियों को झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा श्री राम लिखित अंगवस्त्र तथा श्री राम दरबार का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य रूप से धनबाद के सांसद श पी एन सिंह (सपरिवार), गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, मारवाडी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेंद्र पोद्दार, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष बलदेव पांडेय, हरीश जोशी, बीआईटी सिंदरी के निदेशक पंकज राय, कृष्ण अग्रवाल, सबूर गोराई आदि लोग थे।


### जिला अभियंता का कार्यालय
### जिला परिषद, रामगढ़

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – RE- 01, 03/2023-24 (2nd Call)

1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 04.11.2023 को कार्यालय अवधि तक। (कार्यालय दिवस में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 06.11.2023 को 03:30 बजे अपराह्न।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रामगढ़।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी : : 15वें वित्त आयोग (Untied Grant)

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | पंचायत का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | | |
| 1 | गोला | चाडी | ग्राम चाडी तालाब मे पक्के घाट का निर्माण | 4,00,500.00 | 9,000.00 | 750.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | माण्डू | माण्डूचटटी | माण्डूचटटी धरनिया टांड हरया पेड से लेकर धनेश्वर साव के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 6,21,510.00 | 13,000.00 | 1,250.00 | 03 (तीन) माह |

9. निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं० – 9661503026
10. इस निविदा मे जिला परिशद, रामगढ़ मे निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेंगें।
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट District Engineer, District Board, Ramgarh के पदनाम से Payable at Ramgarh देय होगा।
12. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

नोट :– सरकार के सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक –2146 (S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से– (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद,रामगढ़।

PR 309963 (District) 23-24 (D)

# पर्यावरण की चिंता

दरअसल, पेरिस सम्मेलन में दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने हेतु वैश्विक तापमान को 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके लिये देशों ने अपने यहां कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लक्ष्य निर्धारित किये थे। लेकिन इससे वैश्विक लक्ष्य प्राप्त करने में ज्यादा मदद मिलती नजर नहीं आती क्योंकि यूएन के मुताबिक सदी के अंत तक दुनिया का तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। अनुमान है कि ग्लासगो में दुनिया के भविष्य को बचाने के लिये वैश्विक तापमान वृद्धि दर को 1.5 निर्धारित करने की मांग उठेगी, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन पर नियंत्रण किया जा सके। देशों को वह वर्ष बताना होगा जब उनका कार्बन उत्सर्जन शून्य होगा। दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक चीन वर्ष 2060 तथा दूसरा बड़ा कार्बन उत्सर्जक अमेरिका ने 2050 कार्बन न्यूट्रल होने की बात कही है। भारत जैसे देशों के लिये सम्मेलन चुनौती पेश करेगा क्योंकि इसमें बिजली उत्पादन में कोयले की निर्भरता खत्म करने पर बल दिया जायेगा। भारत, चीन व अमेरिका इसका सर्वाधिक उपयोग करते हैं। यूएन की अंतर सरकारी समिति ने दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकने के लिये कोयले पर निर्भरता को 2050 तक खत्म करने को कहा है। इसका भारत पर भी दबाव बढ़ेगा। विशेषकर पर्व त्योहारों में देश के कई शहरों में पठाखों के चलन से जो धुंआ उठता है उससे भारी कठिनाई की समस्या खड़ी हो जाती है। देश की राजधानी दिल्ली इस समस्या की गंभीर शिकार हो चुकी है। एयर प्यूरोफायर के भरोसे कब तक देश के शहरों को इस समस्या से बचाया जा सकेगा? आने वाले समय में सबसे बड़ी और गंभीर समस्या पर्यावरण की होने जा रही है।

# खाद्य संकट

चिंता का विषय है कि खाद्य एवं कृषि संगठन के हालिया आंकड़ों के मुताबिक दुनिया में इस साल अनाज की कीमतें 13.8 प्रतिशत बढ़ गई हैं। कई अफ्रीकी देशों में भुखमरी का संकट आ गया है और लाखों बच्चों को भूख से होने वाली मौत से बचाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विकसित देशों से मदद की अपील की है। भारत को अमेरिका और चीन दोनों देशों की गिरती अर्थव्यवस्था से नुकसान होगा, क्योंकि दोनों देश उसके बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। इसके अलावा रूपए की कीमत गिरने से भी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा, क्योंकि इसका सीधा संबंध कच्चे तेल की कीमतों से है। रुस और यूक्रेन के युद्ध के कारण विश्व भर में गेंहू की कमी हो गयी है। आने वाला वक्त जनता के लिए और चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार अगर महंगाई की समस्या को स्वीकार कर ले, तब भी समाधान की कोई उम्मीद रहेगी। लेकिन जब सरकार मानेगी ही नहीं कि महंगाई है, या रूपए की कीमत गिरना कोई चिंता की बात है, तो फिर समाधान के कदम क्यों उठाएगी। 2008 की मंदी तो भारत झेल गया था, क्योंकि तब डॉ. मनमोहन सिंह के हाथों में देश की बागडोर थी, जो कम बोलते थे, लेकिन अपने विषय के ज्ञाता थे। 2008 से 2022 के बीच देश में सरकार से लेकर नोट और बैंकिंग व्यवस्था से लेकर कर प्रणाली तक बहुत कुछ बदल गया है। ये बदलाव क्या देश की अर्थव्यवस्था को बचा पाएंगे, ये देखना होगा। वर्तमान समय में केन्द्र की सरकार की दिशा विरोधीभाषी है। पेट्रोलियम पदार्थो की मूल्योंमें अत्यधिक वृद्धि से पैदा हुई स्थिति को निबटने के लिये उनके पास कोई ठोस नीति नहीं है जबकि महंगाई का यह सबसे बड़ा कारण है। सरकार दूसरे श्रोतों से आय का साधन भी बढ़ा रही है लेकिन महंगाई का जस का तस होना 18 करोड़ परिवारों का कमर तोड़ रहा है। कम खपत से देश की आर्थिक स्थिति भी चुनौतियों का सामना कर रही है।

# शहरीकरण से जुड़ी योजनाओं की पड़ताल

**वर्ष** 2030 तक भारत में शहरी आबादी 63 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। शहरीकरण के विभिन्न पहलुओं और देश के विकास में उसकी भूमिका पर नजर रखना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है।

बीते दिनों भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही दुनिया की नजरें इस ओर टिक गई हैं कि अगले 25 वर्षों में भारत किस दिशा में आगे बढ़ता है। इन 25 वर्षों के दौरान भारत ने एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तय किया है।

हालांकि, इस लक्ष्य की पूर्ति में एक निर्णायक पहलू यही होगा कि भारत में शहरीकरण किस रफ्तार से होता है। वैसे तो 1950 के दशक से ही भारत में शहरीकरण की गति में निरंतर तेजी का रुख कायम रहा है। भले ही इस मोर्चे पर वह अपने साथियों-समकक्षों से पिछड़ गया हो, किंतु भारत ने अपनी विकास रणनीति में नियोजित शहरीकरण को प्राथमिकता दी है।

विश्व शहरीकरण संभावनाओं (वर्ल्ड अर्बनाइजेशन प्रॉस्पेक्ट्स के 2018 में संशोधन) के अनुसार 2010 से 2018 के बीच शहरीकरण में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2022 तक भारत के शहरीकरण में 35.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया था और वर्ष 2047 तक इसमें 50.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान है। ब्रिक्स देशों की तुलना में इस मंद शहरीकरण के बावजूद अगले 25 वर्षों के दौरान अपनी विकास यात्रा में विभिन्न चुनौतियों का सामना करने को लेकर भारत की धारणा मजबूत बनी हुई है।

विकास के वाहक के रूप में शहरों का कायाकल्प करने की दिशा में शहरीकरण की केंद्रीय भूमिका से भारत भलीभांति अवगत होने के साथ ही समग्र प्रगति के अपने लक्ष्य की पूर्ति के प्रति तत्पर भी है। हालांकि, जब शहरीकरण की गति बढ़ाने की बात आती है तो अनिच्छा उसमें उतनी बड़ी चिंता नहीं दिखती।

इसमें बड़ी चिंता की बातें यही हैं कि देश के शहर तमाम समस्याओं के अंबार से जूझ रहे हैं। सीवेज शोधन, शहरी नियोजन, भूजल का गिरता स्तर और वायु गुणवत्ता में कमी सुगम जीवन की राह में बाधक बन रही हैं। इस संदर्भ में हम भारत की शहरीकरण यात्रा में दो तात्कालिक मुद्दों को चिह्नित कर सकते हैं। एक तो शहरीकरण का असममित या विषम प्रारूप और दूसरा नियोजित शहरीकरण।





-मनोज शर्मा

> जैसे कि 2022 तक केरल में 73.19 प्रतिशत शहरी आबादी हो गई, जिसके 2036 तक बढ़कर 96 प्रतिशत होने के आसार हैं। इसकी तुलना यदि असम और बिहार जैसे राज्यों से करें तो 2022 में असम में 15.4 प्रतिशत और बिहार में 12.2 प्रतिशत शहरीकरण का ही अनुमान है। 2036 तक भी असम के शहरीकरण में 17.16 फीसदी और बिहार में 13.2 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी होगी।

भारत के अधिकांश हिस्सों में आर्थिक विकास के साथ ही शहरीकरण होता गया। इस प्रकार कहें तो आर्थिक वृद्धि के साथ कदमताल करते हुए शहर विकसित होते गए। हालांकि, इसका परिणाम असममित-असंगत शहरीकरण के रूप में निकला। जिन राज्यों में तेजी से आर्थिक वृद्धि हुई, वहां शहरीकरण की रफ्तार भी तेज रही।

जैसे कि 2022 तक केरल में 73.19 प्रतिशत शहरी आबादी हो गई, जिसके 2036 तक बढ़कर 96 प्रतिशत होने के आसार हैं। इसकी तुलना यदि असम और बिहार जैसे राज्यों से करें तो 2022 में असम में 15.4 प्रतिशत और बिहार में 12.2 प्रतिशत शहरीकरण का ही अनुमान है। यह लचर स्थिति ही कही जाएगी, जिसमें सुधार के आसार भी नहीं दिखते, क्योंकि 2036 तक भी असम के शहरीकरण में 17.16 फीसदी और बिहार में 13.2 फीसदी की मामूली बढ़ोतरी का ही अनुमान है।वहीं दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे केंद्रशासित क्षेत्रों की बात करें तो इसी अवधि में वहां शत प्रतिशत शहरीकरण होने की उम्मीद जताई जा रही है। शहरीकरण का असममित स्वरूप भारत के शहरीकरण अभियान के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इस शिथिलता और भिन्नता की जड़ें भारत की उस अनूठी सामाजिक संरचना और नाते-रिश्तेदारियों में चित्रित होती हैं, जो आवाजाही को बाधित करती है। बहरहाल, क्या भारत इस रवायत को जारी रखना गवारा कर सकता है?

भारत अपने अमृत काल में प्रवेश कर गया है और इस दौर में जब अपने अपेक्षित विकास के स्तर को प्राप्त पर उसका ध्यान केंद्रित है तो उसे अपने समकक्षों के यहां कायम शहरीकरण की रफ्तार से ताल मिलाने का सुस्पष्ट लक्ष्य भी बनाना है। हालांकि, उसे सूक्ष्म स्तर तक शहरीकरण के प्रभाव पर ध्यान देने की आवश्यकता है और यह राह जिलों तक जाती है, क्योंकि वही देश की व्यापक आर्थिक स्थानिकता को आकार देते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो देश के कुल जिलों में शहरी जिलों की संख्या करीब 30 प्रतिशत है, लेकिन वही 45 प्रतिशत रोजगार सृजन और 55 प्रतिशत से अधिक पारिश्रमिक का भुगतान करते हैं।

ये आंकड़े 'कॉम्पिटेटिवनेस रोडमैप फॉर इंडिया एट हंड्रेड' यानी भारत के सौवें पड़ाव पर प्रतिस्पर्धी रोडमैप में सामने आए हैं, जो व्यापक स्तरीय और साझा वृद्धि की संकल्पना को आगे बढ़ाते हैं। वस्तुतः भारत को पिछड़े हुए जिलों पर ध्यान देने की आवश्यकता के साथ ही नियोजित शहरीकरण की रफ्तार को भी बढ़ाना होगा।

इसके अतिरिक्त एक पहलू यह भी है कि आंतरिक प्रवासन के सीमित स्तर को देखते हुए शहरीकरण की एकतरफा-असंतुलित गति संसाधनों के अपर्याप्त वितरण की चिंता बढ़ाती है। देश में आंतरिक आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं लगा हुआ है। इसके बावजूद देश में हुई पिछली जनगणना (2011) के आंकड़े यही दशार्ते हैं कि इस आवाजाही या पलायन का एक बड़ा हिस्सा कुछ विशिष्ट राज्यों या एक जिले से दूसरे जिले के उसी समान रुझान को दोहराता है।

वर्ष 2030 तक देश में शहरी आबादी का आंकड़ा 63 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है तो पूरा जोर केवल और केवल शहरीकरण पर न होकर, बल्कि नियोजित शहरीकरण पर भी होना चाहिए। नियोजित शहरीकरण से यही आशय है कि शहर के डिजाइन, नियोजन और गवर्नेंस पर बराबर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। सुनियोजित ढंग से बसे हुए शहर संसाधनों के महत्तम वितरण और उपयोग के माध्यम से मूल्य वर्धन की ओर उन्मुख करते हैं। इसके अतिरिक्त, ये अपनी सतत वृद्धि और आर्थिक उत्पादकता के जरिये जीवन सुगमता और समृद्धि को प्रोत्साहन देते हैं, जिससे उनके रहवासी लाभ उठा सकते हैं। (लेखक पत्रकारिता विभाग रांची विवि से जुड़ें हैं।)

## खास बात

### जलवायु परिवर्तन पर गंभीरता जरूरी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**संपन्न** राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं। क्या वे नहीं जानते कि सारी दुनिया में तापमान-वृद्धि का दोष उन्हीं के माथे है?


इस बार ग्लासगो में होने वाले जलवायु-परिवर्तन सम्मेलन शायद क्योतो और पेरिस सम्मेलनों से ज्यादा सार्थक होगा। उन सम्मेलनों में उन राष्ट्रों ने सबसे ज्यादा डींगें हांकी थीं, जो दुनिया में सबसे ज्यादा गर्मी और प्रदूषण फैलाते हैं। उन्होंने न तो अपना प्रदूषण दूर करने में कोई मिसाल स्थापित की और न ही उन्होंने विकासमान राष्ट्रों के लिए अपनी जेबें ढीली कीं ताकि वे गर्मी और प्रदूषित गैस और जल से मुक्ति पा सकें।


संपन्न राष्ट्रों ने विकासमान राष्ट्रों को हर साल 100 बिलियन डॉलर देने के लिए कहा था ताकि वे अपनी बिजली, कल-कारखानों और वाहन आदि से निकलने वाली गर्मी और प्रदूषित गैस को घटा सकें। वे सौर-ऊर्जा, बैटरी और वायु-वेग का इस्तेमाल कर सकें ताकि वातावरण गर्म और प्रदूषित होने से बच सकें। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका ने तो पेरिस समझौते का ही बहिष्कार कर दिया। ये सब संपन्न देश चाहते थे कि अगले तीस साल में जलवायु प्रदूषण याने कार्बन-डाइआक्साइड की मात्रा घटे और सारे विश्व का उष्मीकरण ज्यादा से ज्यादा 2 डिग्री सेल्सियस तक हो जाए। इस विश्व-तापमान को 1.5 डिग्री तक घटाने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका और यूरोपीय देश, जो सबसे ज्यादा गर्मी फैलाते हैं, उनका दावा है कि वे 2050 तक अपने तापमान को शून्य तक ले जाएंगे। वे ऐसा कर सकें तो यह बहुत अच्छा होगा। वे यह कर भी सकते हैं, क्योंकि उनके पास वैसी तकनीक है, साधन हैं, पैसे हैं लेकिन यही काम वे इस अवधि में वैश्विक स्तर पर हुआ देखना चाहते हैं तो उन्हें कई वर्षों तक 100 बिलियन नहीं, 500 बिलियन डॉलर हर साल विकासमान राष्ट्रों पर खर्च करने पड़ेंगे। ये राष्ट्र अफगानिस्तान जैसे मामलों में बिलियनों नहीं, ट्रिलियनों डॉलर नाली में बहा सकते हैं लेकिन विकासमान राष्ट्रों की मदद में उदारता दिखाने को तैयार नहीं हैं।

**चित्रकूट** में तुलसी पीठ के कांच मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी का आशीर्वाद पाकर अभिभूत हूं। यह दिव्य अवसर मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगा।
**– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## आपके ट्वीट

**लाभ हानि;** जय पराजय की चिंता किए बिना उद्देश्यपूर्ण सार्थक जीवन जीएँ व लक्ष्य प्राप्ति तक आगे बढ़ते रहें ! जीवन में ऊर्जावान, उत्साही व्यक्तियों के संग से मानसिक एकाग्रता,वैचारिक स्पष्टता और भावनाओं का संतुलन आसान हो जाता है ! **-अवधेशानंद गिरी**





**जीवन** को जानना एक खोज है, उसे कुछ भूल-भटककर ही जाना जा सकता है ।
कभी पश्चात्ताप के स्वर में मैंने भी कहा था , जीवन भूल का इतिहास है।
**– अमिताभ बच्चन**

# वन गमन की आज्ञा

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्री राम** के वन गमन को लेकर आमसोच यह है कि पिता की आज्ञा से वे वन गये। लेकिन राम के मोह से आहत महाराज दशरथ इस स्थिति में नहीं थे कि कोई आज्ञा दे सके। प्रजा के सामने तो आज्ञा गुरु वशिष्ठ से ही ली और यही सच है। श्री राम अपने जीवन काल में दो बार ही अयोध्या से बाहर निकले हैं औरदोनों बार गुरु के आदेश से ही निकले हैं। पहली बार जब जनकपुर गये तो राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे लेकिन गुरु वशिष्ठ क समझाने के बाद तैयार हुए। दूसरी बार जब जंगल गये तो कैकेयी जी का नाम दिया जरूर लेकिन राजा दशरथ भेजना नहीं चाहते थे। हृदय मानाव भोरु हाई । रामहिं जाई कहै जनि कोई। राम न जाए ऐसा दशरथ सोच रहे थे। वे जंगल अगर गये है तो पिता की आज्ञा से नहीं गये हैं बल्कि गुरु की आज्ञा से गये हैं। लेकिन नीतिवश जब कही भी बात होती है तब श्रीराम कहते हैं हैं कि वे पिता की आज्ञा से वन में गये हैं। जब हुनमान जी से परिचय हुआ था तब श्रीराम ने कहा था कि हम पितृ बचन मान वन आये। तो ये दिखा रहें हैं कि वे पिता की मर्यादा की भी रक्षा करना चाहते हैं। दुनिया यह नहीं समझें कि दशरथ जी इनको नहीं भेजे हैं। ये कहते हैं पिता ने हमको भेजा है वे वरदान दिये थे उसी वरदान के तहत भेजा है। एक ओर मर्यादा की भी रक्षा कर रहे थे तो दूसरी ओर अपनी भक्ति भी कर रहे थे। प्रजा के समझ जो बात सामने आई थी वही मूल बात थी क्योंकि गुरु आज्ञा से ही श्री राम ने अपने जीवन को धर्म रक्षित किया था। इसी कारण वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। श्री राम की गुरु भक्ति संपूर्ण संसार के लिये प्रेरणा की श्रोत है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

# गांधी दर्शन को मूर्त रूप देने वाले सुधारक

## स्मृति शेष

**विवेक शुक्ला**

**राजधानी** के गांधी शांति प्रतिष्ठान (जीपीएफ) की पहली मंजिल का कमरा नंबर ग्यारह। इसी कमरे में देश के चोटी के गांधीवादी कार्यकर्ता एसएन सुब्बाराव पिछले 51 सालों से रहते थे। वे यहां पर 1970 के मध्य में रहने लगे थे। इस आधी सदी के दौरान उन्होंने अपना कभी कमरा नहीं बदला। वे यायावर थे। देश भर में घूमते थे। पर उनका घर गांधी शांति प्रतिष्ठान का कमरा नंबर 11 ही थी। इधर ही उनसे दुनियाभर के गांधीवादी विचारक, लेखक, कार्यकर्ता मिलने के लिए आते थे। उनका 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। इस उम्र में भी वे सीधे खड़े होकर बोलते थे और चलते थे।

हाफ पैंट और और खादी की शर्ट उनकी विशिष्ट पहचान थी। नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के माध्यम से सुब्बाराव जी ने देश के हर प्रांत में एकता- शिविर लगाये और युवाओं को एक-दूसरे के निकट लाये। गांधी शांति प्रतिष्ठान, दिल्ली का कमरा नंबर 11 सुब्बाराव जी से मिलने की जगह रही। जीवन भर में उन्हें सम्मान स्वरूप जो स्मृति-चिह्न मिले उनसे वह कमरा अटा रहता था। अब वे सब मुरैना जिले के जौरा स्थित महात्मा गांधी सेवा आश्रम से आ गये हैं और एक सुन्दर संग्रहालय के स्वरूप में मौजूद हैं। वे पिछले दो साल से यहां पर नहीं आए थे। इसकी एक वजह कोविड भी थी।

सुब्बाराव जी कम बोलते और ज्यादा सुनने वाले मनुष्यों में से थे। उनकी विनम्रता अनुकरणीय थी। वे गांधी शांति प्रतिष्ठान में अपने कमरे से कैंटीन में भोजन करने खुद आते थे। उन्हें खिचड़ी ही पसंद थी। वे कभी यह स्वीकार नहीं करते थे कि कोई उनके कमरे में उन्हें भोजन देने के लिए आए। उन्हें देश ने तब पहली बार जाना था जब चंबल के बहुत से दस्युओं ने आत्मसमर्पण किया था। जो लोग पचास साल पहले किशोर हुआ करते थे उनके मन पर सुब्बाराव जी ने गहरा असर डाला और बागी समस्या से पीड़ित इस इलाके के लोगों के व्यवहार-परिवर्तन में बड़ी भूमिका निभाई। सबको पता है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चंबल में बागियों का सामूहिक समर्पण हुआ तब धरातल पर संयोजन का काम सुब्बाराव जी ने ही किया। सुब्बाराव जी बागी- समर्पण के दिनों में पुनर्वास का महत्वपूर्ण काम देख रहे थे। पर वे दस्यु समर्पण से जुड़ी बातों को करने से बचते थे।

गांधीवादी विचारधारा के प्रणेता रहे सुब्बाराव को कई दिग्गज अपना आदर्श मानते थे। सुब्बाराव जी का जाना शांति की दिशा में अपने ढंग से प्रयासरत व्यक्तित्व का हमारे बीच से विदा होना है। सुब्बाराव जी से जुड़ी अनेक स्मृतियां देशवासियों के मन को आलोकित करती रहेंगी। उनकी सद्भावना रेल यात्रा और असंख्य एकता शिविर सबको याद आते रहेंगे। आज देश के विश्वविद्यालयों में नेशनल केडिट कोर की तरह जो राष्ट्रीय सेवा योजना है वह भी सुब्बाराव जी की पहल का परिणाम है। ह्यकरें राष्ट्र निर्माण बनायें मिट्टी से अब सोनाह्ल युवाओं के कंठ में और मन में उन्हीं के कारण बैठा।

देशभर के गांवों में सरकार से बहुत पहले श्रमदान से अनेक सड़कें और पुल सुब्बाराव जी की पहल से बने। वह एक अलग ही दौर था। वातावरण बदलने में सुब्बाराव जी और उनके सहयोगियों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है वह अब पता नहीं कितने लोग महसूस कर पाते हैं। देश भर में डॉ. सुब्बाराव को उनके साथी भाईजी ही कहते थे। डॉ. सुब्बाराव ने जौरा में गांधी सेवा आश्रम की नींव रखी थी, जो अब गरीब व जरूरतमंदों से लेकर कुपोषित बच्चों के लिए काम कर रहा है। आदिवासियों को मूल विकास की धारा में लाने के लिए वह अपनी टीम के साथ लगातार काम करते रहे हैं। सुब्बाराव दिल्ली प्रवास के दौरान राजघाट जरूर जाते थे।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आम लोगों की चिंता

**अखबारों** और चैनलों में सरकार के बड़े-बड़े विज्ञापन विकास कर रहे भारत का आभास कराते हैं। गहनों, गाड़ियों, और अन्य विलासी वस्तुओं के विज्ञापन इस आभास पर सच की मुहर लगाते दिखते हैं। लेकिन यह केवल देश के दो-तीन प्रतिशत लोगों का सच है। शेष जनता का सच यह है कि हर नए दिन की शुरूआत एक नए डर के साथ होती है कि आज किस मद में कितना खर्च बढ़ जाएगा। – **प्रकाश, जमशेदपुर**

### पर्व त्योहार पर खर्च

**दीपावली** जैसे मौकों पर सामान्य दिनों से अधिक खर्च होता है, पहले इसके लिए जनता बचत कर लेती थी। लेकिन अब बचत की गुंजाइश तो बेहद कम रह गई है, जरूरी खर्च भी पूरा करने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं।

फिलहाल धरातल पर तो यही नजर आ रहा है कि भारत की जनता को इस बार भी त्योहारों की खुशी में कटौती करनी पड़ेगी। आत्ममुग्धता से देश नहीं चलता।
**– रंजना शर्मा, रांची**

# कितने शरीफ हैं नवाज शरीफ

## सामयिक

**आर.के. सिन्हा**

**पिछले** करीब चार वर्ष से लंदन में अपना निर्वासित जीवन बिता रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और मुस्लिम लीग-एन नेता नवाज शरीफ पाकिस्तान लौट आए हैं। नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के मौजूदा हालात पर चिंता जताई है । उन्होंने कहा कि देश में हालात 2017 की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ गए हैं। यह बात तो सही है कि पाकिस्तान में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। महंगाई, कठमुल्लापन और बेरोजगारी ने देश को तबाह कर दिया है। वहां पर लगातार बम धमाके हो रहे हैं। नवाज शरीफ स्वयं भी एक सड़कछाप किस्म के इंसान हैं। भाग्य की खाते रहे हैं। वे युगदृष्टा तो छोड़िए, प्रखर वक्ता तक नहीं हैं। उनसे बेहतर वक्ता तो बेनजीर भुटटो और इमरान खान थे।

अगर नवाज शरीफ आगामी चुनाव के बाद प्रधानमंत्री बन भी गए तो देश की किस्मत बदलने वाली नहीं है। पाकिस्तान आज दाने-दाने को मोहताज है। नवाज शरीफ के पुरखे मूलतः कश्मीरी पंडित थे। कोई 125 साल पहले मुसलमान बन गए थे। वे कश्मीर से अमृतसर के पास जट्टी उमरा गांव में जाकर बसे थे। पाकिस्तान के बाकी नेताओं की तरह शरीफ भी घोर भारत विरोधी हैं। बस, उनके नाम के साथ ह्लशरीफह्व आना संयोग मात्र ही माना जाएगा। नवाज शरीफ ने तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पद संभाला है। उन्हीं के कार्यकाल के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध (3 मई-26 जुलाई 1999) लड़ा गया था।

इस जंग के दौरान एक बार ऐसा भी हुआ जब तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी ने फोन कर नवाज शरीफ की जमकर क्लास लगाई थी। उन्हें 2016 में उरी हमलों के बाद कायदे से अपने देश में चल रहे आंतकी शिविरों को ध्वस्त करना चाहिए था। पर बेशर्मी की हद देखिए, कि वे भारत को ही कोसते रहे। नवाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र में उरी की घटना के लिए कश्मीर में बुरहान की मौत के बाद पैदा हुए हालातों को जिम्मेदार घोषित कर दिया।

उरी हमला 18 सितम्बर, 2016 को जम्मू और कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास स्थित भारतीय सेना के स्थानीय मुख्यालय पर हुआ था जिसमें 16 जवान शहीद हो गए थे । यह भारतीय सेना पर किया गया, लगभग 20 सालों में सबसे बड़ा हमला था। उरी हमले में सीमा पार बैठे आतंकियों का हाथ था। इनकी योजना के तहत ही सेना के कैंप पर फिदायीन हमला किया गया था। हमलावरों के द्वारा निहत्थे और सोते हुए जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग की ताकि ज्यादा से ज्यादा जवानों को मारा जा सके।

शरीफ के कुछ मंत्री भी भारत के खिलाफ युद्धोन्माद का माहौल बनाते रहते थे। क्या जिस देश के लाहौर और कराची जैसे शहरों में रोज दस-दस घंटे बिजली न आती हो, जहां बेरोजगारी लगातार संक्रामक बीमारी की तरह फैल रही हो और जिधर विदेशी निवेश नाम मात्र के लिये आता हो, वह देश भारत जैसी विश्व शक्ति से लड़ने के लिए कैसे तैयार हो सकता है? नवाज शरीफ सन 2013 में पाकिस्तान के वजीरे आजम की कुर्सी पर फिर से बैठे थे। बावजूद इसके कि नवाज शरीफ और उनके अनुज शाहबाज शरीफ, जो आगे चलकर देश के प्रधानमंत्री बने, पर करप्शन के अनेकों केस थे। शरीफ परिवार के लिए कहा जाता है कि इनके लिए पाकिस्तान ही इनका खानदान है। इनका बड़ा औद्योगिक घराना भी है। ये जनता को झूठे सब्जबाग दिखा कर ही चुनाव जीतते रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### के रवि कुमार ने किया बूथ निरीक्षण



**लोहरदगा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव झारखंड के रवि कुमार ने शुक्रवार को लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड में ड्रॉप पब्लिकेशन के क्रम में वाचन निरीक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 69-बिशनपुर का मतदान केंद्र संख्या 80 एवं 81 का निरीक्षण किया। बीएलओ से प्राप्त जानकारी के बाद मतदाताओं का एपिक कार्ड (जिसका स्पीड पोस्ट के माध्यम से पोस्ट ऑफिस से वितरण किया जाता है) की समीक्षा के क्रम में बीएलओ से मतदाता अंजली कुमारी का मतदाता पहचान पत्र के संबंध में डिलीवरी की जानकारी हेतु मसमानो पोस्ट ऑफिस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पोस्ट ऑफिस में 19 मतदाता पहचान पत्र अन-डिलीवर्ड पाया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ आदि उपस्थित थे।

### डीसी ने बीएलओ के साथ ली सेल्फी



**लोहरदगा।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शुक्रवार को जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित बीएलओ के साथ सेल्फी ली। इन केंद्रों में राउमवि मन्हो का मतदान केंद्र संख्या 214, राजकीय बुनियादी विद्यालय हिरही का मतदान केंद्र संख्या 207, 208, नप क्षेत्र के राजकीयकृत बालिका मवि लोहरदगा का मतदान केंद्र संख्या 281, राजकीयकृत बालिका उवि का मतदान केंद्र संख्या 279 एवं 280 शामिल है। उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा को नये बीएलओ का प्रशिक्षण कराये जाने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उस पर ध्यान केंद्रित करें : अपर समाहर्ता



**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कक्षा दशम के विद्यार्थियों के लिए एक काउंसिलिंग सेशन आयोजित किया। जिसके मुख्य वक्ता अपर समाहर्ता गुमला सुधीर गुप्ता थे। प्राचार्य डॉ रमाकांत साहु ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आप सर्वप्रथम अपना लक्ष्य निर्धारित करें एवं उस पर अपना ध्यान केंद्रित करें। जीवन में कई बार भटकाव आता है। उससे बचें। आप खुद पर विश्वास रखें और अनुशासित बनें। हमेशा बुरी संगत से दूर रहें और आप किसी भी प्रकार का नशा न करें। अपने सिलेबस को 50 दिनों में पूरा कर बाकी समय रिवीजन पर लगायें, जो भी आपके अंदर बुराईयां हैं उन्हें दूर करें। अपना चरित्र उत्तम बनायें क्योंकि चरित्र किसी व्यक्ति को परिभाषित करता है।

### टोटांबी में करमा पर कार्यक्रम आयोजित, बिशुनपुर विधायक शामिल



**घाघरा।** टोटांबी में शुक्रवार को करमा पर कार्यक्रम किया गया। जिसमें विशनपुर विधायक चमरा लिंडा शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से 62 खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल हुए जहां नृत्य गीत प्रस्तुत किये। विधायक ने कहा कि हमें अपने संस्कृति सभ्यता परंपरा रीति रिवाज को संजोय के रखने की जरूरत है। जल, जंगल, जमीन कि हम सभी को संरक्षण करने की जरूरत है। हम सभी प्रकृति के पूजन है। समाज के लोगों को एकजुट होकर रहने की जरूरत हसि ताकि सभी संरक्षित रह सकेंगे। मौके पर उपस्थित लोगों में शिवराम कच्छप, संतोष तिर्की, देवेंद्र तिर्की, विधायक प्रतिनिधि संजीव उराव, मुखिया विनोद उराव, चंद्रदेव उराव सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### मुखिया ने कई स्कूलों सहित हेल्थ और वेलनस सेंटर का किया निरीक्षण



**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी ने राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल हापामुनि, राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल ईचा और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर ईचा का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में मुखिया ने हापामुनी की शिक्षिका से लेसन प्लान मांगा। जिसे शिक्षिका सुपुर्द नहीं कर पायी। वहीं विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान, इंग्लिश विषय का शिक्षक कमी की जानकारी दी। इसी प्रकार ईचा विद्यालय में भी लेसन प्लान की मांग की गयी, जहां निराशा ही हाथ लगा। शिक्षा के विद्यार्थियों ने की कमी की जानकारी देते हुए कहा कक्षा पांच और छह का क्लास एक ही रूम में लिया जाता है। मौके पर उप मुखिया अजित मनी पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, संजय ठाकुर, संजेश उरांव, सीएचओ एलेन कुजूर, पूनम देवी, सत्यवती कुमारी, बैजनाथ माझी समेत कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

### बेटे ने कर दी थी मां की हत्या

**गुमला।** भरनो पुलिस ने खरवागढ़ा निवासी मुनी देवी हत्याकांड का उदभेदन कर लिया है। घटना को अंजाम देने वाले उसके पुत्र लक्ष्मण तुर्री को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि पुत्र ने ही मां की हत्या कर शव साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से कुंए में फेंक दिया था। एसपी ने बताया कि 25 अक्टूबर को मृतका का शव भरनो पुलिस ने खरवागढ़ा स्थित जद् महली के कुंए से बरामद किया था। कांड के उदभेदन को लेकर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम को कांड के अनुसंधान के क्रम में कई जानकारी मिले। जिसके बाद पुलिस मृतका के पुत्र लक्ष्मीनारायण तुरी को थाना लाकर पूछताछ की।

टीबी फोरम व टीबी टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, स्ट्रैटजिक प्लान का किया गया विमोचन

# डीआर टीबी सेंटर के लिए दो कमरा और नेतरहाट जांच लैब में पानी उपलब्ध कराने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को टीबी फोरम तथा टीबी टास्क फोर्म की बैठक हुई। बैठक में टीबी के संभावित मरीजों की जांच की अद्यतन स्थिति, टीबी नोटिफिकेशन, निक्षय मित्र की अद्यतन स्थिति, एमडीआर मरीज, सीबीनेट व ट्रुनेट जांच की स्थिति तथा टीबी मुक्त गुमला जिला हेतु तैयार किये गये स्ट्रेटजिक प्लान की समीक्षा बिंदुवार की गयी।

उपायुक्त ने डीआर टीबी सेंटर हेतु दो कमरा उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन दिया गया तथा नेतरहाट जांच लैब में पानी की व्यवस्था कराने को कहा। टीबी के मरीजों से संक्रमण की कड़ी कैसे तोड़ी जा सके ताकि इसका फैलाव पूर्णतः बंद हो, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार तथा जागरूकता के निर्देश दिये।

साथ ही सरकार की टीबी प्रिवेंनस थेरेपी टीपीटी हेतु टीबी मरीज के घर के परिवार जनों को सुरक्षा हेतु दिये जाने वाले आएनएच की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने टीबी मरीजों के घरवालों को अबतक टीपीटी के तहत सुरक्षा हेतु जानकारी ली। बैठक में गुमला जिला एनटीईपी द्वारा टीबी मुक्त गुमला जिला बनाने हेतु तैयार किये गये स्ट्रेटजिक प्लान का विमोचन उपायुक्त, डीडीसी तथा जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने किया। इस कार्य योजना को जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों तथा बीडीओ को भेजा जायेगा।



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ गणेश राम ने टीबी फोरम के विषय में बताया कि टीबी से प्रभावित लोगों में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने, समय समय पर टीबी फोरम के द्वारा समीक्षा करने, टीबी रोगियों की चिंता और जरूरतों तथा उनके बेहतर विकास के लिए संगठनों की एक श्रृंखला तैयार करने इत्यादि के विषय में बताया। उनके द्वारा टीबी रोगी की देखभाल, जांच केंद्रों के बीच उनके संवाद को सक्षम करना, पोषण संबंधी सहायता इत्यादि तथा जिला टीबी फोरम की बैठक प्रत्येक छह माह में एक बार करने के विषय में जानकारी दी गयी। टीबी फोरम कमेटी ही टीबी मुक्त गुमला जिला हेतु कार्य संपादित करेगी।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में पंचायत प्रतिनिधिगण, एनजीओ पार्टनर क्रमशः पीरामल स्वास्थ्य एवं रीच इंडिया के प्रतिनिधि, निर्मल कुजूर टीवी चैंपियन, राजेश उरांव एवं जयपाल महली, टीबी सर्वाइवर तथा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के डीपीसी विनय गुप्ता, डीपीएस, उदय प्रताप ओहदार, डीईओ, मुकेश सिंह, पीपीएस को-ऑर्डिनेटर हरिशंकर मिश्रा, एसटीएस सुधांशु भूषण मिश्रा उपस्थित थे।

सुखदेव भगत से उनके आवास पर मिले लोहरदगा, मांडर, बिशनपुर के दर्जनों पारा शिक्षक, वेतनमान दिलाने का भरोसा, कहा

# टेट पास शिक्षकों को वेतनमान दिलाने को करेंगे सार्थक पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा मांडर, बिशनपुर के दर्जनों टेट पास प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (पारा शिक्षक) लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उन्हें पांच सुत्री ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं का निदान करने की मांग किया। टेट पास पारा शिक्षकों ने सुखदेव भगत को बताया कि 14042 पारा शिक्षकों का टेट पास किये हुए 10 वर्ष पूरा हो चुका है।



टेट पास शिक्षकों से मिलते सुखदेव भगत।

टेट पास सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक)को वेतनमान देने के लिए कई उच्च स्तरीय बैठक भी हो चुकी है। विद्वान महाधिवक्ता का भी राय है कि पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जा सकता है। 7 अगस्त 2021 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के समक्ष उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे वेतनमान देने का ड्राफ्ट तैयार हो चुका था बावजूद 2 वर्ष से ऊपर बीत जाने के बावजूद अभी तक सहायक शिक्षकों को वेतनमान नहीं दिया गया है।

**खास बातें :** अभी सरकार 26000 सहायक आचार्य नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाली है। नियुक्ति से पूर्व 14042 टेट पास पारा शिक्षकों को वेतन दिलाने की मांग किये। इसे लेकर रांची में 65 दिनों से टेट पास पारा शिक्षक अनशन पर बैठे हैं। सुखदेव भगत ने टेट पास पारा शिक्षकों को कहा कि आपकी मांगें जायज हैं। आपको वेतनमान दिलाने हेतु मुख्यमंत्री, राज्य कांग्रेस प्रभारी एवं संबंधित विभाग के सचिव से वार्ता करेंगे। श्री भगत ने कहा कि टेट पास पारा शिक्षक शत प्रतिशत स्थानीय हैं। सरकार ने भी इन्हें वेतनमान देने का निर्णय लिया था। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, त्रिपुरा आदि राज्यों में पूर्व से कार्य कर रहे पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जा चुका है।

# स्वस्थ शरीर के लिए रागी से निर्मित पौष्टिक खाद्य पदार्थ का सेवन करें

- उपायुक्त ने किया रागी मिलेट कैफे का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शहर के तेलंगा खड़िया स्टेडियम के समीप स्थित जोहार मिलेट कैफे का शुक्रवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मिलेट कैफे संचालन व्यवस्था एवं विपणन के तरीकों को देखा। उपायुक्त ने वहां से रागी से निर्मित पदार्थों को टेस्ट किया साथ ही उन्होंने भी वहां से रागी निर्मित सामग्रियों की खरीद की। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रागी पदार्थों के ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग को बेहतर करना एवं स्वादिष्ट एवं केमिकल रहित खाद्य पदार्थों को जिले के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। ज्ञात हो कि जिले के कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य बनाने हेतु प्रत्येक सप्ताह आंगनबाड़ी केंद्रों में भी रागी के लड्डू का वितरण सैम-मैम बच्चों के बीच किया जाता है।साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं टीबी के मरीजों को भी हाई न्यूट्रीशन के लिए रागी लड्डू के सेवन करने की डॉक्टर्स के द्वारा सलाह दी जा रही है। जिले के जेएसएलपीएस की ग्रामीण महिलाओं द्वारा शुद्ध देशी घी से निर्मित रागी के खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थों के उपयोग नहीं होने के कारण इसका नियमित सेवन शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी है।



रागी मिलेट कैफे का निरीक्षण करते डीसी व डीडीसी।

### नवनिर्मित थाना भवन का एसपी ने किया निरीक्षण

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंही व एएसपी अभियान मनीष कुमार ने टोटो स्थित नवनिर्मित थाने का निरीक्षण किया और वहां प्रतिनियुक्ति पुलिस कर्मियों को पेट्रोलिंग और थाने की सुरक्षा संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी गुमला बिनोद कुमार उपस्थित थे।

### जलछाजन कार्यशाला का आयोजन 30 को

**लोहरदगा।** जलछाजन प्रकोष्ठ सह आंकड़ा केंद्र, लोहरदगा ने दो दिवसीय जलछाजन कार्यशाला सह स्थल भ्रमण कार्यक्रम 30 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। 30 अक्टूबर को नगर भवन, सदर प्रखंड, लोहरदगा में पूर्वाह्न 11 बजे से जलछाजन कार्यशाला रखी है। उक्त जानकारी उप विकास आयुक्त सह परियोजना प्रबंधक, डब्ल्यूसीडीसी, लोहरदगा ने दी।

### अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार, सरेंडर की अपील



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 24/16 के प्राथमिक अभियुक्त चार्ल्स मिंज पिता पात्रिक मिंज ग्राम चचाली थाना चैनपुर जिला गुमला के घर पर ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाते हुए उसके घर में इश्तेहार चिपकाया और उनके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महिना के अंदर सरेंडर करने की अपील की। वहीं ग्रामीणों से भी पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने को कहें। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट गुमला से निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर में चिपकाया गया है और ग्रामीणों तथा उसके परिजनों से उसे मुख्य धारा से जुड़ने की अपील की गई है। वहीं अगर तय समय पर उनके द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है तो उनके घर की कुर्की जप्ती की जायेगी।

### कार्तिक उरांव जतरा सह फुटबॉल मैच को लेकर बैठक



**घाघरा।** कार्तिक उरांव जतरा सह फुटबाल मैच की तैयारी को लेकर शुक्रवार को बदरी पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मुखिया फिरंगी उरांव ने की। बैठक में आगामी 6 नवंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत व आगामी 17 नवंबर को कार्तिक उरांव जतरा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सफल आयोजन को लेकर कमेटी का बंटवारा भी किया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य तिम्बू उरांव ने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत आगामी 6 नवंबर से होगी। जिसका समापन 17 नवंबर को होगा।

# चैनपुर के डीन फादर रजत एक्का का शव कुएं में मिला

- घटना से क्रिश्चयन समाज के लोग हैं मर्माहत
- रात में दूसरे फादर के साथ खाना खाकर गये थे सोने
- सुबह मिस्सा नहीं कराने पर दूसरे फादर ने कराया
- इसके बाद उनकी खोजबीन आरंभ हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर पारिस के डीन फादर रजत एक्का का शव शुक्रवार को पारिस के बगान स्थित कुंआ से चैनपुर पुलिस ने बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार डीन फादर रजत एक्का फादर पवन लकड़ा के साथ गुरुवार रात 8:30 बजे खाना खाया। इसके बाद दोनों अपने-अपने कमरे में सोने चले गए। फादर पवन लकड़ा ने बताया कि सुबह 5:30 बजे प्रत्येक दिन डीन फादर रजत एक्का मिस्सा के लिए मिस्सा घंटी बजाते थे। मगर शुक्रवार को मिस्सा घंटी नहीं बजाया तो मैंने घंटी बजाय फिर लगा कि सुबह-सुबह कहीं गये होंगे।



कुएं से निकाले गये फादर के शव के साथ लोग।

**शिक्षक बहाली को लेकर हुटार के ग्रामीणों से हुआ था विवाद**

जुलाई 2022 में अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति को लेकर हुटार के ग्रामीणों के साथ डीन फादर रजत एक्का का काफी विवाद हुआ था। ग्रामीणों का आरोप था कि डीन फादर रजत एक्का गलत तरीके से अपनी भतीजी सोसन एक्का की नियुक्ति हुटार अल्पसंख्यक विद्यालय में कर दिये हैं। जिसके बाद मामला काफी बिगड़ गया था। ग्रामीणों ने उनकी भतीजी को विद्यालय में ज्वाइन भी नहीं करने दिया। जिसके बाद काफी मान मनव्वल व गांव में समझौता को लेकर बैठक हुई। जिसमें काथलिक महिला संघ की नेत्री एवं चैनपुर प्रखंड की जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर के साथ फादर हुटार गांव पहुंचे थे। जिस बैठक में ग्रामीणों के बीच काफी तू तू मैं मैं हुआ। मामला इतना बढ़ गया कि ग्रामीणों ने फादर को जान मारने की धमकी दी थी।

**घटना की हर पहलू की जांच कर रही पुलिस, फादर का कमरा सील :** फादर रजत एक्का के कुआं में गिरने से मौत के बाद पुलिस मामले की गहनता पूर्वक जांच कर रही है। हत्या या आत्महत्या सभी पहलुओं पर चैनपुर पुलिस जांच शुरू कर दी है। पुलिस फादर के कमरे को सील कर दिया है और उनके दो मोबाईल सहित कुछ डायरी को भी साथ ले गये हैं। घटना सरल पर पहुंचे गुमला के प्रसाशक लिनुस पिंगल एक्का ने कहा कि घटनाक्रम की पूरी जानकारी साथ में रह रहे फादर पवन लकड़ा ने पुलिस को दिया है।

## नाबालिग के साथ दो लोगों ने किया गैंगरेप, एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो थाना क्षेत्र के नगड़ा गांव में दो लोगों द्वारा नाबालिग के साथ दो युवकों द्वारा सामूहिक बलात्कार किया गया है। जिसे ले नाबालिग द्वारा कैरो थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसपर कैरो थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में प्राप्त जानकारी अनुसार एक नाबालिग विगत सरहुल में अपने रिश्तेदार के घर नामनगर पतराटोली गयी थी। जहां कुडू थाना क्षेत्र के ही लावागाई निवासी चंदर उरांव से भेंट हुआ। जिसके बाद दोनों के बीच जान पहचान हुआ और फोन पर बातचीत होने लगा। इसी बीच विगत 22 अक्टूबर को दशहरा में नाबालिग अपने रिश्तेदार के घर नगड़ा गांव आयी थी।

जिसे चंदर उरांव ने फोन कर बुलाया तथा अपने दोस्त शैलेश उरांव के साथ मिलकर नाबालिग को जबरदस्ती स्कूटी में बैठाकर अपने गांव लावागाई ले जाया गया।

### पहाड़ जतरा को लेकर बैठक का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड के सढाबे गांव में शुक्रवार को ग्राम प्रधान सनिया पहान की अध्यक्षता में 30 अक्टूबर दिन सोमवार को सुबह 9 बजे से लगने वाले ऐतिहासिक पहाड़ जतरा के विषय पर एक बैठक रखी गयी। जिसमें जतरा को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए जतरा कमेटी गठित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष फूलकुमार भगत, उपाध्यक्ष जगबंधन भगत, जगरनाथ उरांव, विनोद साहू, मनोज यादव, कयूम अंसारी, कोषाध्यक्ष नगवा उरांव, शशि उरांव, सह कोषाध्यक्ष जिता उरांव, प्रदीप महली आदि भी थे।

### रेड स्टार व झानद योजना में मची लूट के खिलाफ 30 को बीडीओ को ज्ञापन सौंपेगा भाकपा माले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल, घाघरा प्रखंड इकाई के प्रतिनिधिमंडल 30 अक्टूबर को बीडीओ घाघरा को ज्ञापन सौंप घाघरा प्रखंड के कई गांव में वृक्षारोपण, आवास व मनरेगा सहित 15वें वित्त आयोग का फंड में हुई गड़बड़ी घोटाला मामले में कार्रवाई की मांग करेगा। इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड नवनिर्माण दल किसान मंच, घाघरा, के प्रभारी शिवप्रसाद साहू ने दी। वहीं शिव प्रसाद साहू ने कहा कि घाघरा प्रखंड में 15वें वित्त आयोग की राशि मनरेगा व आवास निर्माण मामले में भारी गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। ग्रामीणों की शिकायत के मद्देनजर पार्टी ने मजदूर व जनहित से जुड़ी उक्त मामले तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई के लिए आंदोलन की भी तैयारी करेगी। बीडीओ मामले की जांचोपरांत कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में पार्टी उपायुक्त को घाघरा प्रखंड की विकास योजनाओं में गड़बड़ी, घोटाला तथा भ्रष्टाचार के मामले को लेकर आंदोलन की भी घोषणा की जायेगी।

जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

# स्कूल-कॉलेजों की छात्राओं को दें सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान विभाग अंतर्गत महत्वपूर्ण योजना जैसे कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मातृ वंदना योजनाओं आदि की समीक्षा की गई। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के समग्र विकास को लेकर किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर एप के अपडेटेड डाटा का विश्लेषण किया। प्राप्त डाटा के अनुसार वजन मापी के तहत एप में 95.41 प्रतिशत एवं गृह भ्रमण के क्रम में 85.91 प्रतिशत की उपलब्धि देखने को मिली। वहीं पोषण ट्रैकर एप में पंजीकृत लाभुकों एवं आधार सत्यापन के कार्य में 95.07 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त हुई। वहीं पोषण ट्रैकर एप के अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंडवार महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सीडीपीओ से शत प्रतिशत डाटा एंट्री कराने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने भीएचएसउनडी डे पर गर्भवती महिलाओं को ट्रैक करने एवं उनके स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक जांच करने का भी निर्देश दिया।



समीक्षा बैठक में शामिल डीसी, डीडीसी व अन्य।

**खास बातें :** उन्होंने कुपोषण एनीमिया के संबंध में भी लोगों को जागरूक करने की बात कही। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को इसके लाभ के बारे में जानकारी देने की बात कही। वहीं सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सभी हाई स्कूल व कॉलेजों में भी इस योजना से छात्राओं को आच्छादित करने को कहा। वहीं जिले के सैम मैम बच्चों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त के सभी सैम बच्चों को रागी लड्डू नियमित रूप से खिलाने को कहा।

# हमारी सभ्यता, संस्कृति और पहचान है जतरा : अनुपमा भगत

- आदिवासियों की पहचान और एकजुटता का परिचय देता है जतरा : नीरू शांति भगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड के हनहट में शुक्रवार को दशहरा जतरा लगा। जतरा स्थल में पहान, पुजार के विधिवत पूजा अर्चना के बाद अगल-बगल से आये खोड़हा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। जिसके बाद आयोजक समिति ने सभी खोड़हा टीम को राशि और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जतरा में खरता, गितिलगढ़, तोडांग, रानिटोंगरी, टाटी सहित करीब 14 गांवों से खोड़हा उपस्थित हुए।

जतरा में लगे खिलौनों व मिठाइयों की दुकानों में खूब भीड़ दिखी। जतरा को सफल बनाने के लिए आयोजक समिति ने कई दिनों से मेहनत की। जतरा में नप अध्यक्ष अनुपमा भगत ने कहा कि हमारी सभ्यता, संस्कृति, और पहचान है जतरा। जिससे अलग-अलग गांव के लोग खोड़हा के माध्यम से जमा होकर अपनी पहचान को बचाते और बताते हैं। जतरा से कहीं न कहीं पूरे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलता है और आगे बढ़ने का हौसला भी बढ़ता है। जतरा में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि आदिवासियों की पहचान और एकजुटता का परिचय देता है जतरा। जतरा में आने से हमारी संस्कृति की जानकारी मिलती है।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि।

## स्पीड न्यूज

### कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे: डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत शुक्रवार को चतरा जिले में मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है थीम पर बीएलओ के कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए 11:00 बजे पूर्वाह्न से दोपहर 12:00 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ माई बीएलो चलाया गया। इसे लेकर मतदान केंद्र संख्या 310, 311, 470, 471, 472, 473, 474 मतदान केंद्रों पर जाकर जिला निर्वाचन पधाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान ने बीएलओ का उत्साहवर्धन किया तथा उनके साथ सेल्फी लेकर उनके महत्व को बताया। साथ ही उक्त मौके पर निरीक्षण के क्रम में बीएलओ से दिनांक–27.10.2023 से दिनांक–09.12.2023 तक चलने वाले विशेष अभियान व बीएलओ ऐप से सबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ उपायुक्त इमरान ने सभी बीएलओ को तन्मयता के साथ काम करने के लिए उत्साहित किया और कहा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे।

### चतरा रेड क्रॉस सोसाइटी में आम सभा का हुआ आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन चतरा में शुक्रवार को आम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ सुरेंद्र उरांव ने की। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। और नई कमिटी का गठन किया गया। गठित कमिटी में राजकुमार अग्रवाल को चैयरमैन, धर्मेंद्र पाठक को सचिव, विवेक केशरी को उपाध्यक्ष, गोपाल वर्मा को कोषाध्यक्ष तथा डॉक्टर विजय कुमार अग्रवाल को मेडिकल ऑफिसर मनोनित किया गया।

### एनटीपीसी ने 40 लाख की लागत से बनाया पुलिस बैरक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सामुदायिक विकास कार्यों पर बढ़ावा देते हुए एनटीपीसी सीएसआर मद से टंडवा थाना परिसर में लगभग 40 लाख की लागत से बनाया गया पुलिस बैरक। शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने नवनिर्मित पुलिस बैरक को विधिवत फीता काट कर एवं शिलापट खोलकर उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित एनटीपीसी के सीजीएम स्वापेन्दू पंडा ने अपने समर्थन और सहयोग की गरिमामयी प्रकट की। ततपश्चात एसपी राकेश रंजन ने एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा की नवनिर्मित बने पुलिस बैरक से पुलिस पदाधिकारियों को सकारात्मक ढंग से काम करने में सहायक होगा। यह इमारत एक ऐसी मिसाल है। ऐसी पहल से क्षेत्र को विकास की बढ़ावा देती हैं।

### डीसी ने बीएलओ संग सेल्फी लेकर किया उत्साहवर्धन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित प्राउड ऑफ माय बीएलओ कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने गढ़वा एवं मेराल प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बीएलओ का उत्साहवर्धन कर उनके महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान डीसी ने बीएलओ संग सेल्फी लेकर उसे एक्स (ट्विटर) सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया। जिससे बीएलओ का उत्साह वर्धन किया जा सके। वहीं जिले भर के मतदाताओं ने भी अपने मतदान केंद्रों पर जाकर बीएलओ संग सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर बीएलओ का उत्साह वर्धन किया।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, 79 ग्रामीणों का हुआ जांच




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली–चन्द्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम शिवपुर में स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 79 ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चों का निशुल्क स्वास्थ जांच कर दवाइयाँ वितरण किया गया।यह जांच शिविर में महाप्रबंधक के पहल पर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रभा कुमारी मौजूद रहीकइस अवसर पर मिस्रौल पंचायत के मुखिया सूबेश राम समेत सैंकड़ो ग्रामीण शामिल थें।

---

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन

# सही मार्ग और ईश्वर की प्राप्ति का रास्ता बताते हैं धर्म गुरु : मिथिलेश ठाकुर





पूजा अर्चना करते मंत्री, यज्ञ स्थल पर भीड़ व मंचासीन धर्माचार्य

### सनातन कल भी प्रासंगिक था, आज भी है और कल भी रहेगा: बादल पत्रलेख

मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में धर्म संसद में शामिल होने आए सूबे के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि सीएम के निर्देश पर महाकुंभ में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं देवघर से हूं। बाबा भोले का सेवक हूं। सावन में वहां भक्तों का सैलाब देखता हूँ। लेकिन यहां का सैलाब अपने आप में अनोखा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म हमे सही जीवन जीने का तरीका बताता है। सनातन कल भी प्रासंगिक था, आज भी है और कल भी रहेगा।

### महान संतो के विचारों को जीवन मे उतारने की जरूरत: उपेन्द्र कुशवाहा

धर्म संसद में पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वामी जी का जहां भी कार्यक्रम होता है मैं जरूर जाता हूँ। यहां का दृश्य देखकर मैं चकित हूं। कई किलोमीटर में सिर्फ लोग ही नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नही है। यह जीवन जीने का सही मार्ग भी बताता है। यज्ञ के आयोजन का अर्थ यहां से मिले अमृतवाणी संदेश को अपने जीवन मं उतारना है। सेवा भाव विकसित करना है। अपने बुजुर्गों का सम्मान करना है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पाल्हे-जतपुरा में चल रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन अभूतपूर्व भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे यज्ञ स्थल के साथ पूरे शहर में जनसैलाब जैसा दृश्य रहा। 10 लाख से अधिक लोगों के यज्ञ स्थल पहुंचने का अनुमान रहा। अहले सुबह से ही देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालु यज्ञ मंडप के परिक्रमा के बाद यज्ञ में आये साु संत का आशीर्वाद लेते रहे। वहीं यज्ञ मंडप में 305 कुंडों पर बैठे यजमानों के आहुति देते हुए स्वाहा की आवाज से क्षेत्र गुंजयमान होता रहा। वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति का सागर उमड़ रहा था। परिक्रमा के दौरान कई एकड़ में बने यज्ञ मंडप छोटा पड़ जा रहा था। महिलाओं की उपस्थिति सबसे अधिक रही। पुलिस प्रशासन को भीड़ नियंत्रित करने में पसीने छूट गए। वोलेंटियर भी लोगों को व्यवस्थित करने में लगे रहे। वही यज्ञ स्थल पर कई स्थानों पर भजन कीर्तन का दौर लगातार चलते रहा। कोलकाता से आये मंडली द्वारा अखंड कीर्तन किया गया। प्रसाद वितरण केंद्र पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। देश के महान संत पूज्य श्री जीयर स्वामी महाराज के सानिय में महायज्ञ हो रहा है। महायज्ञ का समापन 28 अक्टूबर को होना है।

### राजनीति धर्म के बिना सुना है : सरयू राय

धर्म संसद में शामिल होने आए जमशेदपुर विधायक सरयू राय ने कहा कि राजनीति धर्म के बिना सुना है। धर्म दीर्घकालिक राजनीति है। राजनीति समेत समस्त कार्य धर्म आधारित होने चाहिए। राजनीति और धर्म को अलग नही कर सकते। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से धर्म संसद में शामिल होने धर्म गुरु आये हैं। धर्म की अवधारणा क्या है यह धर्म गुरु हमलोगों को बताएंगे लेकिन धर्म विहीन जीवन की कल्पना नही की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यहां आकर वे धन्य हो गए। यहां का माहौल काफी धार्मिक है। धर्म संसद में सचिव मनीष रंजन, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय सहित अन्य लोगों ने भी विचार व्यक्त किया।

**पुलिस रख रही थी विशेष नजर :** महायज्ञ में चौथे दिन उमड़ी भीड़ अभूतपूर्व था। प्रशासन व यज्ञ समिति जे अनुमान से काफी अिक लोग यज्ञ में पहुंचे। जिसके कारण पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। भारी भीड़ के कारण कुछ चैन स्नैचर के भी यज्ञ में शामिल होने की बात सामने आई। जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और चाक चौबंद किया गया। वाच टावर से दूरबीन द्वारा पुलिस भीड़ पर नजर बनाए रख रही थी। वहीं भीड़ भाड़ वाले इलाके में महिला पुलिस की अतिरिक्त तैनाती करनी पड़ी। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर इंस्पेक्टर कृष्णकांत, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह के अलावे दर्जनों पुलिस अधिकारी सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे। शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के चौथे दिन यज्ञ स्थल पर अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद का आयोजन किया गया। धर्म संसद में देश के महान धर्माचार्य मौजूद रहे। धर्म संसद में कांचीपुरम के पूज्य पाद गादी स्वामी जी महाराज, बालक स्वामी जी महाराज, बिहार के पूर्व डीजीपी जगद्गुरु गुप्तेश्वर गोविंदाचार्य महाराज, इस्कन के प्रमुख, स्वामीनारायण मंदिर मुंबई के भक्ति प्रकाश दास, अक्षरधाम मंदिर के श्यामनारायण महाराज, स्वामी सत्यप्रकाश दास जी, शास्त्री स्वामी हरिओम प्रकाश दास जी, शास्त्री स्वामी श्री स्वरूप दास जी सहित सनातन व जैन धर्म के कई धर्मगुरु मौजूद रहे। साथ ही झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बादल पत्रलेख, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के केंद्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, विाायक सरयू राय, रामचन्द्र चंद्रवंशी, भानू प्रताप शाही, बिहार के विधान पार्षद जीवन कुमार, अशोक सिंह, पीएचइडी के प्रधान सचिव मनीष रंजन, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव सहित अन्य लोग धर्म संसद में मंचासीन रहे।

धर्म संसद में शामिल होने आए सूबे के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यहां आकर और यहां लोगों का ार्म के प्रति आस्था देखकर मैं काफी खुश हूं। यहां लोगों की संख्या का अनुमान लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम लोग राजनीति में हैं और राजनीति का भी एक धर्म है। धर्म एक आस्था है। राजनीति को धर्म से अलग रखना चाहिए। ईश्वर सभी लोगों को मानव बनाकर धरती पर भेजते हैं लेकिन धरती पर आकर धर्म, जाति बदलता है। उन्होंने कहा कि स्वामी जीयर स्वामी जी महाराज की जीवन शैली देखकर लगता है कि वो साक्षत भगवान हैं। इस युग में आजतक मोबाइल, टीवी का प्रयोग नही करना, मीडिया को इंटरव्यू नही देना, 24 घण्टे में एक बार सिर्फ नारियल पानी और दूध पीकर रह जाना यह सिर्फ महापुरुष ही कर सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी यहां आने वाले थे लेकिन माता की तबियत खराब होने के कारण नही आ सके।

---

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के केंद्रीय संयुक्त सचिव पहुंचे कोडरमा

# प्रखंडों का दौरा कर जल शक्ति अभियान के कार्यों का किया निरीक्षण, संतुष्टि व्यक्त की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** केंद्र सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव के के सोन शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे और जल शक्ति अभियान (कैच-द-रैन) के तहत विभिन्न प्रखंडों में किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सोन ने जयनगर प्रखंड के पिपचो पंचायत के मरदिहा में जीर्णोद्धार अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, तालाब में जल की क्षमता का जानकारी लेते हुए कहा कि आने वाले समय में इस तालाब से रबी की खेती में किसानों को काफी लाभ होगा, इसके बाद संयुक्त सचिव मरकच्चो प्रखंड के अरकोशा पंचायत में मनरेगा से निर्मित पार्क का निरीक्षण किया, साथ ही मनरेगा से निर्मित होने वाले डोभा का शिलान्यास और मुर्गी शेड निर्माण का उदघाटन किया, वहीं पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का सन्देश दिया। वहीं तेलोडीह में बहुउद्देश्यीय ग्रामीण जलापूर्ति योजना का भ्रमण किया, डोमचांच प्रखंड के शेरसिंघा गांव में



मनरेगा से निर्मित पार्क और बागवानी योजना, अमृत सरोवर के तहत निर्मित तालाब आदि का निरीक्षण कर संतुष्टि व्यक्त किया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ आदि मौजूद थे।

कोडरमा दौरे के क्रम में संयुक्त सचिव श्री सोन मरकच्चो प्रखंड के अरकोशा गांव के ग्रामीणों से मिले और उनसे कृषि और आजीविका की जानकारी लेते हुए ग्रामीणों को खेती कार्यों के साथ-साथ स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित किया। श्री सोन ने ग्रामीणों को गांव में बागवानी करने, जल शक्ति अभियान को आगे बढ़ाने और अधिक से अधिक जल संरक्षण करने की बात कही।

उन्होंने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विविध कारणों से हर वर्ष पर्याप्त बारिश नही हो रही है, ऐसे में जल संरक्षण के दिशा में ध्यान दें, ताकि बागवानी और खेती के लिए सिंचाई किया जा सके, बहते पानी को रोकने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि गांव में स्वरोजगार के लिए जिला प्रशासन मछली पालन को बढ़ावा दें, इस दौरान उन्होंने गांव की लाभुक कंचन देवी को मुर्गी पालन व वर्षा देवी को चूड़ी निर्माण को लेकर मुद्रा लोन की राशि प्रदान की गई।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत, मछुआरों ने निकाला युवक का शव

**चतरा।** जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के जुटहा गांव में गुरुवार को तालाब में डूबने से 15 वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई। वह जुटहा गांव के मो. हनान के 15 वर्षीय पुत्र मो. इरफान था। मो. हनान ने बताया कि उसका पुत्र जानवर चराने गया था। इस दौरान वह तालाब के पास कैसे गया पता नहीं चला। जब उसे खोजबीन करने लगे तो पता चला कि तालाब के पास गया था। जिसके बाद गांव वालों की मदद से तालाब में उसे ढूंढने लगे। काफी पानी होने के कारण उसे कोई अता-पता नहीं चला तब जाकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने इसकी सूचना बारा गांव के मछुआरों को दी। मछुआरों के डेढ़ घंटे के मशक्कत के बाद नाबालिग का शव 24 घण्टे के बाद शव को तालाब से निकाला गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।ग्रामीणों ने बताया को मो. इरफान जानवर चराने के क्रम में अपने चार दोस्तों के साथ तालाब में नहाने लगा। इस दौरान वह गहरे पानी मे चला गया तब अन्य दोस्त वहां से भाग गए। जब मो.इरफान के परिजन अपने पुत्र को खोजने लगे तो पता चला कि तालाब में डूब गया है। जिसके बाद ग्रामीणों के तालाब में उसे काफी खोजबीन की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। अंततः मछुआरों के मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। तालाब से शव निकलते ही परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया।

---

# प्रदीप हत्याकांड मामले में 5 गिरफ्तार, 2 कार व 3 मोबाइल जप्त

### हत्या के कारणों को पुलिस ने नही किया खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** पुलिस ने अपहरण के बाद हत्या करने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, साथ ही घटना में प्रयुक्त सफेद रंग का आल्टो कार और काले रंग के हुंडई कार के अलावे 3 मोबाइल जप्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में डोमचांच थाना क्षेत्र के सिंगलोडीह निवासी सूरज कुमार राणा पिता सुभाष राणा, तिलैया थाना क्षेत्र के भादोडीह निवासी दलजीत सिंह पिता परमजीत सिंह, हजारीबाग जिले के इचाक थाना क्षेत्र के मंगुरा निवासी जगदीश महतो उर्फ भोला पिता महावीर महतो, कोडरमा थाना क्षेत्र के लरियाडीह




निवासी सूरज कुमार सिंह उर्फ बादल पिता विनोद सिंह और न्यू कॉलोनी निवासी विवेक कुमार पिता राजनीति पासवान के नाम शामिल हैं। वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी दिया, एसपी द्वारा जारी किए गए प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड निवासी सुनीता देवी ने बीते 22 अक्टूबर को अपने पति प्रदीप पण्डित के अपहरण करने का आरोप दलजीत सिंह व अज्ञात पर लगाते हुए तिलैया थाना में कांड संख्या 258/23 में मामला दर्ज कराया गया था, कांड के उद्भेदन के लिए एसपी द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया, टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा साक्ष्य के आधार पर बीते 26 अक्टूबर को सिंगलोडीह निवासी सूरज कुमार राणा को गिरफ्तार किया और उसके स्वीकारोक्ति ब्यान व निशानदेही के आधार पर अपहृत प्रदीप पण्डित के शव को डोमचांच अम्बादाह के खदान से बरामद किया गया। साथ ही उक्त हत्याकांड में शामिल उपरोक्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की गई।

---

## एक नजर में

### अवर सचिव ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कोडरमा।** जिले में मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन पर निर्वाचन विभाग के अवर सचिव संजय प्रसाद श्रीवास्तव शुक्रवार को कोडरमा पहुंचे और कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 132, 133, 134, 139, 144 और 145 क भ्रमण कर कार्यक्रम का जायजा लिया, इस दौरान सम्बंधित बूथ के बीएलओ को स्वच्छ समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, अनिल कुमार, शशिकांत मणि, रवि कुमार, वर्षा जयसवाल आदि मौजूद थे।

### संयुक्त सचिव ने अधिकारियों को दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** प्रखंडों का भ्रमण के उपरांत श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव के के सोन अधिकारियों के साथ बैठक कर जल शक्ति अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण को लेकर किये गए कार्यों की जानकारी ली, साथ ही कई आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में विभागीय निर्देश के आलोक में जल शक्ति अभियान के तहत कई कार्य किये गए हैं, अभियान के तहत बनाये अमृत सरोवर को जिओ टैगिंग कर दी गई है, मनरेगा से पार्क, बागवानी समेत जल संरक्षण को लेकर किये गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

### नये सीओ के रूप में कमल किशोर ने दिया योगदान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नए अंचल अधिकारी के रूप में कमल किशोर सिंह ने शुक्रवार को 30वें सीओ के रूप में योगदान दिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि जितने भी भूमि विवाद से संबंधित मामले लंबित हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। साथ ही सरकार के दिए गए दिशा निर्देश के आलोक में सभी भूमि विवाद के मामले का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो आम जनों की समस्याओं को देखते हुए प्रत्येक शनिवार को विशेष कैंप आयोजित कर भूमि विवाद के मामले निष्पादित किया जायेगा। जबकि प्रतिदिन आम लोगों की समस्या सुनने के लिए कार्य करेंगे। योगदान के पश्चात् सभी कर्मचारियों से कार्य को लेकर वार्तालाप किया।

### शरद पूर्णिमा महोत्सव आज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा महोत्सव शनिवार को मनाया जायगा। जिसकी तैयारी राष्ट्रीय स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों के द्वारा कर ली गयी है। मौके पर बाल कृष्ण भजन मंडली के द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

### अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोडरमा।** समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मेघा भारद्वाज मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत नई दिल्ली के लिए अमृत कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी प्रखंडों से संग्रहित अमृत कलश में मिट्टी और चावल लेकर नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवकों की टीम दिल्ली के लिए रवाना किया गया। जहां 30 और 31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (कर्तव्य पथ) के पास शहीदों के सम्मान में एक अमृत वाटिका विकसित की जाएगी।

न्यू शमशेर टेलीकोम जियो डिस्टीब्यूटर मोबाईल दुकान का उद्घाटन
मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित बंधन चौक में शुक्रवार को न्यू शमशेर टेलीकोम जियो डिस्टीब्यूटर मोबाईल दुकान का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय सिंह, मुखिया रंजीत सिंह, इरफान अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं प्रमुख ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का मोबाईल दुकान खुलने से ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। इस दुकान में मल्टी ब्रांडेड कम्पनी का मोबाईल किफायती कीमत पर उपलब्ध होगा। वहीं संचालक शमशेर अंसारी ने कहा कि दुकान में नये मोबाईल बिक्री के साथ-साथ एसोसीरीज व मोबाईल रिपेयरिंग का कार्य संतोष जनक तरीके से कम्प्यूटर से किया जाएगा। मौके पर रविशंकर तिवारी, नौसाद अंसारी, मिन्हाज अंसारी, समीम अंसारी, अमजद अंसारी, रमेश सिंह, रंजीत यादव, पंकज सिंह, विकास सिंह, मो. ताज, शाकिर अली, सलीम अंसारी, सोहराब आलम आदि लोग मौजूद थे।

### एनएचएम कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर की ड्यूटी

**मझिआंव।** झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के निर्देश पर एनएचएम कर्मियों का पूर्व में बढ़ाये गये 15 प्रतिशत मानदेय वृद्धि को निरस्त करने एवं दिये गए मानदेय की वसूली का आदेश जारी करने के विरोध में मझिआंव रेफरल अस्पताल के एनएचएम कर्मियों ने शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर काम किया। इस संबंध में रेफरल अस्पताल की बीपीएम रूबी तब्बसुम ने बताया कि मई माह में स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में रांची में हुई बैठक में एनएचएम (झारखंड राज्य एड्स प्रोग्राम सोसाइटी अंतर्गत कार्यरत अनुबंध कर्मियों का सातवें वेतनमान के विरुद्ध 15 प्रतिशत मानदेय की वृद्धि की गई। इसके बाद सभी एनएचएम कर्मियों को जून, जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2023 का मानदेय बढ़े हुए मानदेय के अनुसार मिला। इसके बाद 15 अक्टूबर 2023 को स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव द्वारा वीडिओ कांफ्रेसिंग के मायम से सिविल सर्जन गढ़वा को निर्देश जारी करते हुए कहा गया कि 15 प्रतिशत मानदेय वृद्धि को निरस्त किया जाता है और चार महीने तक वृद्धि करने के बाद मिले मानदेय की वसूली की जाय। यह आदेश किसी भी तरह से न्याय संगत नही है। इसका हम लोग काला बिल्ला लगाकर विरोध कर रहे हैं। अगर इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो हम सभी एनएचएम कर्मी हड़ताल करने पर विवश होंगे। मौके पर डॉ. कविता वर्मा, डॉ. वीर प्रताप सिंह, डा. शमशेर सिंह, बीपीएम आलोक कुमार सिंह सहित रेफरल अस्पताल के एनएचएम कर्मी उपस्थित थे।

### जिपस रंजनी ने की क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पुजा अर्चना कर क्षेत्र, प्रदेश एवं समस्त देशवासियों की सुख, समृद्धि शांति एवं खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने महायज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं को भंडारा में महाप्रसाद खिलाने में सेवा प्रदान की। उन्होंने कहा कि ऐसा पुणीत कार्य का मौका मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात है।

### नमस्कार की सार्थकता महापुरूष के ही चरणों में झुकने में है : रत्नेश प्रपन्नाचार्य

**श्री बंषीधर नगर।** वाल्मीकि राम को महापुरुष कहकर नमन करते हैं। सच कहूं तो महापुरूष ही नमन के योग्य है। महापुरूष वो हैं जिसके आगे सिर स्वतः झुक जाता है। आज तो स्वार्थ के लिए हर कोई हर किसी के आगे झुकने को तैयार है। पर नमस्कार की सार्थकता तो महापुरूष के ही चरणों में झुकने में है। कोई महापुरूष बनता कैसे है? जीवन में महत्ता आती कैसे है? ये विचारणीय है ताकि उसे जानकर प्रेरणा ली जा सके। उक्त बातें श्री बंशीधर नगर के पाल्हे जतपुरा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में जगद्गुरू रामानुजाचार्य रत्नेशप्रपन्नाचार्य जी ने प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि क्षुद्र स्वार्थ और व्यक्तिगत सुख के लिए जीने वाले कभी महापुरूष नहीं बन सकते। उसके लिए समस्त सुख-सुविधाओं का त्याग कर घर से बाहर निकलना पड़ता है। कुश-कंटकों पर चलते हुए सर्दी, गर्मी और बरसात को सहते हुए महान लक्ष्य की ओर अग्रसारित होते रहना पड़ता है। घर में पलंग पर लेटकर ख्वाब गढ़ने वाले कोई बड़ी क्रान्ति नहीं करते जब तक संघर्ष की आग में तपने के लिए बाहर न निकलें। श्रीराम महापुरूष इसीलिए कहे गये क्योंकि समस्त अवतारों में सर्वाधिक दुख उन्होनें ही उठाये हैं। दूसरे की पीड़ा के दंश को वही समझ सकता है जो दुख की आग में स्वयं झुलसा हो। इसका परिणाम यह हुआ कि श्रीराम सर्वाधिक सुख देने वाले भी हुए। श्रीराम के जीवन की दो बातें जो विशेष उल्लेखनीय है और हमारे लिए सबसे अधिक प्रेरक है। पहली बात तो यह कि बड़ी से बड़ी विपत्ति से वो घबराये नहीं, कभी हिम्मत नहीं हारे।

## स्पीड न्यूज

### कामता पंसस अयुब खान ने दी 30 अक्टूबर से कफन सत्याग्रह पर बैठने की चेतावनी

**चंदवा।** माकपा नेता सह कामता पंसस अयुब खान ने प्रेस बयान जारी कर टोरी चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज और स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं होने पर कफन सत्याग्रह पर बैठने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि नेशनल हाईवे (एनएच) विभाग के अधिकारियों और फुट ब्रिज निर्माण के एजेंसी जानबूझ कर फ्लाई ओवरब्रिज ओर फुट ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं कर रहे हैं। फ्लाई ओवर ब्रिज और फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं की गई तो दिनांक 30 अक्टूबर 2023 से सत्याग्रह किया जाएगा। नेशनल हाईवे (एनएच) और फुट ब्रिज एजेंसी पर जानबूझ कर फ्लाई ओवरब्रिज व फुट ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू नहीं करने का लगाया आरोप

### पंचमुखी दुर्गापूजा पंडाल में आज होगा रामलीला का शुभारंभ



तैयारी में जुटे पात्र कलाकार।

**बरवाडीह।** पंचमुखी दुगार्पूजा समिति बरवाडीह बाजार के तत्वाधान में 28 अक्टूबर दिन शनिवार से दुगार्पूजा पंडाल के प्रांगण में रामलीला का मंचन कराया जा रहा है, जो 28 अक्टूबर से आगामी 06 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान 11 दिनों तक बरवाडीह भक्तिमय नजर आयेगी। उत्तरप्रदेश के विंध्याचल से आए रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला मंचन की प्रस्तुति दी जाएगी। शनिवार से शुरू हो रहे रामलीला मंचन का समय शाम 7 बजे से देर शाम 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके लिए मंच को तैयार किया जा रहा है, और कलाकार उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए है। पंचमुखी पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि रामलीला भाईचारे और सांस्कृतिक सौहार्द का प्रतीक है, और अभी लगातार त्यौहारों का उत्सव भी है। ऐसे में बरवाडीह के लोग भक्ति में लीन रहें। इसे लेकर रामलीला मंचन का आयोजन कराया जा रहा है ।दुगार्पूजा पूजा समिति के लोगों ने तमाम बरवाडीह प्रखण्ड वासियों और रामभक्तों से मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की लीला देखने के लिए कार्यक्रम में शामिल होकर रामलीला मंचन कमेटी को सहयोग करने और कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### प्राउड ऑफ माई बीएलओ के तहत उपायुक्त हिमांशु मोहन ने मतदान केंद्र में बीएलओ के साथ ली सेल्फी



मौके पर मौजूद डीसी, एसडीओ व अन्य।

**लातेहार।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के तहत 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। ऐसे में आज सुबह 11:00 से 12:00 बजे के बीच विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विशेष हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ माई बीएलओ संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उपायुक्त हिमाशु मोहन के द्वारा बुनियादी उच्च विद्यालय धर्मपुर, लातेहार के मतदान केंद्र संख्या 198 में जाकर बीएलओ पूजा देवी के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अपील किया कि अभियान के दौरान अपने मतदान केन्द्र पर जाकर वहां उपस्थित बी०एल०ओ० के साथ सेल्फी फोटो लेकर लेकर अपने सभी शोसल मीडिया हेन्डल्स पर प्राउड ऑफ माई बीएलओ के साथ पोस्ट कर उनका उत्साहवर्धन करें, ताकि निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को समुचित सम्मान व उनका उत्साहवर्धन किया जा सके।

### झामुमो का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन तीन नवंबर को

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बालूमाथ प्रखंड कमिटी द्वारा प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी तीन नवंबर को आयोजित होगा। इसकी जानकारी देते हुए झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने बताया कि संगठन को और मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसके अलावा राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा गरीबो के लिये चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सहित कई विषयों पर चर्चा होगा। आयोजित सम्मेलन में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, झामुमो जिलाध्यक्ष मोती लाल नाथ शाहदेव उपस्थित रहेंगे। आगे उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बालूमाथ के झाबर, मुरपा, शेरेगड़ा, गनेशपुर, भगिया, बालू समेत कई पंचायतों के कार्यकर्ता इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

---

मंगरा में एक साथ 45 विस्फोट के मामले ने एक बार फिर पकड़ा तूल, विभाग ने दोषी संवेदक को बचाने का किया काम

# विनय कु. शर्मा ने कराया था एक साथ 45 विस्फोट

▸▸ जिला परिषद की बैठक में जिप सदस्य ने अखबारों के पन्ने लहराते हुए अधिकारियों से किया सवाल



मामले में सवाल करतीं जिप सदस्य।



आक्रोशित ग्रामीणों ने विनय शर्मा का किया था घेराव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा ग्राम में बीते दो जून को पुल निर्माण कार्य में बगैर अनुमति के एक साथ 45 डायनामाईट विस्फोट में हुई आम लोगों को क्षति के बावजूद दोषी संवेदक पर अब तक विभाग द्वारा किसी प्रकार की कारवाई नहीं किए जाने के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया हैं। शुक्रवार को लातेहार में आयोजित जिला परिषद की बैठक में बरवाडीह पश्चिमी जिप सदस्य संतोषी शेखर ने विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबर को सदन में प्रस्तुत करते हुए मामले में कारवाई के नाम पर विभाग द्वारा की गई खानापूर्ति पर सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग के द्वारा संवेदक के साथ मिलीभगत कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है और गलत तरीके से फर्जी जांच रिपोर्ट सदन को दिखाकर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है, जो किसी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिप सदस्य ने घटना को लेकर अखबार में प्रकाशित खबरों को दिखाने के साथ-साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट और घटना के बाद हुए नुकसान की भरपाई को लेकर पेटी कांट्रेक्टर सह सरकारी शिक्षक विनय कु.शर्मा के द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन की कॉपी सदन को उपलब्ध कराने का काम किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एक आम आदमी अगर कोई विस्फोटक लेकर जाता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाता है, मगर यहां बगैर अनुमति के भारी मात्रा में विस्फोट की घटना को अंजाम देने वाले और जांच में घटना की पुष्टि होने के बाद भी अब तक वैसे लोगों पर कार्रवाई करने के बजाय विभाग द्वारा दोषियों का बचाव किया जा रहा है, जो काफी दुखद है। मामले को लेकर जिला परिषद सचिव के द्वारा विभाग को फटकार लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने का निर्देश दिया।

#### सरकारी शिक्षक है पेटी कांट्रैक्टर विनय शर्मा

बता दें कि मंगरा में दो जून को अचानक हुए 45 डायनामाइट विस्फोटक से लोग दहशत में आ गए थे। कार्य करा रहे पेटी कांट्रैक्टर सह कुमंडीह विद्यालय के सरकारी शिक्षक विनय कु शर्मा ने बगैर किसी सरकारी अनुमति के चोरी छुपे भारी मात्रा में विस्फोटक लाकर विस्फोट की घटना को अंजाम दिया था। आसपास के लोगों को एहतियात बरतने के लिए कोई पूर्व सूचना तक नहीं दी गई थी। जिसे लेकर आक्रोशित ग्रामीणों और महिलाओं ने विस्फोट कराने वाले शिक्षक सह संवेदक विनय कु.शर्मा का घेराव कर दिया था। जिसके बाद विनय शर्मा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया था।

#### इनका हुआ था नुकसान

इस ब्लास्ट की घटना में स्थानीय निवासी सुकन सिंह, परमेश्वर सिंह, भुनेश्वर सिंह, कुंज बिहारी सिंह, ठाकुर सिंह, बनवारी सिंह, जगदम्बा देवी, मनोरमा देवी और पुष्पा देवी सहित अन्य कई घरों को क्षति पहुंची थी। वहीं अपने घर में सो रहे परेमश्वर सिंह के खपड़ेल छप्पर को चीरकर एक पत्थर सीने में लगने से घायल हो गए थे।

#### भाजपा नेताओं ने भी की थी कार्रवाई की मांग

बता दें कि मामले को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ सहदेव और पूर्व विधायक सह भाजपा लातेहार जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने भी वरीय अधिकारियों से दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग की थी।

## बारियातू पुलिस ने पलामू व चतरा के चार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातू।** बारियातू पुलिस ने चतरा व पलामू के चार अभियुक्त के घर पहुँच कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से विधिवत इश्तिहार तामिल किया। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ थाना (वर्तमान थाना बारियातू) कांड संख्या 248/19 के प्राथमिक अभियुक्त युगल भारती पिता श्री भारती ग्राम चिन्दरी गोविन्दपुर थाना प्रतापुर, जिला चतरा, कांड संख्या 181/21 के प्राथमिक दो अभियुक्त उपेन्द्र भुईयां पिता स्व. बांधो भुईयां एवं राजेश सिंह पिता झुगुल सिंह ग्राम केहल दोनों थाना मनातु जिला पलामू एवं कांड संख्या 71/21 के प्राथमिक अभियुक्त आक्रमण जी उर्फ रविंद्र गंझु उर्फ विनायक सिंह भोकता पिता गुनेश्वर गंझु ग्राम नागद थाना मनातू जिला पलामू के विरुद्ध मननीय न्यायालय द्वारा उक्त सभी चारो अभियुक्त का इश्तिहार निर्गत किया गया था। जिस के आलोक में शुक्रवार को थाना के पुलिस अवर निरिक्षक दीपक नारायण सिंह, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु एवं सशस्त्र बल के द्वारा स्थानीय थाना के सहयोग से सभी चारों अभियुक्त के घर विधिवत इश्तिहार चिपकाया गया।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आगामी 15 नवंबर को गुरीटांड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थली पर मनाए जाने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर शुक्रवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक में जयंती के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं लगने वाले जतरा मेला को सफल बनाने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया व सर्वसमिति से कई निर्णय भी लिए गए। कार्यक्रमो की रूपरेखा तय करने को लेकर अगली बैठक 29 अक्टूबर सुबह 7 बजे रखी गयी। बैठक में सितमोहन मुंडा, बबन मुंडा, सुखदेव मुंडा, लखन मुंडा, रँथु मुंडा, कर्मा मुंडा, अंजन मुंडा, गणेश मुंडा, मुकुल मुंडा, जलेश्वर मुंडा, तेतरा मुंडा, लखन मुंडा, भुनेश्वर मुंडा, जतरु मुंडा समेत दर्जनों की संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

## मतदाता सूची प्रारूप का किया गया प्रकाशन



मौके पर मौजूद लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** मतदाता संक्षिप्त पुनिरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत प्रखंड के सभी बुथों में मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन शुक्रवार को किया गया। सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया की मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है कि कार्यक्रम के तहत कई मतदान केंद्रों में बीएलओ के साथ सेल्फी भी ली गई और कार्यक्रम सफल बनाने मे अहम भूमिका निभा रहे हैं। ससमय मतदाता सूची से सम्बंधित सभी कार्य संपूर्ण रूप से करने पर बीएलओ की बीडीओ कुमारी ने सराहना भी किया। साथ ही निर्वाचक पदाधिकारी प्रतिमा ने कई बूथों में जाकर मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन का जायजा भी लिया। वहीं प्रखंड के सभी मतदाता जो अबतक किसी कारण वश अपना नाम मतदाता सूची में नही जोड़वा सके है वैसे लोग 28 व 29 अक्टूबर एवं चार व पांच नवंबर को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर नाम जोड़वाने की बात कही। मौके पर निर्वाचक सहायक आलोक दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## यूबीआइ लातेहार शाखा ने नागरिक सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम का किया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मौके पर मौजूद शाखा प्रबंधक, प्राचार्य व अन्य।

**लातेहार।** बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय परिसर में शक्रवार को यूनियन बैंक आफ इंडिया लातेहार शाखा द्वारा नागरिक सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता के द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारी को नागरिक सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा का शपथ दिलाई और सभी वचनबद्ध होकर पालन करने का शपथ लिए। इसके पश्चात शाखा प्रबंधक गुप्ता के द्वारा एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। वहीं विजेता प्रतिभागी प्रथम अनुप्रिया कुमारी, द्वितीय श्रवण प्रसाद तृतीय किरण कुमारी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वहीं शाखा प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को एजुकेशन लोन एवं बैंक संबंधित अन्य जानकारियां छात्राओं को दी। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने संबोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया लातेहार शाखा के शाखा प्रबंधक को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सराहनीय पहल है। ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा छात्राओं के बीच जागरुकता आएगी। कार्यक्रम में शाखा के प्रियंका तिर्की ने क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। मौके पर महाविद्यालय के एस प्रसाद, केएलएम राणा, हरिप्रसाद सिंह, संतोष पासवान, बैद्यनाथ महतो, रविंद्र कुमार, डॉ. नरेश कुमार पांडे, सीमा इशरत बानो, तुलेश्वर कुमार उरांव, ओम प्रकाश गुप्ता, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद उपस्थित रहे। वहीं कविता कुमारी, अनुप्रिया, नेहा कुमारी, पूर्णिमा, की भूमिका सराहनीय रही।

## आजसू ने डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**लातेहार।** लातेहार में डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर शुक्रवार को आजसू पार्टी ने डेमू पंचायत के हुंडरू गांव में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। अभियान का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण व विद्यार्थियों से हस्ताक्षर अभियान चला कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया है। जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने कहा कि लातेहार में डिग्री कॉलेज के लिए दो भवन बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दस माह पहले उद्घाटन भी कर दिया गया। लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। जिस कारण यहां के विद्यार्थियों उच्च पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्या को देखते हुए आजसू पार्टी द्वारा दो नवंबर को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके बावजूद भी पढ़ाई शुरू नहीं हुई तो चरमबद्ध आंदोलन की जाएगी।

## बाइक से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शुक्रवार को दिरीदाग ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पंकज भुईँया 30वर्ष पिता सुरेश भुईंया ग्राम सासंग थाना चंदवा निवासी लातेहार से बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी दौरान दिरीदाग ग्राम के समीप तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ. सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक गंभीर स्तिथि को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

## एक नजर में

### ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर फातिहा खानी व लंगरखानी का किया गया इंतजाम

**महुआडांड़।** महुआडांड़ स्थित मस्जिद जामिया नूरिया ज्याउल इस्लाम में ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर फातिहा खानी व लंगरखानी का इंतजाम किया गया। इस दौरान मस्जिद के मोहतमिम मुफ्ती शब्बिर सहर कादरी,मुफ्ती सब्बर ज्या कादरी,कारी अहमद रजा, हाफिज नदीम अख़्तर समेत मदरसे के तलबा के द्वारा तकरीर व नात पढ़ी गई। वहीं गौस पाक अब्दुल कादिर जिलानी रजि० के जिवनी पर प्रकाश डालते हुए मुफ्ती शब्बिर सहर कादरी ने बताया कि इनकी शान सभी वलियों से अफजल है। वे अपनी पूरी जिन्दगी में हमेशा सच बोले हैं और हमेशा इस्लाम के सरबलंदी के लिए काम किए हैं। जिसके बाद सलातो सलाम व फातिहा खानी की गई।और लोगों के बीच लंगर बांटा गया।और जो लोग शामिल नहीं हो सके थे सभी को जुम्मा नमाज के बाद तक अंजुमन कमिटी के द्वारा लंगर बांटा गया। मौके पर अंजूमन कमिटी के सदस्य मदरसा के तलबा व मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद थे।

### पुलिस हिरासत में हुई कैलाश सिंह की संदेहास्पद मौत की न्यायिक जांच हो : प्रतुल शाहदेव



प्रतुल शाहदेव।

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार से मांग की है कि चंदवा थाने के हाजत में बंद कैलाश सिंह की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत की न्यायिक जांच का आदेश दे। प्रतुल ने कहा कि मजिस्ट्रेट की जांच से स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद कम है। आगे कहा कि पुलिस हिरासत में किसी भी मौत को सर्वोच्च न्यायालय ने भी बेहद गंभीर मामला माना है। प्रतुल ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड बने, वीडियो ग्राफी हो और रिपोर्ट भी सार्वजनिक करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि आरोप लग रहा है कि जिस समय कैलाश सिंह की गिरफ्तार रही हुई थी, वह ठीक था। फिर अचानक उसकी मौत कैसे हो गई प्रतुल ने लातेहार एसपी से आग्रह किया कि इस जांच से चंदवा पुलिस को दूर रखा जाए क्योंकि यह मौत चंदवा थाना के परिसर के भीतर हुई है। प्रतुल ने कहा कि जांच का जिम्मा लातेहार जिला पुलिस मुख्यालय के किसी उच्च अधिकारी को देना चाहिए। हिरासत में हुई मौत के जितने भी मापदंड केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने तय किए हैं, उनका भी शत प्रतिशत अनुपालन होना चाहिए।

### चंदवा के अलौदिया में राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



रो-रोकर परिजन बेहाल।

चंदवा। शहर से सटे अलौदिया ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार की देर रात्रि राजमिस्त्री महेंद्र साव (55 वर्ष) ने अपने घर मे गमछी को फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। मध्यरात्रि बाद घर के अंदर सो रहे लोगो की नजर पड़ने के बाद उसे फंदे से नीचे उतारा गया लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी। इधर परिजनों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद शुक्रवार की अहले सुबह चंदवा पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंच कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। घटना को लेकर मृतका की पत्नी रेवती देवी ने बताया कि महेंद्र साव गुरुवार की शाम शराब पी थी व रात्रि में परिवार के लोगो के साथ ही खाना खाया था, खाना खाने के बाद परिवार के लोग घर के अंदर सो गए जबकि महेंद्र साव घर के बरामदे में ही सो रहे थे, पता नहीं कब और क्यों फांसी लगाया लिया इधर महेंद्र साव की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

---

पूनम देवी ने सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने की कही बात

# जिला परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले पूर्व की बैठक में जिला परिषद सदस्यों के द्वारा उठाऐं गए मामले पर हुई कार्रवाई एवं अनुपालन संबंधित एजेंडा को रखा गया। जिस पर जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा सभी सदस्य एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की बात कही गई एवं जिला परिषद सदस्यों के द्वारा उठाए गए मामलों पर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिला परिषद सदस्यों के द्वारा बतायी गई समस्याओं पर पदाधिकारी गंभीरता से कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान सभी जिला परिषद सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में होने वाली समस्या को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में जिला परिषद से होने वाले कार्य पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में 15 वीं वित्त आयोग के तहत वर्ष 2022-23 के चयनित योजना के कार्यान्वयन पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा 15 वित्त आयोग के तहत 2023-24 के लिए जिला परिषद विकास योजना की तैयारी पर सदस्यों ने विचार प्रकट किया। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं, जल आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला परिषद उपाध्यक्षा अनीता देवी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव समेत सभी जिप सदस्य एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## शिक्षक ने छात्रा से की छेड़छाड गिरफ्तार

**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के एक विद्यालय की छात्रा को शिक्षक राजू नंदन साहा लगातार तीन-चार दिनों से शोषण कर रहे थे। इस मामले में छात्रा के परिजनों ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया है। परिजन ने बताया कि शिक्षक राजू नंदन साहा द्वारा तीन-चार दिनों से गलत नीयत से उनके बच्ची को देखा जा रहा था। राजू अश्लील बातों के साथ बच्ची के शरीर के साथ भी छेड़छाड़ करता था। शुक्रवार को भी समय करीब 12 बजे राजू नंदन साहा ने बच्ची को पुनः कमरे के अंदर बुला छेड़छाड़ कर रहा था। यह सब देख एक बच्चा ने परिजन को खबर दिया। जब परिजन वहां पहुंचा तो देखा की बच्ची काफी डरी हुई थी। बच्ची से पूछे जाने पर बच्ची ने परिजनों को सारी आपबीती सुनाई। तत्पश्चात परिजनों ने नगर थाना पहुंचकर शिक्षक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। नगर थाना पुलिस ने त्वरित शिक्षक राजू नंदन साहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सह नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि नगर थाना में पोक्सो एक्ट के तहत कांड संख्या 203/23 दर्ज किया गया है। आरोपीत को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है।

## फांसी के फंदे से लटकता मिला बिहार के हवलदार का शव

**पाकुड़।** नगर थाना क्षेत्र के शिव शीतला मंदिर परिसर स्थित (टीओपी) के एक कमरे में पदस्थापित 58 वर्षीय हवलदार ललन पासवान का शव पंखे में रस्सी के सहारे लटकता पाया गया। हवलदार ललन पासवान बिहार के मुंगेर जिला के रहने वाले थे। सूचना मिलते ही पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ,प्रशिक्षु डीएसपी अजय आर्यन, नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ,सदर अस्पताल की चिकित्सक मनीष कुमार मौके पर पहुंचे और शव को उतार कर आगे की कारवाई में जुट गई है। मृतक हबलदार ललन की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाई है ।पोस्टमार्टम के बाद ही यह खुलासा हो पाएगा। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सोनाजोड़ी भेजने की प्रक्रिया चल रही थी।

## पूर्व डाकपाल स्व अखिलेश वर्मा की मनी पुण्य तिथि

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आवासीय परिसर में दायित्व ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य एवं प्रधान डाकघर के पूर्व डाकपाल स्वर्गीय अखिलेश कुमार वर्मा की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। विदित हो कि आज के ही दिन 2016 में अखिलेश कुमार वर्मा आंशिक रूप से बीमार अवस्था में इस दुनिया को छोड़कर चले गए। स्वर्गीय वर्मा अपने पूरे जीवन में शादगी और ईमानदारी को आधार बनाकर शिक्षा के प्रति समर्पित रहे। ट्रस्ट के चेयरमैन सह उनके पुत्र अविनाश कुमार वर्मा ने अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके आकांक्षाओं और इच्छाओं के अनुरूप जीवन यापन करने का वादा करते हुए उन्हें नमन किया, जिनमें मुख्य रूप से ट्रस्ट की सदस्या एवं वर्मा क्लोसेट बुटीक की संचालिका पिंकी वर्मा, अभिलाषा वर्मा, विशाखा वर्मा एवं आकाश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एनवाइके ने किया मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**हरिहरगंज पलामू।** नेहरू युवा केंद्र, पलामू के द्वारा हरिहरगंज प्रखण्ड अंतर्गत सीता +2 उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय मेरी माट्टी-मेरी देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि देश सर्वपरी होना चाहिए। जिस स्वतंत्रता के लिए लोगों ने बलिदान दिया वो बनी रहे इसके लिए आपसी एकता आवश्यक है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के माध्यम से दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होने वाला है जो पुरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करेगा।

# छपरा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव

एजेंसी



बिहार के बेगूसराय, औरंगाबाद के बाद छपरा में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस पर पत्थरबाजी की घटना के बाद भारी तनाव की स्थिति बन गई है। इसे देखते हुए एहतियाती कदम के तहत सदर अनुमंडल इलाके में दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद पर रोक लगा दी गयी है। घटना भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार की है। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई। छत के ऊपर से दो पत्थर चलाए गए उसके बाद दोनों से लोग भड़क गए। इस घटना में छह से अधिक लोग जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी का इलाज चल रहा है। दो गुटों के बीच तनाव को लेकर पुलिस कैम्प कर रही है। डीएम एसपी खुद इलाके में जमे हैं। दस लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बताया जा रहा है कि देर रात शुक्रवार को प्रतिमा विसर्जन का जुलूस निकला। एक धार्मिक स्थल के पास गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ। इस पर कहा सुनी देखते देखते पत्थरबाजी में बदल गई। आरोप है कि जुलूस के साथ चल रही पुलिस पीछे हट गई। दोनों ओर के लोगों ने बवाल किया। पत्थर चलाए गए जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचा दिया। कहा जा रहा है कि पहले से इसकी तैयारी की गयी थी।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन के गांव पहुंचे नीतीश, दोनों एक मंच पर नजर आये

एजेंसी



बिहार के सीएम नीतीश कुमार शुक्रवार को पूर्व सांसद आनंद मोहन के पैतृक गांव पंचगछिया पहुंचे। जहां आनंद मोहन और नीतीश लंबे अर्से बाद एक मंच पर दिखे। इस दौरान नीतीश की पार्टी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद रहे। नीतीश ने पूर्व सांसद आनंद मोहन के दादा स्वतंत्रता सेनानी रामबहादुर सिंह और चाचा पद्मानंद सिंह ब्रह्मचारी का आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद और बेटे तथा राजद विधायक चेतन आनंद भी मौजूद रहे। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि पंचगछिया, सहरसा-'कोसी का गांधी' कहे जाने वाले स्व. राम बहादुर सिंह जी और उनके पुत्र स्वतंत्रता सेनानी स्व. पद्मानंद सिंह ब्रह्मचारी जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

ठाकुर विवाद के बाद से सीएम नीतीश के आनंद मोहन के पैतृक गांव पंचगछिया आने से सियासत तेज हो गई है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि आनंद मोहन जदयू में शामिल हो सकते हैं। 'ठाकुर का कुंआ' विवाद पर आनंद मोहन के बयानों पर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने नाराजगी जताई थी। 5 अक्टूबर को आनंद मोहन ने सीएम नीतीश से मुलाकात की थी। और दोनों के बीच काफी लंबी चर्चा हुई थी। जिसके बाद से कई तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। नीतीश सरकार ने बिहार जेल मैनुअल 2012 में बदलाव करके पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई कराई थी। 27 अप्रैल को सहरसा की जेल से आनंद मोहन बाहर आए थे।

## पिकअप वैन व बाइक की टक्कर से तीन की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

अमड़ापाड़ा (पाकुड़ )थाना क्षेत्र से सटे गोपीकांदर थाना क्षेत्र के जियापानी ढलान में शुक्रवार देर शाम को एक पिकअप वैन और मोटरसाइकिल में आमने-सामने के भीषण टक्कर में तीन व्यक्ति की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई।जिसमें एक व्यक्ति का सिर धड़ से अलग हो गया।वही पिकअप वैन चालक मौके के से फरार होने में सफल रहा।वही घटना की सूचना गोपीकांदर थाना को मिलते ही प्रभारी सहित पुलिस बल घटना स्थल पर पहुँचकर मामले की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के रस्सीटोला का बताया जा रहा है। जो बाइक संख्या जेएच 21एफ 3006 में सवार होकर दुमका की ओर जा रहा था। तो वही विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन संख्या डब्लू.बी 65 डी 6390 से जोरदार टक्कर से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही परिजनों को सूचना मिलने पर परिजन घटना स्थल पहुंच कर रोने लगे वही इस घटना की सूचना पर परिजन सहित गाँव वाले और अगल बगल के लोगो की भारी भीड़ जुटने लगी वही मृतक बिट्टू मरांडी उम्र (18) जाहेर टोला, बाबु लाल मरांडी उर्फ दरिया मरांडी उम्र (19)जाहेर टोला अमडापाडा, जोहन गांव निपनिया का बताया जा रहा है। वही खबर लिखे जाने तक शव पुलिस की देखरेख में घटना स्थल पर ही मौजूद थे।

## इंसानियत का मिसाल पेश कर रहे है समाजसेवी अजहर इस्लाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** इंसानियत अभी जिंदा है, भले ही कलयुग का जमाना आ गया हो लेकिन अभी भी लोगों के दिलों में इंसानियत कहीं ना कहीं जिंदा है। इस बात का सबूत है। जानकीनगर गांव के अली अकबर के सुपुत्र अजहर इस्लाम की पहल पाकुड़ सदर प्रखंड के मालपहाडी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीता पहाड़ी गांव की घटना इदरीश शेख उम्र 80 वर्ष पत्नी लाल बनी वेवा उम्र 60 वर्ष सीता पहाड़ी छः मास मोड पश्चिम पाड़ा कुछ महीने पहले गरीब का आशियाना बरसात के कारण गिरा मकान, इस घर में तीन लोग निवास करते हैं। इदरीश शेख लाल बनी बेवा की बहन अलीहर खातून अपने दीदी के ही घर पर रहकर निवास करती थी बरसात में घर गिर जाने के कारण इनका परिवार बेघर हो गया। इदरीश शेख ने बताया विभागीय पदाधिकारी मुखिया पंचायत समिति को इसकी सूचना दी गई थी। लेकिन कोई मदद के लिए आगे नहीं। आया यह खबर अली अकबर के पुत्र समाजसेवी अजहर इस्लाम के संज्ञान में आते ही फौरन मदद के लिए अपने लोगो को उनके घर भेजा और पूरे मामले की जानकारी ली। और उनके घर बनाने का बीड़ा उठाया। और जब तक घर कंप्लीट हुआ तब तक का इस गरीब परिवार को खाने-पीने के समान चावल दाल आटा सभी जरूरतमंद सामान मुहैया कराया गया आज यह घर बन के पूरा हो चुका है। समाजसेवी अजहर इस्लाम ने यह साबित कर दिया है की इंसानियत अभी जिंदा है। आपको बताते चले पूरे पाकुड़ सदर प्रखंड में समाजसेवी अजहर इस्लाम गरीबों को शीतलहरी के मौसम में कंबल, राशन प्रत्येक वर्ष गांव गांव जाकर बांटा करते हैं। इनकी जितनी भी तारीफ की जाए वह काम है। अजहर इस्लाम ने बताया क्या लेकर आए हैं क्या लेकर जाएंगे, जब तक रहेंगे गरीबों के मदद करते रहेंगे यह प्रेरणा मुझे मेरे पापा अली अकबर से मिली है।

## दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन



अनुपमा यादव के गाने पर रात भर झुमते रहे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

हिरणपुर( पाकुड़ )प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य पर गुरुवार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की और से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घघाटन सिविल एसडीओ हरिवंश पंडित, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, समाजसेवी सह पत्थर व्यवसायी लुत्फल हक, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत,हिरणपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अरुणिमा बागे, समिति के अध्यक्ष दीपक साहा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के पश्चात समाज सेवा में बेहतर कार्य करने को लेकर सावर्जनिक दुर्गा पूजा की ओर से पत्थर व्यवसायी सह समाजसेवी लुत्फल हक को मोमेंटो देकर व शाल ओढ़ाकर अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। उद्घाटन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंची प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव ने एक से बढ़कर एक भजन व भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर सभी श्रोता झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रोताओं ने रात भर सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत गायक निहाल मिश्रा ने गणेश वंदना से की। उसके बाद भोजपुरी स्टार अनुपमा यादव स्टेज पर पहुंची और एक के बाद एक कई गाने गाएं। इसके अलावा भोजपुरी गीतों पर नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। जहां गायिका अनुपमा यादव ने सुर में सुर मिलाकर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं स्वीटी नाद ने भी अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का मन मोह लिया। उद्घाटन कार्यक्रम से पूर्व पिछले दिनों मिनी डांस प्रतियोगिता में हुए विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर सामिति के नारायण भगत, जयकिशन भगत, रविन्द्र भगत, रंजीत भगत, अजय यादव, अमित सिन्हा, लड्डु, उत्तम, संजय, राधेश्याम, राजकुमार, मुन्ना, राजीव, विशाल, चंदन, मिलनआदि मौजूद थे।

# आदिवासी छात्र हत्याकांड का एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** आदिवासी छात्र आनंद लाल सोरेन की लाठी-डंडा से पीटकर निर्मम हत्या करने के मामले में एक अन्य नामजद अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस नाट्कीय ढ़ंग से न्यायालय में आत्मसर्पण करने से पहले ही आरोपी को धर दबोचने में सफल रहा। गिरफ्तार 20 वर्षीय प्राथमिक अभियुक्त संतोष यादव है। ज्ञात हो कि बीते रविवार को फुटबॉल मैच देखकर आनंद लाल सोरेन अपने साथी के साथ अपने घर कुरमाहाट आदिवासी टोला आ रहा था। इसी बीच सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से उनकी बाइक असंतुलित होकर मवेशी से टकरा गई थी। जिसके बाद करीब आधा दर्जन चरवाहों ने मिलकर आनंद लाल सोरेन की लाठी डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतक आनंद लाल सोरेन के दोस्त के बयान पर पिता-पुत्र सहित तीन नामजद व चार से पांच अज्ञात पर कांड संख्या 81/23 के तहत 302/34 भादवी की धारा में पुलिस प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही सभी आरोपी अपने घरों को छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस की लगातार दबिश के बाद नामजद आरोपियों में से एक डहरु यादव उर्फ मुकेश यादव बुधवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हत्याकांड के दूसरे नामजद आरोपी संतोष यादव न्यायालय में आत्मसर्पण करने पहुंचा है। जिसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी की गिरफ्तार को लेकर सादे लिबास में जाल बिछा गिरफ्तारी के फिराक में थी। किसी को भनक लगती इससे पहले ही थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के नेतृत्व में चारो तरफ तैनात पुलिस कर्मी आरोपी को धर दबोचने में सफल रहे। लोगों और अधिवक्ताओं को कुछ समझ में आता इससे पहले की पुलिस आरोपी को धर दबोच अपने बोलेरों में सवार कर ली। सादे लिबास में पुलिस की हरकत लोग समझ पाते इससे पहले ही आरोपी को लेकर पुलिस निकलने में सफल रही। हंसडीहा पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर घटना स्थल पर ले जाकर हत्या में प्रयुक्त बांस-लाठी को बरामद करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी। गिरफ्तार डाहू यादव उर्फ मुकेष यादव एवं संतोष यादव सगा भाई है। हलांकि पुलिस की पकड़ से अब भी तीसरा नामजद आरोपी गिरफ्तार आरोपियों के पिता जीतन यादव पुलिस की पकड़ से दूर है। यहां बता दें कि गुरुवार को आदिवासी छात्र हत्या के विरोध में आदिवासी समाज ने कुरमाहाट में महापंचायत बुलाई थी। जिसके बाद उग्र भीड़ दुमका हंसडीहा स्टेट हाइवे को जाम कर आदिवासी छात्र आनंद लाल सोरेन को न्याय दिलाने की मांग कर रहे थे।

दुमका पुलिस अपने वादे के मुताबिक आरोपी को तयषुदा समय से पहले गिरफ्तार करने में सफल रही। आदिवासी महापंचायत समाप्त करने और जाम हटाने को लेकर डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार ने आक्रोषित लोगों को समझाते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी की गिरफ्तारी का आष्वासन दिया था। जिसके बाद देर शाम लोग माने और जाम हटावाया जा सका। किसी अनहोनी नहीं हो इसको लेकर जिले के डीएसपी, जरमुंडी एवं डीएसपी मुख्यालय समेत आस-पास के सरैयाहाट, तालझारी, जरमुंडी, रामगढ़ समेत कई थाना के पुलिस बल की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुरी तैयारी में दिखे।

गौरतलब हो कि बीते 22 अक्टूबर को फुटबॉल मैच देख लौट रहे जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के ठाड़ी गांव के समीप देर शाम आदिवासी छात्र आनंद लाल सोरेन (16) की लाठी डंडो से पीटकर आरोपियों ने निर्मम हत्या कर दिया था। जिसके बाद से पूरे क्षेत्र में आदिवासी समाज में उबाल हो गया। घटना के विरोध में संताल परगना प्रमंडल के विभिनन जिले से आदिवासी समाज के लोगों ने महापंचायत बुलाकर घटना के विरोध में दुमका-भागलपुर मुख्य पथ को घंटो जाम कर दिया था। आक्रोषित लोग सड़क जाम कर मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी, 25 लाख का मुआवजा एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर दोषी को सजा दिलाने की मांग पर घंटो अड़े रहे।

खबर एक नजर में

## अवैध हथियार और 2जिंदा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिली गुप्त जानकारी के अनुसार एक युवक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस लेकर खैरबनी ग्राम थाना लल मटिया जिला गोड्डा में घूम रहा है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा ने ललमटिया थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह को निर्देश देते हुए उसे तत्काल गिरफ्तार करने का आदेश दिया। थाना प्रभारी ने अपने सहयोगी के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए लक्ष्मण हांसदा उम्र 42वर्ष ग्राम पिता सांझला हांसदा ग्राम बड़ी खरबनी से उस अपराधी को ग्राम बड़ा खैरबनी से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। ललमटिया थाना में इस संबंध में एक प्राथमिकी संख्या 93/23 दिनांक 26/10/23 को आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। छापेमारी में इनके इनके साथ अन्य सहयोगी भी साथ थे।

## राजमहल सांसद ने करीब 3 करोड़ की लागत से पूल व सड़क कार्य का किया शिलान्यास

**गोपीकांदर।** राजमहल सांसद विजय हांसदा ने शुक्रवार को दो सड़कों एवं एक पुल का शिलान्यास शुक्रवार को नारियल फोड़कर किया। स्थानीय लोगों ने सांसद का स्वागत संथाली रीति-रिवाज के साथ किया गया। सांसद ने जीतपुर से कारीपहाड़ी तक के लागत 96 लाख है। बाबूपुर से चन्द्रमाली 8 किलोमीटर तक बनेगी। जिसका कुल लागत 64 लाख है। बाकीजोर गांव में 2 करोड़ 35 लाख रुपए से बनने वाली पुल निर्माण और सड़क निर्माण होने से स्थानीय लोगों में खुशी का मौहल देखा गया। ग्रामीणों ने सरकार और स्थानीय सांसद को धन्यवाद दिया।

## पेज 1 का शेष

### दूरसंचार क्षेत्र में...

बैटरी चार्ज करने और बैटरी बदलने से कोई फायदा हुआ। ऐसे में जनता ने ही ऐसी आउटडेटेड सरकार को ही बदल दिया। पीएम ने कहा कि 2जी के दौरान क्या हुआ था, मैं उस बात का जिक्र नहीं करूंगा वरना वहीं खबर बन जायेगी। पीएम ने कहा, भारत में पिछले 1 साल में मोबाइल ब्रॉडबैंड की स्पीड तीन गुना बढ़ गयी है। हमारे कालखंड में 4जी का विस्तार हुआ और एक भी दाग नहीं लगा। एनडीए सरकार के कार्यकाल की तारीफ करते हुए बताया कि 2014 कोई तारीख नहीं, यह बदलाव है। भारत में सबसे तेजी से 5जी मोबाइल सेवाएं शुरू की गयीं एक साल के भीतर चार लाख 5जी बेस स्टेशन स्थापित किये गये। भारत मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड में 118वें स्थान से अब 43वें स्थान पर पहुंच गया है। **सीमाओं पर खतरा कम होगा :** पीएम मोदी ने कहा कि निर्माण श्रृंखला में आत्मनिर्भरता का विशेष महत्व है, जब उपकरण राष्ट्र की सीमाओं में बने होंगे तो खतरा काम होगा। उन्होंने कहा कि भारत 2014 के बाद प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में नये आयाम तय कर रहा है उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ भारत में तेजी से 5जी का विस्तार कर रहे हैं बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं। 21वीं शताब्दी का यह कालखंड भारत की थॉट लीडरशिप (नयी-नयी सोच रखने वाले लोगों) का समय है। हम कुछ क्षेत्रों में थॉट लीडर बने हैं, जैसे यूपीआइ हमारी थॉट लीडरशिप नयी सोच का परिणाम है, देश आज डिजिटल भुगतान प्रणाली में पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, इसी तरह कोविड महामारी के समय में टीकाकरण के लिए कोविन हमारी नेतृत्वकारी सोच का नतीजा था।

### आज रात 1:05 से...

शरद पूर्णिमा की रात खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे चंद्रमा की रोशनी में रखे जाने की परंपरा है, जिसे लोग ग्रहण करते हैं। स्वामी सत्यनारायण के अनुसार चंद्रग्रहण की वजह से खीर सुतक लगने से पहले बनाकर तुलसी का पत्ता रखना श्रेयस्कर होगा, क्योंकि सूतक शाम 4:05 से शुरू हो जायेगा जो ग्रहण समाप्ति यानी रात 2:24 तक रहेगा। इस दौरान खीर को ढंककर रखें और चंद्रग्रहण समाप्त होने के पश्चात आप खुले आसमान में रखकर सूर्योदय से पूर्व इसे प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर सकते हैं। स्वामी दिव्यानंद महाराज के अनुसार चंद्र ग्रहण वृष राशि वालों के लिए शुभ नहीं है। वहीं मिथुन, वृश्चिक, कुंभ और कर्क राशि वालों के लिए लाभप्रद होगा। सिंह, कन्या, तुला, मकर और मीन की करें तो इनके लिए दुख, चिंता, पीड़ा और क्षति के योग हैं। ऐसे जातकों को चंद्र ग्रहण के दौरान सूर्य की आराधना के साथ-साथ अपने इष्ट देव का जप करना चाहिए। यह ग्रहण मेष राशि में लग रहा है इस कारण से इस राशि के लोगों को इसे देखने से बचना चाहिए। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को भी चंद्र ग्रहण को नहीं देखना चाहिए।

### झारखंड में ट्राइबल डिजिटल...

ऐसे जनजातीय समूह के लोगों को पक्के आवास, स्वच्छता, पाइपलाइन के जरिये शुद्ध पेयजल, बिजली-सौर विद्युतीकरण, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीडीएस और ई-श्रम का लाभ, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी तक पहुंच, शिक्षा, सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता हो सके। सथ ही हर मौसम में सड़क कनेक्टिविटी, मोटर बाइक एम्बुलेंस-मोबाइल स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, वनोत्पाद आधारित आजीविका, राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों और संघों को संगठित करके आजीविका में सुधार समेत अन्य सुविधाओं से आच्छादित किया जा सके। **विभिन्न आयामों से जोड़ने का होगा कार्य :** अति कमजोर जनजातीय समूह को एक ओर जहां सामाजिक बुनियादी ढांचे में समाहित किया जायेगा। वहीं, इनके पारंपरिक आजीविका की गतिविधियों को मजबूत करने का कार्य होगा। जेटीडीएस चने की खेती और एसएचजी और क्लस्टर आधारित एफपीसी और महिला समूहों के माध्यम से जेएसएलपीएस इसके लिए कार्य करेगा । सिदो कान्हू वनोपज फेडरेशन के माध्यम से इनके उत्पादों का बाजारों तक पहुंच बनाकर आय में वृद्धि की जायेगी। समूह में पाये जाने वाले एनीमिया, विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया और कुपोषण की व्यापकता में कमी सुनिश्ति करने के लिए खाद्य सुरक्षा, डाकिया योजना, लाभ और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने को प्रमुखता दिया जायेगा। **पीवीटीजी युवाओं को निः शुल्क आवासीय कोचिंग :** मुख्यमंत्री की पहल पर असुर, कोरबा, माल पहाड़िया, बिरहोर, सबर, बिरजिया, सौर पहाड़िया जैसे आठ अति संवेदनशील जनजातीय समुदाय के युवक-युवतियों के नियोजन के लिये निःशुल्क आवासीय कोचिंग का शुभारम्भ कुछ माह पूर्व किया गया है। प्रथम चरण में 150 युवाओं को विभिन्न परीक्षाओं के लिये तैयार किया जायेगा। इसमें 60 से अधिक युवतियां हैं। अति संवेदनशील जनजातीय समुदाय के लिए यह देश का पहला आवासीय कोचिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ है।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand) Ground Floor, Engineer's Hostel - I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com
CORRIGENDUM-VIII- Corrigendum for Cancellation
Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)
Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023
It is to inform that the Tender Ref.: JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023 for "Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)" has been cancelled.
Corrigendum VIII can be downloaded from the Jharkhand e-Procurement Portal (https://jharkhandtenders.gov.in)
PRNO-310044 CEO,JAP-IT

स्पीड न्यूज

## सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 नवंबर तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शराब घोटाले में गिरफ्तार सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 10 नवंबर तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने सिंह को अपने पारिवारिक खर्चों के साथ-साथ संसद सदस्य के रूप में अपने कार्यों के लिए कुछ चेक पर हस्ताक्षर करने की भी अनुमति दी। न्यायाधीश ने संबंधित जेल अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे सिंह का उनके निजी डॉक्टर सहित उचित इलाज सुनिश्चित करें।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बबनराव ढाकणे का निधन

**मुंबई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बबनराव ढाकणे का शुक्रवार को बीमारी के चलते निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ढाकणे (86) एक निजी अस्पताल में भर्ती थे और निमोनिया का इलाज करा रहे थे। उन्होंने गुरुवार रात अंतिम सांस ली। चंद्रशेखर के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में ढाकणे ऊर्जा राज्यमंत्री थे। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में भी मंत्री पद संभाला था, जिसमें उनके पास लोक निर्माण और ग्रामीण विकास जैसे मंत्रालय थे।

## मेक्सिको में तूफान से 27 की मौत

**मेक्सिको।** मेक्सिको में ओटिस तूफान से भारी तबाही हुई है। मेक्सिको की सरकार ने गुरुवार को कहा कि श्रेणी पांच के तूफान ओटिस ने कम से कम 27 लोगों की जान ले ली। इसे देश में आए अब तक के सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक माना जा रहा है। इसने अकापुल्को के समुद्र तट रिसॉर्ट को नुकसान पहुंचाया है। इससे अरबों डॉलर का नुकसान हुआ। ओटिस की वजह से सड़कों पर पानी भर गया। घरों और होटलों की छतें उड़ गईं। कारें जलमग्न हो गईं और संचार, सड़क और हवाई पहुंच में दिक्कतें हो रही हैं। तूफान की वजह से लगभग 900,000 की आबादी वाले शहर अकापुल्को में मलबा फैल गया।

## सैनी बने हरियाणा के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को पार्टी की हरियाणा इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री सैनी की नियुक्ति के साथ ही निवर्तमान हरियाणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।

## यूपीएससी ने सात विभागों में नियुक्ति के लिए घोषित किये अभ्यर्थियों के नाम

**नयी दिल्ली।** यूपीएससी ने केन्द्र सरकार के सात विभागों में नियुक्ति के लिए चयनित अभ्यर्थियों के शुक्रवार को नाम घोषित किए। आयोग ने सहायक निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) महानिदेशक और जनगणना आयुक्त का कार्यालय (गृह मंत्रालय) के लिए सहायक निदेशक के पद के लिए 29 अभ्यर्थी, आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार विभाग कल्याण के लिए सहायक प्राध्यापक (यूनानी) (अम्रेज जिल्द वा तजीनियत) के दो अभ्यर्थी, , मुख्य सलाहकार (कॉस्ट कार्यालय, व्यय विभाग (वित्त मंत्रालय) के लिए सहायक निदेशक (कॉस्ट) के 22 अभ्यर्थी, , राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज के लिए रासायनिक स्नातकोत्तर के पद के लिए एक अभ्यर्थी, नागरिक उड्डयन के महानिदेशालय, के लिए परिचालन ऑफिसर के पद के लिए तीन अभ्यर्थी, केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, निदेशालय फोरेंसिक विज्ञान सेवाएँ के सहायक केंद्रीय खुफिया अधिकारी ग्रेड- कचार अभ्यर्थी और वैज्ञानिक 'बी', केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालायें, निदेशालय फोरेंसिक विज्ञान सेवायें के लिए पांच अभ्यर्थी चयनित किये गये हैं।

# इजराइली सेना ने हमास के तीन शीर्ष कमांडरों को मार गिराया

**▶▶ इब्राहिम जादबा, रिफात अब्बास और मारूफ ने सात अक्टूबर को इजराइल में किया था नरसंहार**

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल ने फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के तीन शीर्ष कमांडर को ढेर कर दिया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तीनों के फोटो के साथ यह सूचना साझा की है। आईडीएफ का कहना है कि उसके लड़ाकू विमानों ने हमलाकर हमास की सबसे मजबूत दाराज तुफाह बटालियन के तीन महत्वपूर्ण कमांडर इब्राहिम जादबा, रिफात अब्बास और तारेक मारूफ को ढेर कर दिया। इन तीनों ने सात अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ आक्रमण और नरसंहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।




**गाजा पर गरजे टैंक :** इजराइल के टैंकों ने गाजा में भारी तबाही मचाई है। इजराइल के युद्धक विमानों ने गुरुवार को खान यूनिस (गाजा) में आवासीय क्षेत्रों में बमबारी की। इससे पहले इजराइल के टैंकों व सैन्य टुकड़ियों ने गाजा में हमास के ठिकानों पर सीमित जमीनी हमला किया। जमीनी हमले से पहले टैंकों व पैदल सेना की टुकड़ी ने हमास नियंत्रित गाजा में रातभर छापे मारे। इस स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र ने चेताया है कि गाजा पट्टी में ईंधन खत्म होने की कगार पर है। इस वजह से उसे क्षेत्र में राहत प्रयास रोकने को मजबूर होना पड़ेगा। इजराइल की वायुसेना ने एक वीडियो जारी कर कुछ बंधकों को छुड़ाए जाने का दावा किया है। कहा गया है कि इस ऑपरेशन को दक्षिणी इजराइल सीमा के पास किबुत्ज बेरी में अंजाम दिया गया। हमास ने भी दावा किया है कि इजराइल के हवाई हमलों ों गाजा में 50 बंधकों की मौत हो गई है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में 1600 लोगों के लापता होने की सूचना है। इनमें 900 बच्चे भी हैं। हवाई हमले में ध्वस्त हुई इमारतों में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। इजराइली वायुसेना ने हमास के 250 ठिकानों को निशाना बनाया है। इजराइल की थल सेना आज आगे बढ़ सकती है।

## सीरिया पर अमेरिका ने किया एयर स्ट्राइक



इस युद्ध के बीच अमेरिका ने सीरिया में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े दो स्थानों पर एयर स्ट्राइक की है। पेंटागन ने कहा कि ये हमले अमेरिकी ठिकानों और कर्मियों के खिलाफ हाल ही में किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों का जवाब है।

## रोजगार मेले में आज 51 हजार नियुक्ति पत्र देंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को रोजगार मेले में नवनियुक्त कर्मियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार इस अवसर पर प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ इस पहल का समर्थन करने वाले राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में ये नियुक्तियां की जा रही हैं।

देश भर से चुने गए नए कर्मचारी रेल मंत्रालय, डाक , गृह मंत्रालय, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय समेत विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों में नियुक्त किये जायेंगे। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

# 25 रुपये किलो प्याज बेचेगी सरकार

## जल्द मिलेगी महंगाई से राहत, बफर स्टॉक से खुदरा बाजार में बिकेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 57 प्रतिशत बढ़कर 47 रुपये प्रति किलोग्राम होने के बाद केंद्र ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुदरा बाजारों में 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बफर स्टॉक से प्याज की बिक्री बढ़ाने का शुक्रवार को फैसला किया। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत शुक्रवार को बढ़कर 47 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 30 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में



शुक्रवार को प्याज की खुदरा कीमत 40 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 30 रुपये प्रति किलोग्राम थी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बताया कि हम अगस्त के मध्य से बफर स्टॉक से प्याज दे रहे हैं और कीमतों में और वृद्धि को रोकने तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए हम खुदरा बिक्री बढ़ा रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार, जिन राज्यों में कीमतों में तेज वृद्धि हो रही है वहां थोक और खुदरा दोनों बाजारों में बफर स्टॉक से प्याज दिया जा रहा है। अगस्त के मध्य से 22 राज्यों में विभिन्न स्थानों पर बफर स्टॉक से करीब 1.7 लाख टन प्याज दिया गया। खुदरा बाजारों में, बफर स्टॉक के प्याज को दो सहकारी निकायों भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (एनएएफईडी) की दुकानों तथा वाहनों के जरिए 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर बेचा जा रहा है। दिल्ली में भी बफर स्टॉक का प्याज इसी रियायती दर पर बेचा जा रहा है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मौसम संबंधी कारणों से खरीफ प्याज की बुआई में देरी के कारण कम फसल हुई और फसल की आवक में दरी हुई। अधिकारी ने बताया कि ताजा खरीफ प्याज की आवक अब तक शुरू हो जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भंडारित रबी प्याज खत्म होने और खरीफ प्याज के आगमन में देरी के कारण आपूर्ति की स्थिति खराब है, जिसके परिणामस्वरूप थोक और खुदरा दोनों बाजारों में कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने चालू वर्ष 2023-24 में प्याज के लिए बफर स्टॉक को दोगुना किया है।

# अमेरिका में फिर ताबड़तोड़ गोलीबारी, 18 लोगों की मौत

एजेंसी

**लेविस्टन (अमेरिका)।** अमेरिका के प्रमुख शहर लेविस्टन में गोलीबारी की भयावह घटना को लोग भूल भी नहीं पाए थे कि 24 घंटे के भीतर दोबारा एक सिरफिरे ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर 18 लोगों की जान ले ली। इस गोलीबारी में 13 अन्य लोग घायल हो गए। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी संदिग्ध 40 वर्षीय रॉबर्ट कार्ड की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उसकी तेजी के साथ तलाश की जा रही है। मेन पब्लिक सेफ्टी कमिश्नर माइक सॉस्चक ने कहा कि यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या संदिग्ध किसी



विशिष्ट व्यक्ति को निशाना बना रहा था। यह वारदात एक रेस्तरां में हुई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले लेविस्टन में बुधवार रात एक व्यक्ति द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में 22 लोगों की मौत हो गई। साथ ही 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

# आइपीसी और सीआरपीसी में जल्द होगा बदलाव : शाह

**▶▶ अंग्रेजों के जमाने के कानून होंगे खत्म, तीन नये बिल संसद में पारित होंगे : गृह मंत्री**

`एजेंसी

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर तीन नए विधेयक संसद द्वारा जल्द ही पारित किए जाएंगे।

सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के कैडेट की पासिंग आउट परेड के मौके पर शाह ने कहा कि भारत अंग्रेजों के शासन के दौरान बनाए गए कानूनों को खत्म कर रहा है और



**आइपीएस के कैडेटों को सम्मानित करते गृह मंत्री अमित शाह।**

नए विश्वास और उम्मीदों के साथ नए युग में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मामलों पर संसद की स्थायी समिति तीन नए बिलों का अध्ययन कर रही है और उन्हें जल्द ही पारित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य लोगों के अधिकारों की रक्षा करना है। शाह ने कहा कि महिला आईपीएस कैडेट की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश महिला नीत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## राशन घोटाले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक गिरफ्तार



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कई करोड़ रुपये के कथित राशन वितरण घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में राज्य के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्री को 17-18 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद शुक्रवार को तड़के पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया गया। ईडी अधिकारियों ने कहा कि मलिक को तड़के साढ़े तीन बजे कोलकाता के बाहरी इलाके में स्थित सॉल्ट लेक में उनके आवास से यहां केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय लाया गया। ईडी के अधिकारी ने बताया कि वह सहयोग नहीं कर रहे हैं और कल पूछताछ के दौरान उन्होंने हमारे अधिकारियों को भ्रमित करने वाले और विरोधाभासी जवाब दिए। वह लगातार यही कहते रहे कि वह बीमार हैं इसलिए सवालों का जवाब नहीं दे सकते। हमें घोटाले के संबंध में उनसे कई सवालों के जवाब चाहिए। मंत्री राशन वितरण अनियमितताओं में शामिल रहे हैं। ईडी ने इससे पहले मंत्री बकिबुर रहमान के एक विश्वासपात्र को गिरफ्तार किया था जिसकी रिमांड इस सप्ताह खत्म होने वाली है। केंद्रीय एजेंसी मामले में दोनों का बयान जानने के लिए उन्हें आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है।

# 'मामी' फिल्म फेस्टिवल में शामिल होंगी प्रियंका चोपड़ा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा कई महीनों के बाद मुंबई पहुंची। वह मामी फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंची हैं। यह फेस्टिवल शुक्रवार से शुरू हो रहा है और यह फिल्म फेस्टिवल 5 नवंबर तक चलने वाला है। प्रियंका चोपड़ा का स्टाइलिश लुक ब्लैक क्रॉप टॉप, ग्रे पैंट, ब्लैक जैकेट था।

साथ ही गले में मालती' नाम का पेंडेंट भी आकर्षक था। जैसे ही प्रियंका एयरपोर्ट से बाहर आईं, पपराजी ने उन्हें घेर लिया। नेटिजेंस ने देखा कि एक्ट्रेस इस बार थोड़ी घबराई हुई लग रही थीं। साथ ही प्रियंका को अकेले आते देखा गया और उनके साथ बेटी मालती मैरी नहीं होने से प्रशंसक निराश हो गए।



# हमारी संस्कृति अक्षुण्ण और अटल : प्रधानमंत्री

## स्वामी रामभद्राचार्य की तीन पुस्तकों का किया विमोचन

**सतना (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि मेरा सौभाग्य है कि आज पूरे दिन मुझे अलग-अलग मंदिरों में प्रभु श्रीराम के दर्शन का अवसर मिला और संतों का आशीर्वाद भी मिला। विशेषकर संत रामभद्राचार्य जी का स्नेह जो मुझे मिलता है, वह अभिभूत कर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में इन हजारों वर्षों में कितनी ही भाषाएं आईं और चली गईं। नई भाषाओं ने पुरानी भाषाओं की जगह ले ली, लेकिन हमारी संस्कृति आज भी उतनी ही अक्षुण्ण और अटल है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को चित्रकूट प्रवास के दौरान तुलसी पीठ सेवा न्यास में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। वे यहां दिवंगत अरविंद भाई मफतलाल के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। समारोह के बाद प्रधानमंत्री तुलसी पीठ सेवा न्यास पहुंचे थे। यहां उन्होंने तुलसी पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से भी मुलाकात की। उन्होंने जगद्गुरु रामानंदाचार्य का



आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कांच मंदिर में दर्शन एवं पूजन कर रामभद्राचार्य की प्रशंसा की। उन्होंने संस्कृत के महत्व का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस अवसर पर राम मंदिर के साथ ही चित्रकूट के विकास का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुलामी के एक हजार साल के कालखंड में भारत को तरह-तरह से जड़ों से उखाड़ने के कई प्रयास हुए। हम आजाद हुए, लेकिन जिनके मन से गुलामी की मानसिकता नहीं गई, वे संस्कृत के प्रति बैर भाव पालते रहे। उन्होंने कहा, 'कोई दूसरे देश की मातृभाषा जाने तो ये लोग प्रशंसा करेंगे, लेकिन संस्कृत भाषा जानने को ये पिछड़ेपन की निशानी मानते हैं। इस मानसिकता के लोग पिछले एक हजार साल से हारते आ रहे हैं और आगे भी कामयाब नहीं होंगे। संस्कृत परंपरा नहीं, हमारी प्रगति और पहचान की भाषा है। संस्कृत समय के साथ परिष्कृत तो हुई लेकिन प्रदूषित नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हर देशवासी का बहुत बड़ा सपना पूरा करने में स्वामी रामभद्राचार्य जी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अदालत से लेकर अदालत के बाहर तक जिस राम मंदिर के निर्माण के लिए स्वामी जी ने इतना योगदान दिया, वह भी जल्द तैयार होने जा रहा है।

## पीएम के रूप में मिले उपहारों की नीलामी में शामिल हों लोग

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देशवासियों का आह्वान किया कि वे उन्हें मिले विभिन्न उपहारों और स्मृति चिह्नों की नीलामी में शामिल हों और बोली लगाएं । यह नीलामी दो अक्टूबर को शुरू हुई थी, जो 31 अक्टूबर को समाप्त होगी। नीलामी के लिए इन वस्तुओं को राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में रखा गया है। मोदी ने कहा कि मुझे पिछले कुछ वर्षों में मिले स्मृति चिह्नों की नीलामी को मिल रही भारी प्रतिक्रिया से वास्तव में उत्साहित हूं। जैसा कि आप जानते हैं, इससे होने वाली आय नमामि गंगे को समर्पित है। नीलामी में शामिल वस्तुओं में रामदरबार की प्रतिमा, अमृतसर के स्वर्णमंदिर का मॉडल, कामधेनु और यरूशलम की स्मारिका, भगवान लक्ष्मी नारायण विट्ठल, देवी रूक्मिणी, अरणमूला कन्नडी, भगवान राम, सीता, लक्ष्मी और हनुमान की कांस्य प्रतिमा भी लोकप्रिय सामान में प्रमुख हैं।

## गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा

**लखनऊ।** गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर के एक और मामले में दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले भी एक अन्य गैंगस्टर के मामले में मुख्तार को दस साल की सजा सुनाई जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अवधेश राय की हत्या में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है। मुख्तार अंसारी को अब तक कुल छह मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है। गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर के एक और मामले में दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इससे पहले भी एक अन्य गैंगस्टर के मामले में मुख्तार को दस साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इससे पहले अवधेश राय की हत्या में भी माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सुनाई जा चुकी है। मुख्तार अंसारी को अब तक कुल छह मामलों में सजा सुनाई जा चुकी है।

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
DEALS IN
YAMAHA AHUJA BOSS BasiX CASIO PAiSTe Fender Gibson ESP DigiTech KORG M-AUDIO Ibanez Zildjian Roland Cort Epiphone GRANADA Gibson stranger TAMA
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# प्रतियोगी परीक्षा स्कूली परीक्षा से भिन्न है



**अनल कुमार**



कितना, क्या और कैसे पढ़ें? किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने तथा उसमें सफलता पाने में समय प्रबंधन का विशेष महत्व होता है, इसलिये तैयारी शुरू करने के प्रारंभिक दौर में यह सुनिश्चित करें कि एक दिन में आपके अध्ययन केसमयावधि 4 से 5 घंटों से अधिक न हो। क्योंकि शुरूआत में हमें अध्ययन प्रकिया को भलीभांति समझना है,तत्पश्चात उचित मार्गदर्शन होने पर ही हमें अपने अध्ययन की समयावधि बढ़ानी चहिये।आप तैयारी के प्रारंभ से ही सुनिश्चित करें कि आप महत्वपूर्ण विवरणों, तथ्यों व जानकारियों के लिये प्रॉपरतरीके से नोट्स बना रहे हैं। उदाहरण के लिएः यदि आप शुरू में अध्ययन करने के लिए विषयों में से एक केरूप में इतिहास को चुना है, तो आप घट्ना/ईवेंट का नाम, स्थान (जहां घटना हुई थी), समय/काल, तिथि,उसकी अवधि तथा इसके साथ उससे जुड़े साम्राज्य, कॉलोनी, देश, समूह या लोग (व्यक्ति विशेष) इत्यादिजानकारियों को सारणीबद्ध रूप से कालानुक्रमिक घटनाओं की एक शीट बना रख सकते हैं, तथा संबंधितअतिरिक्त विषयवस्तु के लिये एक अतिरिक्त कॉलम भी बना सकते हैं।

समाचार पत्र और डेली करेंट अफेयर का महत्व है।यदि हम डेली करेंट अफेयर्स (दैनिक समसामयिकी) की बात करें, तो सिविल सेवा परीक्षा की एकीकृत अध्ययनयोजना में इनकी अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अभ्यर्थियों को इस बात

का ध्यान रखना है कि, यूपीएससी परीक्षा में आपको केवल सामान्य अध्ययन (जीएस) विषयों के आधार परनहीं आंकता, बल्कि आयोग वर्तमान घटनाओं जो भारत और दुनिया में हो रही हैं, उनपर अपनी राय और ज्ञानप्राप्त करने का प्रयास करेंगे। उदाहरण के लियेः जैसे यह घटनाएं राष्ट्र को किस प्रकार से और किस क्षेत्र मेंप्रभावित कर रही हैं?, तथा इससे जुड़े कारण या उपाय इत्यादि इसमें शामिल होंगे।याद रखें, वर्तमान मामलों के अध्ययन के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आप उन्हें विस्तृत व खुले दिमाग सेपढ़ें ताकि अगर वहाँ आप की तैयारी से जुड़े विषयों से संबंधित कुछ भी मिलता है, तो आप अपने उत्तरों मेंउसके उल्लेख के लिये एक मानसिक नोट बना सकते हैं। इसलिए, समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसितकरना तैयारी के इस चरण के लिये अनिवार्य है। इन्हें नोट करेंः-

प्रत्येक सप्ताह अपने द्वारा बनाएं गये नोट्स व जानकारियों के संशोधन के लिए भी एक दिन निर्धारित करें।

इस चरण में एकीकृत तैयारी करें तथा प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के कॉमन जनरल स्टडीज पेपर्स / टापिक्सके अध्ययन करें, और साथ ही अपने चयनित वैकल्पिक विषय को भी कवर करने का प्रयास करें।

अगले वर्ष की प्रीलिम्स परीक्षा से केवल 3 महीने पहले आपका ध्यान प्रीलिम्स परीक्षा के लिये गंभीर हो जानाचाहिए।

पिछले साल के प्रश्न पत्रों का विशलेषण करें और उन्हें हल करने का प्रयास करें। हालांकि, आपनी तैयारी केप्रारंभिक स्तर में उन प्रश्न पत्रों को पूरी तरह से हल करने की उम्मीद न करें, लेकिन इस तरह से आप प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के स्तर व अंतर के बारे समझ सकते हैं।

### व्यक्तित्व निर्माण का महत्वः

अपने आप को एक वर्ष के लिए सभी प्रकार के विकृतियों से दूर रखें और सुनिश्चित करें कि आप सभी सोशलमीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग अपनी तैयारी के परिप्रेक्ष्य में करें। सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित या उद्देश्योंवाले फेसबुक पेजों और ग्रुप्स इत्यादि से जुड़ कर अपडेट रहें। किन्तु इसका मतलब यह नहीं है, कि आप अन्यअतिरिक्त पाठ्यचर्या या पाठ्यक्रम गतिविधियों का अध्ययन भूल जाएं! इसलिये, अपने समय का उपयोगस्मार्ट तरीके से करें।

इस दौरान अपने शौक या हॉबी जैसे संगीत, नृत्य, खेल या कुछ भी हो, अपने परिवार और दोस्तों के साथसमय बिताने, फिल्में देखने, मेलजोल इत्यादि के साथ-साथ अपनी दिनचर्या और परीक्षा की तैयारी में

सामंजस्य बनाकर रखें। अपने साथ तैयारी कर रहे साथियों और समूहों के साथ वर्तमान घटनाओं पर चर्चा करेंऔर उनके दृष्टिकोण को समझें, उन्हें समस्या सुलझाने के दृष्टिकोण के रूप में समझ कर याद रखें, विभिन्नघटनाओं व तथ्यों से जुड़ी चीजों को देखने व समझने का आपका दृष्टिकोण तार्किक और विश्लेषणात्मक होनाचाहिए।

**दूसरा चरण : सितंबर से अक्टूबर**

अब सभी व्यापक विषयों के लिए एक त्रैमासिक अध्ययन करने के बाद, आपका दिमाग अब प्रशासन दृष्टि सेविभिन्न चीजों को समझने व अध्ययन करमें में बेहतर हो जाता है। अब इस चरण में एकाग्रता के साथ अन्य 2 से 3 नये विषयों को तैयारी के लिये चुनें और सुनिश्चित करें कि जैसा पहले समझाया गया है, ठीक वैसे हीतैयारी शुरू करें। अब आप अधिक इंटरएक्टिव हो चुके हैं, इसलिए, अब आपको ग्रुप स्टडी और साथियों के साथविभिन्न महत्वपूर्ण चचाओं में शामिल होने और उनका विशलेषण करते हुये अध्ययन करने का समय है।

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में जॉब

**रेलटेल** कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में प्रबंधकीय पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार रेलटेल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन रिक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

रेलटेल कॉर्पोरेशन में प्रबंधकीय पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 21 अक्तूबर 2023 से शुरू हो चुकी है। आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 11 नवंबर 2023 तक है।



**रिक्तियों का विवरण**

रेल टेल की इस भर्ती के तहत 81 पदों को भरा जाना है। रिक्तियों का विवरण आप नीचे देख सकते हैं-

सहायक प्रबंधक (तकनीकी) : 26 पद, उप प्रबंधक (तकनीकी) : 27 पद

डिप्टी मैनेजर (मार्केटिंग): 15 पद

सहायक प्रबंधक (फाइनेंस) : 06 पद

असिस्टेंट मैनेजर (एचआर) : 07 पद

**एजुकेशन क्वालिफिकेशन**

रेल टेल भर्ती के लिए एजुकेशन क्वालिफिकेशन की बात करें तो, एचआर, फाइनेंस, मार्केटिंग में मास्टर ऑफ बिजनेस एटमिनिस्ट्रेशन में डिग्री साथ ही संबंधित क्षेत्र में बीई और बीटेक,बीएससी इंजिनियरिंग, एमएससी डिग्री, डिप्लोमा होनी जरूरी है।

आवेदन शुल्क रेल टेल भर्ती के लिए आवेदन करने वाले ओबीसी और सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 1200 रुपये है, जबकि एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 600 रुपये है। फीस का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना चाहिए।

वेतन रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की इस भर्ती के तहत चयनित उम्मीदवारों को उनके पद के अनुसार वेतन दिया जाएगा। नीचे आप देख सकते हैं किस पद के उम्मीदवार को कितना वेतन मिलेगा।

सहायक प्रबंधक (तकनीकी)- 30,000 से 1,2, 000 रुपए

उप प्रबंधक (तकनीकी)- 40,000 से 1,40,000 रुपए

डिप्टी मैनेजर (मार्केटिंग)- 40,000 से 1, 40,000 रुपए

सहायक प्रबंधक (फायनेंस)- 30,000 से 1,20,000 रुपए

असिस्टेंट मैनेजर (एचआर) 30,000 से 1,20,000 रुपए

**हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड** (एचएएल) में मैनेजर और अन्य पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एचएएल की आधिकारिक वेबसाइट ँह्ल-ल्र्लंृ्ङ्क.ल्ल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आखिरी तारीख 30 नवंबर 2023 तक है।

**रिक्तियों का विवरण**

एचएएल भर्ती अभियान संगठन में 84 पदों को भरेगा। रिक्तियों का विवरण आप नीचे देख सकते हैं-

सीनियर टेस्ट पायलट (एफडब्ल्यू) / टेस्ट पायलट (एफडब्ल्यू): 02 पद

मुख्य प्रबंधक (सिविल): 01 पद

वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल): 01 पद

उप प्रबंधक (सिविल): 09 पद

प्रबंधक (आईएमएम) कः 05 पद

उप प्रबंधक (आईएमएम): 12 पद

इंजीनियर (आईएमएम): 09 पद

उप प्रबंधक (वित्त): 09 पद

वित्त अधिकारीः 06 पद

उप प्रबंधक (एचआर): 05 पद

उप प्रबंधक (कानूनी): 04 पद

उप प्रबंधक (विपणन): 05 पद

सुरक्षा अधिकारीः 09 पद

अधिकारी (अधिकारी भाषा): 01 पद फायर ऑफिसरः 03 पद

इंजीनियर (सीएस) (कॉम्प्लेक्स ऑफिस): 03 पद

## हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, बेहतर लाईफ

**हेल्थ** केयर सेक्टर में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए यह सेक्टर बहुत शानदार है। क्योंकि इस सेक्टर में फिलहाल बहुत कम लोग इस क्षेत्र में है। जब पूरी दुनिया कोरोना की चपेट में थी तब हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है।

**आइए जानते हैं क्या है हास्पिटल मैनेजमेंट**

हास्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के अंतर्गत आता है। हेल्थकेयर सेक्टर से जुड़े प्रफेशनल्स मानते हैं कि हेल्थ से संबंधित सर्विसेस के विस्तार के साथ ही हास्पिटल मैनेजमेंट में काम बढ़ गया है। इसमें सभी व्यवस्थाओं को सुनियोजित करना और पैनी नजर बनाए रखना होता है। मरीजों को इलाज में बेहतरीन कुशल तंत्र मिले, इसके प्रयास करने होते हैं। अच्छे डाक्टरों को जोड़ना, आधुनिक उपकरणों और नई-नई तकनीक की व्यवस्था भी करना, सभी हास्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आता है। अस्पताल की वित्तीय व्यवस्था, कर्मचारियों की सुविधा आदि का कार्य भी इन्हें ही करना होता है।

### महत्वपूर्ण है यह सेक्टर

हास्पिटल मैनेजमेंट के अंतर्गत केंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार भी इस कोर्स के दायरे में आता है। एक सर्वे के मुताबिक साल 2025 तक भारत में 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

**यह भी हैं कोर्स**

0-ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट

0-पोस्ट ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट

0-सर्टिफिकेट कोर्स इन हेलथ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट

0-पीजी डिप्लोमा इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन

0-पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन

0-एमबीए इन हास्पिटल मैनेजमेंट

**कितने साल का है यह कोर्स**

0-बैचलर कोर्सः12वीं में साइंस 50 प्रतिशत के साथ

0-पीजी कोर्सः ग्रेजुएशन इन हास्पिल मैनेजमेंट

0-एमफिल या पीएचडीः पीडी हास्पिटल मैनेजमेंट

**यहां से करें कोर्स**

0-एम्स, नई दिल्ली

0-देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

0-टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज, मुंबई

0-अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

0-आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

0-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

**यहां है जॉब के अवसर**

देश में सरकारी और प्राइवेट दोनों ही क्षेत्रों में नौकरी के काफी चांसेस हैं। इंटरनेशनल और डोमेस्टिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, नर्सिंग होम में नौकरी मिल सकती है- अपोलो अस्पताल, वाक हार्ट, मैक्स, फोर्टिस, टाटा, डंकन विप्रो । इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, फोर्टिस हेल्थ केयर लिमिटेड, अपोलो हेल्थ केयर जैसी बड़ी कंपनियों में नौकरी लग सकती है और करियर शुरू हो सकता है।

# देश से बाहर पढ़ने का क्रेज

**प्रशांत झा**



पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं-



### ईयूगेटवे

ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। ेि४३ी६ं८.ल्ल पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ?क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरूआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

## एक अरब जॉब की संभावना देश में 2030 तक 1.1 अरब लोगों के पास होगा इंटरनेट

**अल्फा बेटा** कंपनी के एक सर्वे के अनुसार देश में मौजूदा कुल कर्मचारियों में 2 करोड़ 7 लाख कर्मचारियों को अगले वर्ष तक नौकरी जारी रखने के लिए डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। ऐसे में आप भी डिजिटल स्किल हासिल कर भविष्य की नौकरियों के योग्य बन सकते हैं।

एस एंड पी ग्लोबल द्वारा जारी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में चल रहे डिजिटल परिवर्तन से आने वाले वर्षों में ई कॉमर्स सेक्टर के विकास में और तेजी आएगी। क्योंकि टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और सस्ते इंटरनेट के कारण लगातार इंटरनेट इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 69 करोड़ लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसमें जनवरी 2023 के एक आंकड़े के अनुसार 46 करोड़ से अधिक युवा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। एस एंड पी ग्लोबल के ताजा सर्वे में ये सामने आया है कि अगर इसी तरह भारत डिजिटल सेक्टर में प्रगति करता रहा तो 2030 तक 1.1 अरब भारतीयों के पास इंटरनेट होगा। जबकि 2020 में देश में इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों की संख्या केवल 50 करोड़ थी। अब युवाओं के लिए काम की खबर ये है कि 2030 तक भारत में 9 करोड़ से अधिक नौकरियां निकलेंगी। जिसमें कंस्ट्रक्शन सेक्टर, आईटी इंडस्ट्री और डिजिटल सेक्टर प्रमुख होंगे। ई कॉमर्स सेगमेंट बढ़ने से अकेले डिजिटल सेक्टर में करोड़ों नौकरियां होंगी। मैंकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुसार आने वाले वर्षों में जॉब में बने रहने के लिए दुनियां में 7 करोड़ से लेकर 37 करोड़ तक युवाओं को नई स्किल्स सीखनी होंगी। ऐसे में ये तय है कि आने वाले वर्षों में केवल उन्हीं युवाओं को नौकरियां मिलेंगी जिन्होंने कुछ न कुछ स्किल हासिल कर रखी होगी। अगर आप भी अनस्किल्ड हैं और रोजगार की आपको तलाश है तो रअऋअछळअ के एडवांस सर्टिफिकेशन इन डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम का हिस्सा बनिये और पाइये 3 महीने का ऑनलाइन प्रोग्राम। जिसमें आप 20 से ज्यादा टूल्स और मॉड्यूल्स सीखेंगे। इसके बाद 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग का मौका। इस ट्रेनिंग से आपको पता चलेगा कि कैसे कॉरपोरेट सेक्टर में आप काम करेंगे।

### प्रोफेशनल डिजिटल मार्केटिंग क्या कहता है सर्वे

एमेजन वेब सर्विसेज और अल्फा बेटा के एक सर्वे के अनुसार देश में मौजूदा कुल कर्मचारियों में 2 करोड़ 7 लाख कर्मचारियों को अगले वर्ष तक नौकरी जारी रखने के लिए डिजिटल स्किल सीखने की जरूरत है। यानी तेजी से बदलते डिजिटल परिवेश के कारण नौकरियों का ढांचा बदल रहा है। यानि आने वाले समय में नौकरियों के ढांचे बदल रहे हैं

**100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस**
**100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस**
**20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स**
**8+ लाइव प्रोजेक्ट्स**
**गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण**
**साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन**
**एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास**
**कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स**

### आपको क्यों सीखनी चाहिए डिजिटल मार्केटिंग

भारी डिमांड : आज के समय में डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र में स्किल्ड युवाओं की भारी डिमांड है। लिंक्डइन के अनुसार ऑनलाइन मार्केटिंग सेक्टर 2023 में लाखों युवाओं के लिए नौकरी के दरवाजे खोल रहा है। क्योंकि हर कंपनी, हर ब्रांड ऑनलाइन मार्केटिंग पर लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।

हाई पेइंग जॉब्स : डिजिटल मार्केटिंग फील्ड में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण इस फील्ड में करिअर बना रहे युवाओं को आकर्षक सैलरी पर नौकरी दी जा रही है।

फास्ट ग्रोइंग इंडस्ट्री : डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री इस समय सबसे तेजी से ग्रोथ कर रही है। आने वाले 4 सालों में इस इंडस्ट्री के 75 हजार करोड़ के बनने के आसार हैं।

बेटर जॉब सिक्यूरिटी : इस क्षेत्र में काम करने जा रहे युवाओं को नौकरी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि अब ऑनलाइन टिकटिंग से लेकर, कपड़ा, इलेक्ट्रिक सामान व राशन डिलीवरी तक अधिकांश काम ऑनलाइन ही रहे हैं।

मल्टीपल स्किल ओरिएंटेड जॉब : डिजिटल मार्केटिंग स्किल्ड युवा को नौकरी की कमी नहीं रहेगी क्योंकि वह इस स्किल के अंदर एसईओ, सोशल मीडिया मैनेजर, एसईएम एक्सपर्ट्स, एनालिटिक्स मैनेजर, कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर आदि स्किल्स को हासिल कर लेता है।

डिजिटल मार्केटिंग मॉक टेस्ट

### सफलता के साथ बनाएं अपना करियर

देश की जानी - मानी ऐडटेक कंपनी सफलता ने युवाओं की मदद के लिए कई प्रोफेशनल और स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरूआत की है जहां से आप घर बैठे खुद को एक किसी फील्ड का प्रोफेशनल बना सकते हैं। यहां डिजिटल मार्केटिंग के अलावा भी कई कोर्स मौजूद हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए भी सफलता पर लगभग सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोर्सेज हैं। यहां से पढ़कर सैकड़ों युवाओं ने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में शानदार नौकरियां हासिल की हैं। तो फिर देर किस बात की आज ही सफलता से जुड़ें और अपना शानदार करियर बनाएं। आप अपने फोन में डाउनलोड करके भी इन कोर्सेज से जुड़ सकते हैं।

## एयरटेल एक्सट्रीम प्ले की पेड सब्सक्राइबर्स 5 मिलियन पार

**आई टी** सेक्टर में देश लगातार विकास कर रहा है। भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) की वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, एयरटेल एक्सट्रीम प्ले के पेड सब्सक्राइबर्स की संख्या अक्टूबर महीने में पाँच मिलियन (50 लाख) के आंकड़े को पार कर गई है। इसके साथ ही यह देश में अभी भी सबसे तेजी से बढ़ रहा ओटीटी एग्रीगेटर बना हुआ है। कंपनी ने आज इसकी जानकारी दी।

एयरटेल एक्सट्रीम प्ले एक सिंगल ऐप पर संग्रहित ओटीटी कंटेंट का भारत का सबसे बड़ा संकलन प्रदान करता है। इसके ग्राहकों को सोनी लिव, लायंसगेट ए?ले, चौपाल, होईचोई, फैनकोड, मनोरमा मैक्स, शेमारू मी, ऑल्ट बालाजी, अल्ट्रा, इरोज नाउ , एपिकऑन, डॉक्यूबे, प्लेफ्लिक्स आदि जैसे पार्टनर्स के उत्कृष्ट कंटेंट प्राप्त होते हैं। वे एयरटेल एक्सट्रीम ऐप पर न्यूनतम 148 रुपये के रिचार्ज के द्वारा 20 कंटेंट पार्टनर्स के 40,000 से अधिक मूवी टाइटल्स और शोज देख सकते हैं। कंपनी के इस सफलता से पीछे कंपनी की सेवा और विश्वसनीयता है।